

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 334 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 21 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# महिला आरक्षण बिल को लेकर UN ने दिया बयान, जताई सभी पार्टियों के साथ आने की उम्मीद

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्लीः संयुक्त राष्ट्र ने उम्मीद जताई है कि भारत में महिला आरक्षण विधेयक का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दल एक साथ आएंगे, क्योंकि नीतियों और राजनीति में लैंगिक आधार पर आरक्षण दिया जाना समानता और महिलाओं के अधिकारों के लिहाज से महत्वपूर्ण है.

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी 'यूएन वुमेन' ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने से 'भारत उन 64 देशों में शामिल हो जाएगा', जिनकी संसदों में महिलाओं के लिए आरक्षण है. 'यूएन वुमेन' ने एक बयान में कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत का महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व हासिल करना महिला सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक है.

'यूएन वुमेन' में भारत की प्रतिनिधि सुजैन फर्गुसन ने कहा, "महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने से भारत दुनिया के उन 64 देशों में शामिल हो जाएगा, जिनकी संसदों में महिलाओं के लिए सीट आरक्षित की गई हैं." उन्होंने कहा, 'हालांकि, हमें उम्मीद है कि इस तरह के आरक्षण को लागू करने से अंततः दुनिया भर की संसदों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हासिल हो सकेगा.' सरकार ने मंगलवार को नए संसद भवन में 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम' पेश किया, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है.




# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में होगा उद्घाटन




**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश, भारत- उत्तर प्रदेश का पहला चिरप्रतीक्षित व्यापार मेला, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 21 से 25 सितंबर तक सभी के स्वागत के लिए तैयार है। यह मेला पिछले कुछ सालों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुए शानदार विकास की झलक दिखाएगा। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के परिसर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जहां यूपी सरकार अपने प्रदेश के व्यापार, नवाचार, समृद्ध संस्कृति, शिल्प और व्यंजनों को प्रदर्शित करेगी। यह किसी भी राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया अपनी तरह का पहला व्यापार मेला है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का भव्य उद्घाटन 21 सितंबर 2023 को होने वाला है। पहले यूपी ट्रेड शो का उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा।

यूपी सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता "नंदी", सूक्ष्म, लघु औड्ट मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान और लोक निर्माण मंत्री ब्रिजेश सिंह अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

# नारीशक्ति वंदन बिल। महिला नेत्रियों ने जताई खुशी

दैनिक समाज जागरण

शहडोल। संसद में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण बिल पर जिले की विभिन्न राजनीतिक दलों की महिलाओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भारतीय जनता पार्टी ने इस अधिनियम का स्वागत करते हुये देश के सर्वांगीण विकास में आधी आबादी की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने को एक ऐतिहासिक कदम बताया है। वहीं कांग्रेस नेत्रियों ने कहा है कि महिलाओं को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में ही महिला आरक्षण विधेयक पारित करवा दिया था। इनका कहना है कि महिलाओं को विधानसभा एवं संसद में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिये। इससे महिला एवं पुरुष के बीच गैरबराबरी समाप्त होगी। नारी शक्ति का पूर्ण योगदान मिलने पर देश का तेजी के साथ विकास होगा

### महिलाओं के लिए गौरव और स्वर्णिम दिनः कुसुम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला उमरिया की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सिंह ने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं के लिए गौरव और स्वर्णिम दिन रहा है मोदी सरकार और उनकी कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल को मंजूरी देकर लोकसभा में पेश किया है और पूरा भरोसा और विश्वास है यह बिल पास ही हो जाएगा। इस बिल के आने से नए भारत के निर्माण में महिला आरक्षण मिल का पत्थर साबित होगा। भारत के राजनीति में और देश के नीति निर्माण में अब महिलाओं की एवं भूमिका होगी इस बिल के बिल पास होते ही महिलाओं के अधिकार संरक्षण और संवर्धन के नए अध्याय की शुरूआत हो जाएगी और देश में महिलाओं के लिए नए-नए सोपान तय होंगे और महिलाओं के तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।



### राजनीति में बढ़ेगा प्रतिनिधित्वः संचिता

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा शहडोल की जिला महामंत्री संचिता सरवटे ने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया है जिसके लिए मैं खासकर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूं। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान करता है। इस विधेयक के पारित होने से महिलाओं का राजनीति में प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और उन्हें अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का अवसर मिलेगा ,यह विधेयक लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। सरवटे ने कहा कि एक महिला के रूप में मैं इस विधेयक को बहुत महत्वपूर्ण मानती हूं। यह विधायक हमें राजनीति में भाग लेने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का अवसर देगा और महिलाओं को समझ में एक समान स्थान देगा। उन्होंने आशा करते हुए कहा कि यह विधेयक शीघ्र ही पारित हो जाएगा और महिलाओं को राजनीति में समान अवसर मिलेंगे।

### देश के विकास को लगेंगे पंखः रामवती

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामवती सिंह ने महिलाओं को आरक्षण देने के संबंध में पारित बिल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे केंद्र की मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम बताया है उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान देश एवं प्रदेश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं आरक्षण विधेयक के चलते महिलाएं अन्य सभी क्षेत्र के साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी पुरुषों की बराबरी में पहुंच कर देश के विकास को पंख लगा सकेगी। घर गृहस्थी को सुचारू रूप से चलने वाली महिलाएं अब देश और प्रदेश को अच्छे से चलने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को कोटी शहर धन्यवाद देते हुए कहा है कि मोदी ने अपनी धन इच्छा शक्ति के चलते यह कर दिखाया जो कि कांग्रेस आजादी के बाद कई दशकों के कार्यकाल में नहीं कर सकी।

'इन्डिया' गठबंधन के तहत कांग्रेस के बाद 'आप ' 2 और फिर इनेलो की 3 सीटों की हो सकती है माँग

# सभी 10 सीटों पर तीनों पार्टी के नेताओं में अपना उम्मीदवार उतारने के लिए मचेगी खींचतान

## कांग्रेस की लम्बे समय से सभी 10 सीटों पर मजबूत उम्मीदवारी और मतदाताओं की माँग, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा नहीं हैं कोई भी लोकसभा सीट छोड़ने को तैयार

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब और चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल ( इनेलो) से कांग्रेस के गठबंधन की चचाओं पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भड़क गए हैं। पार्टी सूत्रों की माने तो उन्होंने इसको लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से नाराजगी जताई है। उन्होंने पार्टी छोड़ने की धमकी दी है। पूर्व मुख्यमंत्री अपने बेटे और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और अपने दिग्गज हरियाणा कांग्रेस के नेताओं के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।

इनेलो ने हरियाणा में होने वाली 25 दिसंबर को सम्मान दिवस रैली का न्योता सोनिया गांधी को भेजा है। हुड्डा ने संकेत दिए हैं कि वह इस रैली में शामिल नहीं होंगे।












### इन्डिया' गठबंधन में हरियाणा में ज्यादा सीटें फंसेंगी भंवर में

हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर 'इन्डिया' गठबंधन की हिस्सा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में घमासान तय है। 25 सितंबर को पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के जयंती समारोह में कैथल में यदि इंडियन नेशनल लोकदल भी 'इन्डिया' का हिस्सा बन जाता है तो यह घमासान और अधिक बढ़ जाएगा।

### सभी 10 सीटों पर अपने को मजबूत मान रही कांग्रेस

पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर ताल ठोंक चुकी कांग्रेस को लग रहा है कि इस बार वह सबसे मजबूत स्थिति में है। ऐसे में कांग्रेस अपने सहयोगी दल आम आदमी पार्टी और संभावित सहयोगी दल इंडियन नेशनल लोकदल के लिए उनकी पसंद की लोकसभा सीटों को छोड़ देगी, इसकी संभावना बहुत कम नजर आ रही है।



सीटों के बंटवारे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल व इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के बीच विवाद होना तय माना जा रहा है।

### इनेलो रख सकती है जिन सीटों पर अपना दावा

**इनेलो इन सीटों पर करेगी दावा**

इनेलो के अभय सिंह चौटाला यह स्पष्ट संकेत दे चुके हैं, जब राज्य की 10 लोकसभा सीटों के बंटवारे की बात आएगी तो इनेलो की ओर से सिरसा, हिसार और भिवानी की लोकसभा सीटों पर दावा किया जाएगा। वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से कांग्रेस से सिरसा व अंबाला लोकसभा सीट भी मांगी जा सकती है।

### कांग्रेस लहर में कोई दिग्गज अपनी सीट छोड़ने को नहीं होगा तैयार

हरियाणा में लोकसभा चुनाव में यदि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का दबाव भी रहा तो हुड्डा सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़ समेत कोई सीट आसानी से छोड़ने को तैयार हो जाएंगे, इसकी संभावना बहुत कम है। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा अंबाला से चुनाव लड़ने को तैयार हैं। किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी महेंद्रगढ़-भिवानी से दावेदार हैं।

कैप्टन अजय यादव ने अभी तक लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी के लिए अपने पत्ते नही खोले हैं, लेकिन, चुनाव निकट आने पर उनका रुख क्या होगा, इस पर अगर यादव परिवार अपना दावा कर सकते हैं। उन्हें गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों के कार्यक्रमों में अध्यक्षता करते देखा गया है। पिछला लोकसभा चुनाव स्वयं भूपेंद्र हुड्डा ने सोनीपत से और उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक से लड़ा था। ऐसे में इन तीनों दलों में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर कोई सहमति बहुत आसानी से बन पाएगी, ऐसा राजनीतिक विश्लेषक बिल्कुल भी मानकर नहीं चल रहे हैं।

# हरियाणा सरकार गरीब परिवारों को देगी मुफ्त आवास

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ः हरियाणा सरकार ने कई गरीब परिवारों को मुफ्त आवास देने का बड़ा निर्णय लिया है, जिसमें लगभग 4,000 लोगों को सरकारी योजना के तहत आवास मिला है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पानीपत के समाल्हा में सेवा साधना केंद्र पतिकल्याणा नामक स्थान का दौरा किया है। जिसके दौरान उन्होंने कहा लोगों की जरूरतों को पूरा करके उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत जाएगी। और यह कार्य आरम्भ हो गया है।

### 1000 प्लस सफाई कर्मचारियों की भर्ती

हरियाणा सरकार ने गरीबों को घर मुहैया कराना के अलावा जल्द ही 1000 प्लस सफाई कर्मचारियों की भर्ती का भी ऐलान किया है। सरकार के पास लोगों की मदद के लिए कई कार्यक्रम हैं। ये कार्यक्रम लाभार्थियों को बुजुर्गों के लिए नकद और शैक्षिक सहायता जैसे लाभ प्रदान करते हैं।

### विशेष कार्ड और पेंशन

सरकार ने लोगों को अपनी संपत्ति का मालिकाना हक भी दिया और कुछ क्षेत्रों को वैध कर दिया। उनका पूर्व पहचान पत्र नामक एक कार्यक्रम है जो लोगों को एक विशेष कार्ड और पेंशन देता है। सरकार ने भ्रष्टाचार को कम करने और कार्य आचरण में पारदर्शिता बढ़ाने का भी वादा किया है।

# महिला आरक्षण बिल केवल 2024 के मद्देनजर एक घोषणा पत्र:सुमन सिंह

शावेज अहमद रामपुर। महिला आरक्षण बिल पर रालोद महिला प्रकोष्ठ की महासचिव सुमन सिंह ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जितना उत्साह और खुशी कल थी सरकार ने उस पर पानी फेर दिया। जनगणना के बाद परिसीमन होकर इस बिल को लागू किया जाएगा। तब तो अगले 5-6 साल तक ये लागू होने वाला नहीं हैं। जब आप इसे लागू ही नहीं कर रहे तो आप इस बिल को लेकर क्यों आए क्या ये केवल 2024 के चुनाव के मद्देनजर एक घोषणा मात्र हैं। हमारा दल हमेशा से संसद में महिलाओं के भागीदारी का सशक्त पैरोकार रहा हैं हमने अपने 2022 के संकल्प पत्र मे सशस्त्र बलों में 50 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए सुनिश्चित करने का संकल्प लिया था। सरकार इसपर सकारात्मकता से आगे बढे सभी दलों का सहयोग और समर्थन मिलेगा।




## विशेष समाचार

# इनेलों से गठबंधन करने पर भूपेंद्र हुड्डा ने दी पार्टी छोड़ने की धमकी

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण, हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़-

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को साफ सन्देश , इनेलो से गठबंधन हुआ तो पकड़ सकते हैं अपनी अलग राह

इनेलो की 25 सितम्बर की रैली से पहले हुड्डा पिता पुत्र ने दिल्ली में डेरा डाला



# कार्बन उत्सर्जन से धधकती पृथ्वी, भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग से हो जाएगा जीना दूभर।

**दैनिक समाज जागरण**

भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है' इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा है' अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54% अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50% से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175% की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11% की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74% है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# नारी शक्ति की वंदना या हाथ में झुनझुना

**दैनिक समाज जागरण**

संसद के विशेष सत्र में जो निकला वो न चौंकाने वाला निकला और न देश की राजनीति की काया पलट करने वाल। केंद्र सरकार ने बहु प्रतीक्षित महिला आरक्षण विधेयक का नाम भर नहीं बदला बल्कि उसमें इतने पेंच डाल दिए कि देश की महिलायें उन्हें सुलझाते-सुलझाते बूढ़ी हो जाएँगी ,लेकिन पेच दूर नहीं होंगे। गोदी मीडिया इस विधेयक को केंद्र सरकार का ' ब्रम्हास्त्र ' बता रहा है किन्तु ऐसा हकीकत में है नहीं। हकीकत और अफसाने में बहुत अंतर है।

जुमलेबाजी में सिद्धहस्त केंद्र सरकार और सरकारी पार्टी की और से महिला आरक्षण विधेयक का नाम अब नारी शक्ति वंदन विधेयक कर दिया है। जुमलेबाज जानते हैं कि इसे 'नयी बोतल में पुरानी शराब ' की पैकिंग कहा जाता है। यानि कुछ बदला नही। सब कुछ ठीक वैसा ही जैसा पहले था। डॉ मनमोहन सिंह की सरकार में भी और अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में भी कुछ नहीं बदला था । इस विधेयक की कल्पना करने वाली कांग्रेस की सरकार में भी। सब महिलाओं की वंदना तो करना चाहते हैं लेकिन महिलाओं कि प्रति ईमानदार नहीं है । ये बेईमानी कल भी थी और आज भी है और शायद कल भी रहेगी। नारी समाज की असल वंदना तो राजीव गांधी पहले ही स्थानीय निकायों और पंचायत चुनावों में आरक्षण का प्रावधान करके कर ही चुके थे।

देश की आधी आबादी को उसका पूरा हक देने कि लिए कोई दिल से राजी नहीं है। आज की सरकार भी नहीं। आज की सरकार ने भी देश की आधी आबादी यानि महिलाओं कि हाथ में एक ऐसा झुनझुना पकड़ा दिया है जिसे वे बजाती रहें और अधिकार पाने का ख्वाब देखकर मुदित होती रहें,मन कि लड्डू कि खाती रहें। कम से कम उन्हें इस वंदना विधेयक को कानूनी जामा पहनते हुए देखने कि लिए 2027 यानि चार साल और इंतजार करना होगा। इन चार सालों में देश और दुनिया कहाँ जाएगी ,कोई नहीं जानता। अब महिलाओं को यदि अपनी वंदना करना है तो सबसे पहले तो वे विधेयक लाने वाली सरकार को अपना वोट दें। फिर लोकसभा क्षेत्रों कि परिसीमन की प्रतीक्षा करें और इसके साथ ही 2027 में होने वाली जनगणना का इन्तजार भी करें।

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा महिलाओं को झुनझुना पकड़ाकर 2024 कि आम चुनाव में विजयश्री हासिल करना चाहती है ,लेकिन ऐसा होगा नही। अब देश की आधी आबादी काफी समझदार हो गयी है । उसके हाथ में झुनझुना या लालीपाप पकड़कर उसे बहलाया नहीं जा सकता । उसे राष्ट्रपति कि पद पर एक आदिवासी महिला को बैठकर भी मूर्ख नहीं बनाया जा सकता ,क्योंकि आधी आबादी को पता है की सत्तारूढ़ पार्टी की महिलाओं को लेकर मानसिकता क्या है ? भाजपा ने अपने चारों तरफ लहलहा रही अविश्वास की फसल से घबड़ाकर ये सब ठठकर्म किया है। किन्तु नारी शक्ति की आभासी वंदना करके वो न अडानी से अपने रिश्तों




और आरोपों से बच सकती है और न देश में नफरत की खेती करने कि आरोप से। दुनिया जानती है और आधी आबादी भी जानती है कि सरकार और सरकारी पार्टी के ' मुंह में राम और बगल में छुरी ' है। उसकी न चाल बदली है , न चेहरा। चरित्र तो बिलकुल नहीं बदला। सरकार और सरकारी पार्टी कि नेता कितने भी मुखौटे लगा लें उनका असली चेहरा आधी आबादी को ही नहीं बल्कि पूरी आबादी को नजर आ रहा है। इस विधेयक में जो विसंगतियां आज से एक दशक पहले थीं वे आज भी है। आज भी कोटे कि भीतर कोटे की व्यवस्था नहीं है इसलिए इस विधेयक का कानून बनना आसान नही। संसद में भले ही इस विधेयक की विसंगतियों पर उंगली उठाने वाले शरद यादव,मुलायम सिंह यादव और लालू यादव नहीं हैं लेकिन उनके वशंज तो हैं। मायावती नहीं हैं लेकिन दूसरी महिलाएं तो हैं जो जानती है कि इस विधेयक से सकल नारी समाज की शक्ति की वंदना नहीं हो सकती। इसमें बहुत कुछ उल्ट-फेर करने की जरूरत होगी।

देश में तमाम पुण्य कार्यों कि लिए अवतार लेने वाले हमारे भाग्यविधाता खुद भी गफलत में हैं और पूरे देश को गफलत में डालने की कोशिश कर रहे है। वे संख्या बल कि आधार पर इस आभासी वंदना विधेयक को सदन कि दोनों सदनों में अब्बल तो पारित करा नहीं सकते और यदि करा भी लें तो इस विधेयक कि कानून बनने से वे आधी आबादी कि साथ न्याय नहीं कर सकते। सरकार और सरकारी पार्टी का आत्मविश्वास इतना है की वो आज से लेकर 2047 तक सत्ता में बने रहने का ख्वाब देख रही है। ख्वाब देखने पर इस देश में कोई पाबंदी नहीं है। पाबंदी है तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर। सरकार जब चाहे तब इंटरनेट की ' कान-कुच्ची ' कर देती है। दुनिया में अभिव्यक्ति कि सबसे बड़े कलियुगी तंत्र इंटरनेट की सबसे ज्यादा ' कान-कुच्ची ' दुनिया में अगर कहीं होती है तो वो देश है हमारा प्यारा भारत देश। हम लोकनिंदा से भी नहीं डरते। दुनिया हमारी आलोचना करती है ,तो करती रहे। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम इस मामले में बनाये जाने वाले इंडेक्सों में लगातार नीचे गिरते जाते हैं किन्तु हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम निंदा प्रूफ राष्ट्र हैं। सरकार और सरकारी पार्टी ने आगामी महीने में होने वाले पांच राज्यों कके चुनावों में उतरने से पहले जो जिरह बख्तर पहना है उसके ऊपर पहले सनातन पर खतरे और जी-20 की कामयाबी कि तमगे लगाए गए थे किन्तु उनकी हवा दो दिन में ही निकल गयी। हारकर सरकार और सरकारी पार्टी को महिला आरक्षण विधेयक की याद आयी और उसने इस विधेयक का नाम बदलकर नारी शक्ति वंदन विधेयक कर दिया। नए विधेयक को लाने कि लिए नए संसद भवन में प्रवेश का इन्तजार किया। लेकिन केवल भवन बदलने से क्या सब कुछ बदल जाता है ? नया भवन भी पुराने संसद भवन की तरह हंगामे में डूबा है ,बल्कि नए भवन में पुराने भवन से ज्यादा प्रतिध्वनिया [ईको ] सुनाई दे रहीं हैं। नए भवन में प्रवेश करते समय भी सरकार कि साथ विपक्ष नहीं था। विपक्ष पीछे था ,सबसे आगे अवतार पुरुष और उनकी भक्तमंडली थी। नए संसद भवन में प्रवेश कि चित्र तब ज्यादा प्रभावी होते जब उसमें पहली पक्ति में पंतप्रधान कि साथ कॉकस कि बजाय विपक्ष कि नेता और संसद के पीठासीन अधिकारी भी नजर आते।

बहरहाल बात नारी शक्ति वनदन विधेयक की हो रही है । मैंने बीते रोज अपने आलेख में इस विधेयक कि आने की सुगबुगाहट के बीच महिलाओं से मंगल गीत गाने का आव्हान किया था। अब मै अपने आव्हान को वापस लेता हूँ क्योंकि इस विधेयक में नारियों कि मंगल के लिए तत्काल कुछ नहीं है । उन्हें ' आकाश - कुसुम ' दिखाए गए हैं। झांसा दिया गया है। ' हिप्टोनाइज ' किया गया है। आँखों में धूल झौंकी गयी है झौंकी गयी है। मजा तब आता जब सरकार और सरकारी पार्टी ईमानदारी का प्रदर्शन करती। सरकार और सरकारी पार्टी कि पास ईमानदारी नाम की चीज है हीनहीं शायद। सरकार और सरकारी पार्टी का चरित्र ही सियासत कि लिए आँखों में धूल झौंकने का है। मध्यप्रदेश में आधी आबादी का वोट कबाड़ने कि लिए उन्हें राखी कि रिश्ते पर लाकर बदले में एक हजार रुपया महीना की रिश्वत दी जा रही है। सस्ती रसोई गैस का उपहार दिया जा रहा है लेकिन सत्ता में भागीदारी कि लिए कोई कुछ करने कि लिए तैयार नहीं है।

नारी शक्ति वंदना के लिए विधेयक लाने वाली सरकारी पार्टी ने पिछले दो दशक में अपनी ही पार्टी की महिलाओं को सत्ता से अलग किया । सबसे पहले मध्यप्रदेश में उमा भारती इसका शिकार हुई और बाद में गुजरात में आदि बेन पटेल। 2014 कि आने से पहले सरकारी पार्टी की सबसे बड़ी नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज कि साथ भी यही हुआ। उन्हें धकियाकर ही तो नया नेतृत्व आपके और देश कि सामने आया। तुर्रा ये है कि भगवान ने तमाम पुण्य कार्यों कि लिए उन्हें ही चुना है। भगवान कि चुनाव पर मै कोई उंगली उठाने वाला नहीं हूं ,क्योंकि उनके चुनाव के नेतृत्व में ही इस देश और दुनिया ने मणिपुर को जलते हुए देखा है । वहां आग आज भी सुलग रही है ,धुंआ आज भी उठ रहा है। इस नेतृत्व में जम्मू -कश्मीर की जनता से वादा खिलाफी की गयी । आज चार साल बाद भी न जम्मू-कश्मीर को उसकी राज्य की हैसियत मिली और न आतंक से मुक्ति । आज भी वहां सैनिकों को शहादतें देना पड़ रही हैं।

मुझे आशंका है कि संसद का विशेष सत्र कुछ विशेष किये बिना ही हंगामे की भेंट चढ़ेगा। अहमन्यता कि बोझ से दबकर सिसकेगा। नए संसद भवन में इतिहास बनते-बनते बिगड़ जाएगा और एक नयी कड़वाहट कि साथ इसका आगाज याद किया जाएगा। नए संसद भवन का नाम जरूर लुभावना है। हम इसे संविधान सदन कि नाम से जानेगे। नए विधेयक कि लिए न सही किन्तु नए नाम कि लिए सरकार को बधाई। नाम बदलने और रखने में हमारी सरकार की कोई सानी है नहीं। मनमानी भी एक बड़ा सरकारी लक्षण है। गलतबयानी इस लक्षण का सहोदर है। मौन इन सबका संरक्षक है। कुल मिलाकर महिलाओं की शक्ति की वंदना कब होगी कोई नहीं जानता। हमारे यहां कहा गया है कि -' न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी । वैसे भी नयी संसद गोल नहीं है उसका आंगन भी टेढ़ा है। राधा टेढ़े आंगन में भी नहीं नाचती। देश राधा को नाचते हुए देखना चाहता है और सत्ता की राधा सबको छका रही है।

**@ राकेश अचल**

## जरूरत है कुछ और बदलने की

एक तो वैसे ही बेरोजगारी थी,
कोरोना वाइरस ने और बढ़ा दी है,
सरकारें बड़े भाव खा रही हैं,
बड़े उद्योगपति मालामाल हो रहे हैं,
युवक युवतियाँ बेकार घूम रहे है ;
माँ - बाप उम्मीद में जी रहे हैं ;
पर दोनो धोखा खा रहे हैं..,
जिनके पास काम धंधे थे,
वो भी मंदी में ठोकरें खा रहे हैं ।

पुलिस, प्रशासन रिश्वत में व्यस्त है,
नेता, अधिकारी लूट में व्यस्त हैं,
किसान आंदोलन कर रहे हैं,
सेना के जवान गोली खा रहे हैं,
माफिया आतंक फैला रहे हैं,
दलाल मुनाफा कमा रहे हैं,
महंगाई सुरसा जैसा मुँह बाये खड़ी है,
आखिर में सूखा, बारिस पीछे पड़ी है,
सूखा, तो कहीं बाढ़ का पानी भरा है,
कौन कहता, कोई भूखा मर रहा है ?

जो फर्स्ट डिवीजन थे वे डाक्टर,
एनजीनियर व वैज्ञानिक हैं,
जो सेकंड डिवीजन थे वे अफसर हैं,
जो थर्ड डिवीजन थे वे नेता मंत्री हैं,
जो फेल हो गए वे माफिया डान हैं, फर्स्ट
डिवीजन वाले को सेकंड डिवीजन वाले,
फर्स्ट, सेकंड डिवीजन वालों को थर्ड डि-
वीजन वाले और इन तीनों को फेल होने
वाले कंट्रोल कर रहे हैं।

एमपी, एमएलए, मंत्री, मुख्यमंत्री,
व प्रधानमंत्री के लिए, कोई भी शैक्षणिक
योग्यता अनिवार्य नहीं है,
आठ पास सरपंच व प्रधान, दसवीं व इंटर
पास/फेल देश के मंत्री,
सबका साथ, सबका विकास,
सबका विश्वास और सबका
प्रयास करवा रहे हैं,
ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, एमफि ल,
पीएचडी, वॉट्सएप पर ग्रुप-ग्रुप खेल रहे हैं।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र,'आदित्य' लखनऊ**

## सपनों का गाँव

सोते-सोते मैंने देखा
सुंदर सा एक सपना,
पर मुझको लगता था ऐसे
जैसे हो वह सब कुछ अपना।

सपनों का एक गाँव सुहाना
नहरों के पानी में नहाना,
फिर करके मंदिर का बहाना,
नदी किनारे धूम मचाना।

बड़े-बड़े आमों की बगिया,
और कच्ची-कच्ची केरी।
बेरी के ओ बेर सुहाने
बड़ी निराली लगती केरी।

ढेला मार के बेर गिरना
सखियों के संग आम चुराना,
फिर पीपल की छांव तले
मिल बैठ कर गप्प लड़ाना।

तभी गिरा एक ढेला सर पे
मैं तो जाग गई सपने से,
आँखे मलते मैंने देखा
मैं तो हूँ अपने बिस्तर पे।

कहाँ गया वह सुंदर सपना,
सपनों का वह गांव।
कल-कल करता नदी का पानी,
पीपल की वह छाँव।

**बिंदु अग्रवाल किसनगंज**

# विश्व शांति दिवस

विश्व शांति दिवस अथवा 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' प्रत्येक वर्ष '21 सितम्बर' को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, शांति और खुशी का एक आदर्श माना जाता है। 'विश्व शांति दिवस' मुख्य रूप से पूरी पृथ्वी पर शांति और अहिंसा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। शांति सभी को प्यारी होती है। इसकी खोज में मनुष्य अपना अधिकांश जीवन न्यौछावर कर देता है। किंतु यह काफी निराशाजनक है कि आज इंसान दिन-प्रतिदिन इस शांति से दूर होता जा रहा है। आज चारों तरफ फैले बाजारवाद ने शांति को व्यक्ति से और भी दूर कर दिया है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो 'विश्व शांति' का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन इसको अमल में लाने वालों की संख्या बेहद कम रही है।

### इतिहास

वर्ष 1982 से शुरू होकर 2001 तक सितम्बर महीने का तीसरा मंगलवार 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' या 'विश्व शांति दिवस' के लिए चुना जाता था, लेकिन वर्ष 2002 से इसके लिए 21 सितम्बर का दिन घोषित कर दिया गया। वर्ष 2012 के 'विश्व शांति दिवस' की थीम थी- "धारणीय भविष्य के लिए धारणीय शांति"।

### उद्देश्य

सम्पूर्ण विश्व में शांति कायम करना आज संयुक्त राष्ट्र का मुख्य लक्ष्य है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष को रोकने और शांति की संस्कृति विकसित करने के लिए ही यूएन का जन्म हुआ है। संघर्ष, आतंक और अशांति के इस दौर में अमन की अहमियत का प्रचार-प्रसार करना बेहद जरूरी और प्रासंगिक हो गया है। इसलिए संयुक्त राष्ट्रसंघ, उसकी तमाम संस्थाएँ, गैर-सरकारी संगठन, सिविल सोसायटी और राष्ट्रीय सरकारें प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' का आयोजन करती हैं। शांति का संदेश दुनिया के कोने-कोने में पहुँचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने कला, साहित्य, सिनेमा, संगीत और खेल जगत की विश्वविख्यात हस्तियों को शांतिदूत भी नियुक्त कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने तीन दशक पहले यह दिन सभी देशों और उनके निवासियों में शांतिपूर्ण विचारों को सुदृढ़ बनाने के लिए समर्पित किया था।

### भारत और विश्व शांति

पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने विश्व में शांति और अमन स्थापित करने के लिए पाँच मूल मंत्र दिए थे, इन्हें 'पंचशील के सिद्धांत' भी कहा जाता है। यह पंचसूत्र, जिसे 'पंचशील' भी कहते हैं, मानव कल्याण तथा विश्व शांति के आदर्शों की स्थापना के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था वाले देशों में पारस्परिक सहयोग के पाँच आधारभूत सिद्धांत हैं। इसके अंतर्गत निम्नलिखित पाँच सिद्धांत निहित हैं-

एक दूसरे की प्रादेशिक अखंडता और प्रभुसत्ता का सम्मान करना।

एक दूसरे के विरुद्ध आक्रामक कार्रवाई न करना।

एक दूसरे के आंतरिक विषयों में हस्तक्षेप न करना।

समानता और परस्पर लाभ की नीति का पालन करना।

शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति में विश्वास रखना।

माना जाता है अगर विश्व उपरोक्त पाँच बिंदुओं पर अमल करे तो हर तरफ चैन और अमन का ही वास होगा।

### सफेद कबूतर उड़ाना

'विश्व शांति दिवस' के उपलक्ष्य में हर देश में जगह-जगह सफेद रंग के कबूतरों को उड़ाया जाता है, जो कहीं ना कहीं 'पंचशील' के ही सिद्धांतों को दुनिया तक फैलाते हैं। 'विश्व शांति दिवस' के अवसर सफेद कबूतर उड़ाने की परंपरा बहुत पुरानी है, पर इन कबूतरों को उड़ाने के पीछे एक शायर का निम्न शेर बहुत ही विचारणीय है-

लेकर चलें हम पैगाम भाईचारे का,
ताकि व्यर्थ खून न बहे किसी वतन के रखवाले का।

### वर्तमान परिवेश

आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक चाल से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। आतंकवाद को अलग-अलग स्तर पर फैलाकर विकसित देश इससे निपटने के हथियार बेचते हैं और इसके जरिये अकूत संपत्ति जमा करते हैं। हाल ही में अफगानिस्तान, ईरान और इराक जैसे देशों में हुए युद्धों को विशेषज्ञ हथियार माफियाओं के लिए एक फायदे का मेला मानते हैं। उनके अनुसार दुनिया में भय और आतंक का माहौल खड़ा करके ही सैन्य सामान बेचने वाले देश अपनी चांदी कर रहे हैं।

### इंसानियत का धर्म

आज प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। मानव कल्याण की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। भाषा, संस्कृति, पहनावे भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, लेकिन विश्व के कल्याण का मार्ग एक ही है। मनुष्य को नफरत का मार्ग छोड़कर प्रेम के मार्ग पर चलना चाहिए। शांति के महत्व को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 1982 में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया कि हर 21 सितम्बर को 'विश्व शांति दिवस' मनाया जाएगा। इस सदी में विश्व में फैली अशांति और हिंसा को देखते हुए हाल के सालों में शांति कायम करना मुश्किल ही लगता है, किंतु उम्मीद पर ही दुनिया कायम है और यही उम्मीद की जा सकती है कि जल्द ही वह दिन आएगा, जब हर तरफ शांति ही शांति होगी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जोन 02 की समीक्षा बैठक, दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। शहर में विकास कार्यों की समीक्षा कर उन्हें गति प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर सुषमा खर्कवाल के द्वारा जोनवार बैठक किये जाने के निर्देश दिए थे। जिस क्रम में आज दिनांक 20 सितम्बर को ऐशबाग अंतर्गत नगर निगम जोन 02 के कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मा. महापौर सुषमा खर्कवाल के द्वारा जोन-2 के अभियन्त्रण विभाग कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। उक्त बैठक में समस्त वार्डों में 10-10 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही महापौर द्वारा सुएज के कर्मचारियों से मुलाकात कर वार्ता की गई । इसके अतिरिक्त पार्षदो द्वारा अपने अपने वार्डो की समस्याओं जैसे-नालियों से निकाली जाने वाली सिल्ट हेतु गाड़ियां उपलब्ध कराने वार्डो में लाइट की उपलब्धता एवं आगामी त्योहारों गणेश उत्सव इत्यादि मे सफाई व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त महापौर द्वारा समस्त पार्षदों से रोड बनाने के



लिए पास किये गये प्रस्तावों की समीक्षा भी की गई । साथ ही वार्डों में जनहित के दृष्टिगत अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने व नए किये जाने वाले विकास कार्यों का एस्टिमेट तैयार कर उपलब्ध कराए जसने की बात कही। मार्ग प्रकाश के संबंध में दीवाली तक समस्त वार्डों में 50-50 लाइटों में से शेष बची सभी लाइटें उपलब्ध करवाए जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आदेशित किया और वार्ड में मौजूद खराब पड़ी लाइटों को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ सुएज को गाड़ियों की संख्या में बढ़ोत्तरी किये जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त बैठक में बैठक जोन-2 के पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, जोनल अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता (जलकल), नगर अभियंता, जोनल सेनेटरी अधिकारी कर अधीक्षक, अवर अभियन्ता (मार्गप्रकाश), राजस्व निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहें।

# पंपसेट पाकर खिल उठे किसानों के चेहरे पूर्व मंत्री ने वितरित किया किसानों में पंप सेट।

आशु खरवार / समाज जागरण



खबर बलिया जनपद के नगरा से है जहां मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत दर्जनों किसानों में पूर्व मंत्री छट्ठू राम ने अपने हाथों से पंपसेट का वितरण किया उन्होंने कहा कि कृषि में सिंचाई की आवश्यकता और उन पर होने वाले व्यय को ध्यान में रखते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना को किसानों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया है योजना का उद्देश्य किसानों को निजी सिंचाई सुविधा प्रदान करना है जिससे वह आत्म निर्भर बन सके और देश की आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कहा था कि किसानों की आय दुगनी करेंगे और किसानों को खुशहाल बनाएंगे उसी के तहत पंपसेट लघु सिंचाई विभाग के तरफ से किसानों को वितरित किया गया। पंपसेट पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर ब्लॉक के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे वितरण कार्यक्रम का आयोजन रुद्रा कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर के प्रोपराइटर नीतिश शर्मा के द्वारा किया गया था। वही लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि यह मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत पंप सेट का वितरण चिन्हित लाभार्थियों को किया गया है। जिसे किसानों के खेती में लाभ मिलेगा।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

**युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने का कार्य करें**

**नियमित रोजगार मेलो का आयोजन कर युवाओं को दिये जाये रोजगार के अवसर**

**खराब प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं पर मंत्री ने जताई कड़ी नाराजगी**

**समय से लक्ष्य न पूरा करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ की जाय कार्यवाही**

**अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 6 प्रशिक्षण प्रदाताओं को मंत्री ने किया सम्मानित**

**प्रशिक्षण प्रदाता अपने दायित्वों का निर्वाहन ईमानादारी से करें**

**सेवायोजित युवाओं की ट्रैकिंग कर, युवाओं से लिया जाय फीडबैक**

**रोजगार की संभावना के क्षेत्रों को चिन्हित कर युवाओं को बनाया जाय हुनरमंद**



20 सितम्बर 2023 लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को कौशल विकास मिशन कार्यालय लखनऊ में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार से जोड़ने का कार्य पूरी ईमानदारी से करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दिये गये लक्ष्यों को निर्धारित समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने में लापरवाही करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय।

कौशल विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सेवायोजित होने वाले युवाओं की नियमित रूप से ट्रेकिंग की जाय, जिससे यह पता चल सके कि सेवायोजित युवा सम्बन्धित कम्पनी में कार्य कर रहे या नही। उन्होंने निर्देश दिया कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार के अवसर प्रदान किये जाय। उन्होंने कहा कि दिये गये दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिलाना है इसलिए प्रशिक्षण देने वाली एजेन्सीज को अपने दायित्व को निर्वहन करें।

कौशल विकास मंत्री ने कहा कि टैक्नोलॉजी के विस्तार ने नये-नये क्षेत्रों में रोजगार के अवसर व आवश्यकताओं को जन्म दिया है। इसलिए भविष्य में रोजगार की संभावना के क्षेत्रों को चिन्हित कर उनमें प्रशिक्षण दिलाने की विशेष कार्ययोजना तैयार करे। उन्होंने रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस, मशीन लर्निग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कम्प्यूटरिंग, ग्रीन इनर्जी जैसे क्षेत्रों मे युवाओं को प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।

प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शन्भुगा सुन्दरम ने बताया कि कौशल विकास मिशन द्वारा प्रारम्भ किये गये नवाचारों में एचसीएल टेक्कनोलोजिस, आईबीएम(रिचा), ओला, माई ट्रासफार्म, टीसीएस(आईओएल) के साथ गैर वित्तीय अनुबंध हस्ताक्षरित किये गये है। प्रदेश के मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों को इंजीनियरिंग उद्यमशीलता प्रयास के अन्तर्गत अनुबंधित किया जाना है। इसके अलावा स्टार्टअप्स को स्किल ईको सिस्टम से जोड़ने के लिए विशेष आरएफपी जारी की गयी है।

मिशन निदेशक कौशल विकास रमेश रंजन ने बताया कि नयी तकनीकों को प्रशिक्षण देने हेतु 100-100 छात्रो व प्रशिक्षकों को आईआईटी मण्डी, हिमाचल प्रदेश भेजकर प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके अलावा आईआईटी कानपुर व आईआईटी तिरूपति के साथ भी युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने की कार्यवाही की जा रही है। उद्योगों की मांग व उद्योगों में रोजगार के अवसर को देखते हुए एलएण्डटी एजूटेक के माध्यम से विशिष्ट प्रकार के उद्योन्मुखी कोर्सेस में इंजीनियरिंग कॉलेजों मे पढ़ रहें छात्रों को भी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

बैठक के उपरान्त कौशल विकास मंत्री ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 6 प्रशिक्षण प्रदाताओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शन्भुगा सुन्दरम एवं मिशन निदेशक कौशल विकास रमेश रंजन द्वारा कौशल विकास मंत्री को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

बैठक में विशेष सचिव अभिषेक सिंह, निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कु सहित प्रशिक्षण प्रदाता व विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो नोएडा में व्यापार का अपार अवसर बलिया के 4 उधमियो को प्रतिभाग का मिला अवसर।

आशु खरवार/समाज जागरण



प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में 21 सितंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार की उत्पादों की झलक एक ही छत के नीचे दिखाई देगी अंतरराष्ट्रीय मेले में पूरे भारत से उद्यमियों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट नोएडा मेले में प्रतिभा कर रहे हैं जिसमें तमाम ऐसे लोगों को रोजगार व्यापार का एक बड़ा अवसर मिलेगा '

जनपद बलिया से उद्यमियों ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय मेले में चार उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें बृजेश शर्मा`/२ एल डी इंडस्ट्रीज माधोपुर रसड़ा बलिया से होम क्लीनिंग प्रोडक्ट एवं जैविक खाद (वर्मी कंपोस्ट) नोएडा मेले में प्रदर्शन करने का एक बेहतर अवसर मिला है इस मेले में पूरे भारत से विभिन्न प्रकार के उत्पादन का एक बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा है तकरीबन 40 देश से आ रहे मेहमान भी प्रतिभाग करेंगे जिससे व्यापार में व उत्पादन में एक नई क्रांति आएगी मेले में विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट का ट्रेड शो में देखने को मिलेगा स्थानीय स्तर से भी प्रोडक्ट का उत्पादन कर अपने व्यापार में काफी लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकता है साथ ही और भी उद्यमी प्रतिभाग हेतु जेपी प्लास्टिक पाइप व फर्नीचर एवं सत्तू साथ में ड्रिङ्क्स्त्र बिंदी रितु श्रीवास्तव भी बलिया जनपद से अंतरराष्ट्रीय मेले में प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित हुआ है ' इस मेले का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों होना है। इस मेले में बलिया जनपद के चार उद्यमियों को अपने उत्पादो का प्रदर्शन करने का मौका मिला है। जिससे बलिया जनपद का नाम तो रोशन होगा ही साथ ही व्यवसाय के क्षेत्र में भी जनपद आगे बढ़ेगा।

# वृंदावन में आयोजित किया जाएगा संगीत एवं नृत्य समारोह, शामिल होंगी कई बड़ी हस्तियां

वृंदावन में आयोजित होने वाली शास्त्रीय कला का सबसे बड़ा कार्यक्रम स्वामी हरिदास नृत्य और संगीत समारोह शास्त्रीय कला के सबसे बड़े आयोजनों में से एक है. संगीत शिरोमणि और बांके बिहारी के प्राकट्यकर्ता स्वामी श्री हरिदास जी महाराज के अवतरण दिवस पर दो दशकों से इस कार्यक्रम का आयोजन धर्मनगरी वृंदावन में किया जा रहा है. जिसमें सभी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां स्वामी जी के चरणों में अर्पित करेंगे.

स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव समिति के संयोजन समिति के सदस्य डॉक्टर राकेश चंद्र चतुवेर्दी ने बताया कि जन-जन के आराध्य ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास जी के प्रादुर्भव दिवस पर संगीत शिरोमणी स्वामी हरिदास समिति की ओर से दो दिवसीय स्वामी हरिदास संगीत और नृत्य महोत्सव का आयोजन 22 और 23 सितंबर को किया जा रहा है. जिसमें भारतीय संगीत जगत की ख्याति हस्तियां अपनी संगीत साधना से स्वामी जी को भावांजलि अर्पित करेंगे. साथ ही यह महोत्सव वृंदावन के आईओपी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा.

शामिल होंगी कई बड़ी हस्तियां

स्वामी हरिदास महोत्सव में विगत 20 साल में शास्त्रीय कला क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां जैसे पंडित बिरजू महाराज, संतूर वादक राहुल शर्मा, गीतकार संतोष आनंद, मालिनी



अवस्थी, कुमार विश्वास समेत कई बड़े दिग्गज इस मंच पर अपनी प्रस्तुति दे चुके है. इस बार भी कला क्षेत्र के कई बड़ी हस्तियां अपनी प्रस्तुति देने वाली है. इस वर्ष महोत्सव में कत्थक नृत्यांगना प्राची शाह पांड्या, तबला वादक पद्मश्री विजय घाटे, गायक सुनंदा शर्मा, सूफी गायक कविता सेठ इस मंच से अपनी प्रस्तुति देंगे.

शामिल होंगी कई बड़ी हस्तियां

स्वामी हरिदास महोत्सव में विगत 20 साल में शास्त्रीय कला क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां जैसे पंडित बिरजू महाराज, संतूर वादक राहुल शर्मा, गीतकार संतोष आनंद, मालिनी अवस्थी, कुमार विश्वास समेत कई बड़े दिग्गज इस मंच पर अपनी प्रस्तुति दे चुके है. इस बार भी कला क्षेत्र के कई बड़ी हस्तियां अपनी प्रस्तुति देने वाली है. इस वर्ष महोत्सव में कत्थक नृत्यांगना प्राची शाह पांड्या, तबला वादक पद्मश्री विजय घाटे, गायक सुनंदा शर्मा, सूफी गायक कविता सेठ इस मंच से अपनी प्रस्तुति देंगे.

## गाजियाबाद में डरा रहा है डेंगू, जांच में 10 फीसदी से अधिक निकल रहे हैं पॉजिटिव

दिल्ली बॉर्डर के गाजियाबाद जिले में डेंगू का लोगों को डरा रहा है. जांच में रोजाना मरीज पाजिटिव निकल रहे हैं. औसतन कुल हुई जांच में 10 फीसदी



लोग डेंगू पाजिटिव निकल रहे हैं. इसमें बच्चे भी शामिल हैं. गाजियाबाद जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बुधवार को 107 मरीजों की जांच करने पर तीन बच्चों समेत 14 डेंगू के पाजिटिव केस मिले हैं. इनमें तीन दिन की नवजात बच्ची भी शामिल है.जिसकी हालत गंभीर है. डेंगू के सबसे अधिक मामले वैशाली, इंदिरापुरम, पटेलनगर, लालकुआं और विजयनगर में मिले हैं.

जिला सर्विलांस अधिकारी डा.आर के गुप्ता के अनुसार जुलाई से लेकर अब तक डेंगू के कुल 527 मामले मिल चुके हैं. साथ ही मलेरिया का एक और मरीज मिलने से संख्या 20 पहुंच गयी है. वहीं एक केस चिकनगुनिया का भी मिला है. स्वास्थ्य विभाग की 177 टीमों ने 147 क्षेत्रों के 4776 घरों का सर्वे किया, जिसमें 129 घरों में एडीज मच्छर का लार्वा पाया गया है और तीन लोगों को नोटिस दिया गया है.

## अब कानपुर वासी करेंगे प्राणी उद्यान के जानवरों का नामकरण, जानें कैसे रखे नाम

कानपुर के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है. अब कानपुर वासी अपने प्राणी उद्यान के जानवरों का नामकरण स्वयं कर सकेंगे. उनके मनपसंद नाम को चिड़ियाघर प्रशासन जानवरों को देगा और वह उसी नाम से बुलाए जाएंगे.

कानपुर प्राणी उद्यान में अभी कई ऐसे जानवर हैं जिनका कोई नाम नहीं है. इसके साथ ही अभी बिजनौर से भी कई तेंदुए पड़कर ले गए हैं जिनको अभी कोई नाम नहीं दिया गया है. ऐसे सभी जंतुओं को नाम देने के लिए चिड़ियाघर ने यह पहल शुरू की है. शहर वासियों का कानपुर प्राणि उद्यान के प्रति लगाव बढ़ाने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष योजना कानपुर प्राणी उद्यान ने तैयार की है.

कानपुर के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है. अब कानपुर वासी अपने प्राणी उद्यान के जानवरों का नामकरण स्वयं कर सकेंगे. उनके मनपसंद नाम को चिड़ियाघर प्रशासन जानवरों को देगा और वह उसी नाम से बुलाए जाएंगे.

कानपुर प्राणी उद्यान में अभी कई




ऐसे जानवर हैं जिनका कोई नाम नहीं है. इसके साथ ही अभी बिजनौर से भी कई तेंदुए पड़कर ले गए हैं जिनको अभी कोई नाम नहीं दिया गया है. ऐसे सभी जंतुओं को नाम देने के लिए चिड़ियाघर ने यह पहल शुरू की है. शहर वासियों का कानपुर प्राणि उद्यान के प्रति लगाव बढ़ाने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष योजना कानपुर प्राणी उद्यान ने तैयार की है.

मनाया जाएगा वन्य प्राणी सप्ताह

कानपुर प्राणी उद्यान के निदेशक के के सिंह ने बताया कि कानपुर प्राणी उद्यान में 1 से 7 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह भी मनाया जाएगा. जहां 12 साल तक के बच्चे मुफ्त में चिड़ियाघर घूम सकेंगे. इतना ही नहीं कई प्रकार के यहां पर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चे और शहारवासी प्रतिभा कर सकेंगे और विजेताओं को पुरस्कार भी दिया किया जाएगा.

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे 5 दिन बंद, सुबह घर से निकलने से पहले देख लें यह ट्रैफिक एडवाइजरी

नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले और मोटोजीपी रेस को देखते हुए एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी किया है. इस एडवाइजरी में 21-25 सितंबर तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा. इस एडवाइजरी के मुताबिक, दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर में भारी, मध्यम और हल्के माल वाहनों का प्रवेश कल सुबह छह बजे यानी 21 सितंबर 2023 से प्रतिबंधित रहेगा. नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित किया जाएगा. जबकि, मोटोजीपी कार्यक्रम 22 से 24 सितंबर तक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगा. इन दोनों आयोजनों में लगभग 10,000 विदेशी प्रतिनिधियों के आने की संभावना है. इसके साथ ही देश की राष्ट्रपति भी 21 सितंबर शाम को दिल्ली से सड़क मार्ग से यूपी एक्सपो ट्रेड शो का शुभारंभ करने पहुंचेंगी.

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर यूपी सरकार की तकरीबन पूरी कैबिनेट कल से नोएडा में रहेगी. ऊपर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 21 से 25 सितंबर तक वाहनों का सबसे अधिक दबाव रहेगा. इन चार-पांच दिनों में प्रत्येक दिन 80 हजार अतिरिक्त वाहनों का दबाव रहेगा. इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के स्कूल कॉलेजों को भी 21 और 22 सितंबर को बंद रखने करने आदेश जारी किया है.

नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले और मोटोजीपी रेस को



देखते हुए एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी किया है. इस एडवाइजरी में 21-25 सितंबर तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा. इस एडवाइजरी के मुताबिक, दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर में भारी, मध्यम और हल्के माल वाहनों का प्रवेश कल सुबह छह बजे यानी 21 सितंबर 2023 से प्रतिबंधित रहेगा. नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित किया जाएगा. जबकि, मोटोजीपी कार्यक्रम 22 से 24 सितंबर तक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगा. इन दोनों आयोजनों में लगभग 10,000 विदेशी प्रतिनिधियों के आने की संभावना है. इसके साथ ही देश की राष्ट्रपति भी 21 सितंबर शाम को दिल्ली से सड़क मार्ग से यूपी एक्सपो ट्रेड शो का शुभारंभ करने पहुंचेंगी. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर यूपी सरकार की तकरीबन पूरी कैबिनेट कल से नोएडा में रहेगी. ऊपर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 21 से 25 सितंबर तक वाहनों का सबसे अधिक दबाव रहेगा. इन चार-पांच दिनों में प्रत्येक दिन 80 हजार अतिरिक्त वाहनों का दबाव रहेगा. इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के स्कूल कॉलेजों को भी 21 और 22 सितंबर को बंद रखने करने आदेश जारी किया है.

## वढ के कई गांवों में तेंदुए की दहशत, मवेशियों समेत किसान पर बोला हमला, ड्रोन से हो रही निगरानी

शहर के बाह,जगनेर और पिनाहट में इन दोनों तेंदुए की दहशत फैली हुई है. किसान डर के साए में रात और दिन पहरेदारी करते हैं. तेंदुए के हमले से अपने मवेशियों को बचा रहे हैं. आलम यह है कि किसानों की रात तेंदुए के हमले से मवेशियों को बचाने में गुजरती है. हालांकि वन विभाग के कर्मचारी तेंदुए का रुट ट्रैक करने में लगे हुए हैं. जीपीएस से तेंदुए का रूट ट्रैक किया जा रहा है. वन विभाग के कर्मचारी भी लोगों को जागरूक करने के साथ दिन-रात क्षेत्र में गस्त कर रहे हैं.

जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाता है वन विभाग के कर्मचारियों ने गांव वालों से अपील की है कि वह अपने मवेशियों और बच्चों को अकेला ना छोड़े .खास कर रात के समय में अपने मवेशियों का ध्यान रखें. साथ ही ग्रामीणों को रात में बाहर न निकलने की हिदायत दी है. राष्ट्रीय चंबल सैंक्चुअरी प्रोजेक्ट की उप वन संरक्षक आरुषि मिश्रा ने बताया कि जिस क्षेत्र में तेंदुए की हलचल देखी गई है. वहां के 10




किलोमीटर तक की रेंज मे टीम गठित कर पेट्रोलिंग की जा रही है. तेंदुए को ट्रैक किया जा रहा है और उसके आने के रास्तों के बारे में पता लगाया जा रहा है. जल्द ही तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा.

तेंदुए ने फिर किया हमला

हालांकि तेंदुए का आतंक बढ़ता जा रहा है. पिछली बार उसने रविवार को मवेशियों पर हमला किया और अब सोमवार की शाम को भी तेंदुए ने फिर से हमला किया है .गांव मंगली में प्राचीन बजरंगबली आश्रम के पास तेंदुए ने गाय को अपना शिकार बनाया. वहीं रविवार को एक किसान पर हमला कर उसे घायल कर दिया था .चंबल नदी के बीहड़ किनारे बसे गांव में एक माह से तेंदुए का आतंक फैला हुआ है. अब तक तेंदुआ दर्जन भर पशुओं को अपना शिकार बना चुका है. वन विभाग के अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ती जा रही है. इसके लिए अब अधिकारी ड्रोन की मदद से तेंदुए को खोज रहे हैं .फिलहाल महंगोली, करकोली, पडुआपुरा,रेहा,मनसुखपुरा ,मोदीपुर के ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है.

# वार्ड सदस्य संघ ने किया प्रखंड मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 20 सितंबर 2023 :- वार्ड सदस्य के अधिकारों में कटौती एवं हनन के खिलाफ नौ सूत्री मांगों को लेकर वार्ड सदस्य संघ ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बिहार सरकार एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश पंचायत वार्ड सदस्य संघ के आह्वान पर धरना प्रदर्शन किया गया है। विगत दो वर्षों से पंचायती राज पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव द्वारा की गई अनदेखी से वार्ड सदस्य सहित पंचायती राज व्यवस्था के सदस्य के पद पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की हकमारी की गई है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हो। अन्य मांगों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वार्ड क्षेत्र में क्रियान्वित प्रत्येक योजना में वार्ड सदस्यों को अनिवार्य रूप से अभिकर्ता बनाया जाए और पंचायती राज अधिनियम की धारा 170 के तहत लोक सेवक घोषित किया जाए। वहीं मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना एवं गली-नाली पक्कीकरण के क्रियान्वयन वार्ड स्तर पर किए जाने का नियम बना कर तत्काल वित्तीय अधिकार उपलब्ध कराया जाए। 15वीं वित्त आयोग की राशि प्राप्त होने के सात दिनों के अंदर पंचायत सचिव एवं ग्राम पंचायत के द्वारा चार हजार रुपए वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के खाता में भेजने का प्रावधान है। जो समय से नहीं भेजा गया जिसके कारण सभी नल जल



की आपूर्ति बंद है। बिहार सरकार ने साजिश के तहत नल जल योजना पी.एच.डी. विभाग को हस्तांतरित कर दिया है। जो न्यायोचित नहीं है। हमारी मांग है कि वार्ड सदस्यों को पुनः नल जल का संचालन एवं रख-रखाव का अधिकार दिया जाए। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना में वार्ड सदस्यों पर प्राथमिक दर्ज की जा रही है जबकि ग्राम पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से योजना कराया गया है। इसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए। मुखिया एवं अधिकारियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायतों में फर्जी ग्राम सभा एवं कार्यकारिणी बैठक कर वित्तीय अनियमितता बरती गई है। इस मामले की जांच हो। उन्होंने प्रखंड मुख्यालय पर वार्ड सदस्यों को बैठने के लिए प्रतिनिधि भवन एवं सभागार का निर्माण कराने तथा जनप्रतिनिधियों की समस्या के समाधान के लिए वरीय पदाधिकारियों की नियुक्ति की मांग की है। मनरेगा योजना का शत-प्रतिशत कार्य वार्ड सदस्यों के माध्यम से कराया जाए। वार्ड सदस्यों को प्रति माह पांच सौ रुपए टी.ए. दिया जाता है। जो काफी समय से लंबित है। उस राशि का तत्काल भुगतान करते प्रत्येक माह वार्ड सदस्यों को दस हजार रुपए दिया जाए। सांसद, विधायक एवं विधान परिषद के तर्ज पर पेंशन दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, आधार कार्ड, कन्या विवाह योजना, स्वास्थ्य कार्ड, कबीर अंत्येष्टि योजना आदि कार्य वार्ड सदस्यों की अनुशंसा से किए जाए। इस दौरान वार्ड सदस्यों के स्वास्थ्य बीमा तथा सुरक्षा व्यवस्था की मांग करते हुए आकस्मिक मृत्यु पर दस लाख रुपए का मुआवजा तथा अपराधिक हमला होने पर आश्रितों को 50 लाख रुपए दिए जाने की मांग की गई है।

# डेंगू के डंक की चपेट में आने से प्राइवेट कंपनी के मैनेजर व माउंट असीसी की छात्रा समेत 3 की हुई मौत

**समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर( बिहार) जिले में डेंगू का कहर लगातार जारी है जिले में डेंगू के डंक की चपेट में आने से एक प्राइवेट कंपनी के मैनेजर, माउंट एसएससी की छात्रा समेत तीन लोगों की मौत हो गई।मृतक की पहचान मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी स्व जागेश्वर रजक के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है।वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महा-विद्यालय अस्पताल के एचडीयू वार्ड के बाहर चिकित्सकों की इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। बीते 17 अगस्त को डेंगू से जिले में पहली मौत हुई थी।जो की अब बढ़कर पांच पहुंच गई है। मृतक पीजन प्रा-इवेट कंपनी में बतौर मैनेजर कार्यरत थे।उनकी शादी बीते तीन वर्ष पूर्व जगदीशपुर में हुई थी। मृतक दो भाइयों में छोटे थे। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो बच्चे को छोड़ गए।



दूसरी ओर माउंट असीसी जूनियर सेक्शन स्कूल की दूसरी कक्षा की छात्रा समेत तीन लोगों की मौत हो गई तीनों ने इलाज के दौरान मायागंज स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया हालांकि अस्पताल में डेंगू से केवल एक मरीज की मौत की पुष्टि की है जिले में डेंगू से अब तक आठ मरीज की मौत हो चुकी है जबकि स्वास्थ्य विभाग केवल दो की मौत की पुष्टि कर रहा है ।इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

भागलपुर जिले में हर रोज डेंगू मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है।भागलपुर में अब तक बच्ची समेत पांच लोगों की डेंगू से जाने जा चुकी है।

**परिजनों ने कहा -:**

पीजन प्राइवेट कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बीते 16 सितंबर को उसे इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महा-विद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहीं स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बीते देर रात एचडीयू वार्ड में भर्ती कराया था जहां आज उसकी मौत हो गई।

# हर गली मोहल्ले में विराजे गणपति: पप्पू यादव

**समाज जागरण**

भागलपुर /नाथनगर ( बिहार) के विभिन्न जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा वेदी पर स्थापित हो गई है।भगवान गणेश की विधिवत तरीके से प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा की गई और उनको भोग लगाया गाया। शहर के 40 जगह पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है जगह-जगह पंडाल बनाकर गणपति के प्रतिमा स्थापित कर पूजा हो रही है भक्तों में काफी उत्साह है सिकंदरपुर,भीखनपुर, रामसर, बूढ़ानाथ, खंजरपुर, जरलाही, परबत्ती,नाथनगर के अलावा सबौर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस बार सोनापट्टी शर्मा चौक पर 61 किलो सुपारी से प्रतिमा बनाई गई है। प्रतिमा को अम्बई के रंजीत पंडित ने तैयार किया है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गणेश जी की पूजा धूमधाम से की जा रही है। दक्षिणी क्षेत्र स्थित वारसलीगंज मां शेरावाली क्लब की ओर से भगवान गणेश को 211 किलो का एक लड्डू



का भोग लगाया गया । कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी



आयोजन किया जा रहा है। वहीं गणेश उत्सव जोगसर में विषहरी मंदिर में दस फीट की प्रतिमा स्थापित की गई है और एक क्विंटल लड्डू का भोग लगाया जायेगा। वही गणेश चतुर्थी को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त देखी गई। गणेश चतुर्थी लेकर 113 स्थलों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बलों की तैनाती की गई है। वही पूजा शान्ती समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव अन्य पूजा स्थल पर जाकर जायजा लिए , के सदस्यों से शांति सदभाव बनाए रखने के लिए अपील की है

# समाहरणालय परिसर स्थित जिला परिषद के सामने अवैध रूप से बने दुकान पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी**
**आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार)शहर में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ जिला प्रशासन की ओर से बुलडोजर की कार्रवाई लगातार जारी है।समाहरणालय परिसर स्थित जिला परिषद के सामने आपदा प्रबंधन के कार्यालय के सामने अवैध रूप से दुकान बनाकर वर्षों से अतिक्रमण किए दुकानदारों के खिलाफ जिला प्रशासन के द्वारा बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराया गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल के साथ-साथ मजिस्ट्रेट




और जगदीशपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी सहित कई अधिकारी मौजूद थे। यहां पर से चार दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जानी है। वही अभी एक दुकान को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# नशे की हालत मे एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 20 सितंबर 2023 थाना क्षेत्र के भटवा भगली गांव के समीप से पुलिस गश्ती दल द्वारा नशे की हालत में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गश्ती दल मे एस आई पिंकी कुमारी




एवम टीम ने नशे की हालत मे जयेंद्र सिंह पिता झूलन सिंह ग्राम सत्तर थाना माली को थाना क्षेत्र के भटवा भगली गांव के समीप से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि रेफरल अस्पताल मे शराब पीने की पुष्टि के बाद प्राथमिकि दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# औरंगाबाद: जिले में बच्चा चोर गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, 15 हजार लिया था एडवांस

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद जिले के सलैया थाना क्षेत्र के नीमा ताड़ी गांव से एक बच्चा चोरी का मामला सामने आया है जहां ग्रामीणों ने बच्चा चोर गिरोह के एक सदस्य को पकड़ लिया और जमकर उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौप दिया। बच्चे की पहचान नीमा ताड़ी गांव निवासी विनेशर भुइयां के तीन वर्षीय पुत्र हैप्पी राज के रूप में की गई।

हैप्पी राज का अपहरण उस वक्त किया गया जब घर की महिला हरितालिका तीज के व्रत को लेकर सामूहिक पूजा कर रही थी और बच्चा खाट पर सोया हुआ था। तभी घर में अपहरणकर्ता घुसा और उसे उठाकर चल दिया। जब पूजा करने के बाद मां बबिता देवी घर में आई तो बच्चा नहीं मिला जिसके बाद घर और गांव में हंगामा मच गया।

हंगामा सुन गांव के लोगों ने आसपास बच्चे को ढूंढा मगर बच्चे का कुछ अता पता नहीं चल सका। तभी थोड़ी देर के बाद एक व्यक्ति बच्चा लेकर खेत के तरफ भाग रहा था। ग्रामीणों ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। और उसकी पिटाई कर डाली फिर पुलिस को इस्की सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बेंकेटेश्वर ओझा और एस्आई अंकित कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और चोर को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया।

पूछताछ के क्रम में वे अपना नाम दिनेश कुमार उर्फ छेदी पिता



लालमोहन राम ग्राम बेरी टोले भुटोली, थाना सलैया , जिला औरंगाबाद के निवासी बताया है। जब पुलिस ने इस मामले में उससे कड़ी से पूछताछ की तो घटना को लेकर कई राज खोला है। उसने बताया मेरे आलावा तीन लोग और इस धंधे में शामिल है जिसमे एक लड़के को गोखुल बिगहा छोड़ा गया है। एक लड़के को तेतरिया छोड़ा गया है और एक लड़के का मुझे मालूम नहीं है और मुझे नीमा ताड़ी छोड़ा गया है।

बाइक से जिसपर मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावां निवासी गिरोह के मुख्य सरगना इरफान अंसारी उर्फ खान भाई एवं एक और लड़का उस बाइक पर था। साथ ही इस धंधे में संलिप्त योगेंद्र दास को भी बताया है जो ग्राम बेरी टोले भुटोली गांव के रहने वाला है आगे बताया की इस धंधे के लिए एक स्लाइडर चार पहिया गाड़ी थी जिसमे बच्चा को चोरी करके ले जाते थे इसके बदले में खान भाई 25 हजार रूपए देने की बात कही थी जिसमे 15 हजार रूपए पहले एड-वांस दे चुका है साथ ही कहा इस कार्य करवाने के लिए बेरी योगेंद्र दास उर्फ योगी रविदास ने मुझे खान भाई से मिलवाया था और बोला था की लड़का चोरी करोगे तो बड़ा आदमी बन जाओगे।वहीं पुलिस सूत्रों की माने बच्चा चोर गिरोह के मुख्य सरगना खान भाई उर्फ इरफान अंसारी है जो अभी भी पुलिस के पकड़ से दूर है। विनेशर भुइया के पत्नी बबिता देवी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते एक चोर को पकड़ा गया है जबकि इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# नारी सशक्तिकरण के लिए संकल्पित भाजपा सरकार, आरती यादव

समाज जागरण भागलपुर (बिहार)लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश होने के बाद भागलपुर के महिलाओं में जश्न का माहौल है। बड़ी संख्या में बीजेपी महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाएं खलीफाबाग चौक के जश्न मनाने पहुंचीं। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर और मिठाई खिलाकर महिला आरक्षण बिल पास होने की बधाई देकर मोदी जी को आभार प्रकट किया।मीडिया पेनेलिस्ट डॉ प्रीति शेखर ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश होने से काफी खुशी हुई. इससे महिलाओं का विकास संभव हो पाएगा।आज 27 सालों बाद जब पूरा देश इसके पक्ष में है, तो बहती गंगा में हाथ धोने के लिए घमंडिया गठबंधन और उसमें शामिल तमाम दल क्रेडिट लेने की होड़ में सबसे आगे खड़े हैं।जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारत की सनातन संस्कृति के अनुरूप ह्ययत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताःह्ल को देश के लोकतंत्र में चरितार्थ करके दिखाया है।लोकसभा में पेश हुआ 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' एक ऐसा निर्णय है, जिससे




हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा।इसके लिए मोदी जी को कोटि-कोटि धन्यवाद और आभार प्रकट करते है।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो किरण सिंह ने कहा की महिला आरक्षण विधेयक का संसद में आना देश की हर महिला के लिए एक अद्भुत उपलब्धि है।भाजपा नेत्री लीना सिन्हा ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी स-रकार के समय से ही भाजपा महिलाओं के लिए आरक्षण के पक्ष में है लेकिन विपक्ष इस मुद्दे पर सहयोग नहीं देता है।जिला प्रभारी अनामिका ठाकुर ने कहा की बिहार और देश की महिलाएँ बहुत समझदार हैं। उन्हें अपनी हितकारी पार्टियों और मौकापरस्त पार्टियों में अंतर समझ आता है। कभी महिला आरक्षण बिल का पुरजोर विरोध करने वाली पार्टियाँ महिला वोट बैंक साध कर अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही हैं।

इस अवसर पर रूबी दास,माला सिंह, अंजना प्रकाश,मनीष दास, महामंत्री लक्ष्मी कुशवाहा,कामेश्वरी पम्मी, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, विनोद सिन्हा,नीतू चौबे, रानी दुबे,कुंदन कुमारी,इंदु भूषण झा,संगीता शर्मा, संगीता सिन्हा प्रीति पांडे,रेखा सिंह,मेहर खान,खान,नहदा,आसिया,रिजया खान,तरुणम खातून, रेखा साह, प्रेमलता शर्मा,गुड़िया वर्मा,लक्ष्मी साह,रजनी सिन्हा,प्रीति मिश्रा,सरित,पूजा आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित होकर जश्न मनाई।

# कुएं में डूबने से डहरलगी गांव के एक 62 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

समाज जागरण सुमित कुमार बांका (बिहार) थाना क्षेत्र के डहरलगी गांव में एक 62 वर्षीय व्यक्ति की कुएं में डूबने से मौत हो गई, मौत की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया, मृतक के भतीजा बिट्टू मरांडी ने बताया की उनके चाचा सूरज मरांडी देर रात को कुएं पर बैठे थे, इसी दौरान वह अचानक से कुएं में गिर गए, जहां पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई!

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने फुका जिला प्रशासन का पुतला

**समाज जागरण जिला संवादाता**
**विवेक कुमार**

भागलपुर( बिहार )सेंट जोसेफ की नौवीं की छात्रा से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एबीवीपी ने मंगलवार को विरोध जताया था ,कार्यकर्ता स्कूल के प्रिंसिपल फादर अमल राज का पुतला दहन करने के लिए पहुंच गए इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली तो ललमटिया थाना अध्यक्ष नाथनगर थाना अध्यक्ष विश्वविद्यालय थाना अध्यक्ष भारी संख्या में पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए और छात्र नेता कुणाल पांडे और हर्ष कुमार को गिरफ्तार कर लिया उसके बाद उन्हें मजिस्ट्रेट की मदद से छोड़ भी दिया गया इस बाबत आज सेंट जोसेफ स्कूल में छात्राओं के साथ दुष्कर्म के प्रयास के विरोध में दोषियों के संरक्षणकर्ता पर कार्रवाई




की मांग एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं पर प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर इकाई द्वारा स्थानीय खलीफाबाग चौक पर जिला प्रशासन का पुतला दहन किया गया, प्रदर्शनकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने जमकर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का साफ तौर पर कहना है कि पुलिस अपना काम नहीं करके स्कूल प्रबंधन से मोटा रकम लेकर गुंडागर्दी कर रही है हम लोग भागलपुर में इस तरह यहाँ की बेटी के स्मिता पर आंच नहीं आने देंगे जो दोषी है उसपर जल्द कार्रवाई हो, इसको लेकर आज हम लोगों ने पुतला दहन किया, इस पुतला दहन कार्यक्रम में दर्जनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देसी कट्टा के साथ सेल्फी लेने वाला वायरल युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) देसी कट्टा के साथ सेल्फी लेकर फोटो वायरल करना




एक युवक को महंगा पड़ा। मामले में गोह थाना पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक गोह थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव के लाल मोहन प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार गुप्ता के रूप में की गई है। गिरफ्तार युवक अगले वर्ष अपनी बहन की शादी में आए हुए दोस्तों के साथ देसी कट्टा को लेकर सेल्फी फोटो खिंचवाया था और सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। वायरल फोटो की पुष्टि अखबार नहीं करती है। लेकिन गिरफ्तार युवक के द्वारा गोह थाना क्षेत्र के पुंदौल गांव निवासी मुकेश कुमार को एक सप्ताह पूर्व जान से मारने की धमकी दी गई थी। गिरफ्तार युवक अनुज कुमार गुप्ता व मुकेश कुमार के बीच पैसे की लेन देन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसी बीच मुकेश कुमार ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन दी है। जिसमें आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए , आरोपी को गोह गोलापर से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी । थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले पुंदौल गांव निवासी मुकेश कुमार के बयान पर कांड संख्या 313 / 23 दर्ज किया गया है।

# दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटी रामाकांत कुमार व सोनू कुमार राजापुर गांव का रहने वाला है। इन लोगों के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और यह बहुत दिनों से फरार चल रहा था।

# लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 20 सितंबर 2023 :- कुटुंबा थाना की पुलिस ने छापेमारी कर मंगलवार की रात्रि वारंटी रामवचन राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष माया कुमारी ने बताया पकड़ा गया वारंटी ढीबर पीपरा गांव का रहने वाला है। न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस देने के बावजूद वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहा था। ऐसे में कोर्ट ने उसके विरूद्ध गैर जमानतीय वारंट निर्गत किया था।

# शराब लदी बाइक जब्त, धंधेबाज फरार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 20 सितंबर 2023 :- कुटुंबा थाना की पुलिस ने मंगलवार की शाम दसवत बीघा गांव के समीप से शराब लदी एक बाइक जब्त की। यह कार्यवाही प्रभारी थानाध्यक्ष माया कुमारी ने की। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि धंधेबाज झारखंड से शराब लेकर उक्त पथ से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच में जुटी पुलिस को देखते ही बाइक सवारने बाइक की रफ्तार तेज कर दी और भागने लगा। उन्होंने बताया कि धंधेबाज अपने आप को पुलिस से घिरता देखकर उक्त गांव के समीप शराब लदी बाइक सड़क पर खड़ी कर दी और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। जांच के दौरान प्लास्टिक के गैलेन से पांच लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# केसीसी में दस हजार रुपए लाभ का झांसा देकर 98,469 रूपए का फजीर्वाड़ा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड में एक युवक से 98469 रूपए फजीर्वाड़ा करने का मामला प्रकाश में आया है। गोह थाना क्षेत्र के लोहड़ी गांव निवासी पीड़ित धीरज कुमार से 7 सितंबर को 8809979863 नंबर से फर्जी कर्मी का फोन आया उसने झांसे में लेकर कहा कि आपके खाते में किसान क्रेडिट कार्ड से दस हजार रुपए का लाभ हुआ है। इसे प्राप्त करने के लिए ऐनी डेस्क ऐप डाउनलोड करें इसके बाद फर्जी कर्मी ने क्रेडिट कार्ड नंबर और ओटीपी पूछा। जिसके बाद पीड़ित के खाते से 98469 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि धीरज कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 312/23 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल दो तिहाई मतों से पास होने पर कौटिल्य मंच से जुड़े महिलाओं ने किया प्रसन्नता व्यक्त.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार )- लोकसभा में महिला आरक्षण बिल दो तिहाही मतों से पास होने पर कौटिल्य मंच से जुड़े महिलाओं में प्रसन्नता व्याप्त है। व्यापक स्वागत करते हुए महिलाओं ने कही हैं कि मोदी सरकार द्वारा "महिलाओं के व्यापक हित में उठाया गया यह कदम संविधान और जनतंत्र को गौरवान्वित करने वाला है.जिन प्रमुख महिलाओं ने स्वागत किया है उनमें किरण पाठक ,रुक्मिणी पाठक ,कविता राउ,त पियूषा गुप्ता ,मृदुल मिश्रा, अनीता देवी ,सुनीता देवी ,चंचला शर्मा ,ममता गुप्ता ,प्रोफेसर रीना सिंह ,तरन्नुम तारा ,तस्लीम रेशमा, फूल कुमारी ,रीता पाठक, अनुपमा, ज्ञानेश, मेघा मिश्रा, मालती देवी ,बेबी देवी ,सुमो तारा चक्रवर्ती , पुष्पा गुप्ता ,नीलम कुमारी ,पूजा कुमारी ,संगीता कुमारी, कंचन पाठक ,मांडवी गुर्दा, गुंजा कुमारी, प्रियंका सिंह, रीना पासवान, रूपम कुमारी, गौरी मराठी ,प्रेरणा मराठे, रिंकी कुमारी, रूनी देवी ,रंजना पांडेय का नाम उल्लेखनीय हैं.

# गया पुलिस ने बैंक से लूटी गई राशि को किया बरामद एक सदस्य भी हुआ गिरफ्तार.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया पुलिस ने बैंक से लूटी गई राशि को बरामद करते हुए एक सदस्य को गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि कोढ़ा गैंग के एक सदस्य को लूटी गई राशि के साथ गया पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बताते चलें कि बैंक से रुपए निकाल कर जाने वाले ग्राहकों को रेकी कर उसके पास रहे ,पैसों को लूटने का काम करता था. जिसे पुलिस ने खुलासा किया है .साथ ही इनके गिरोह के 2 अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है. इसकी जानकारी सिटी एसपी हिमांशु ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया , वही सिटी एसपी हिमांशु ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि 19 सितंबर को बैंक से रुपए निकाल कर अपने कार से घर जा रहे थे, तभी कुछ काम के लिए अपनी गाड़ी को रोककर कार मालिक चले गए ,जहां गैंग के सदस्यों ने कार का शीशा तोड़कर ₹30000 निकाल लिए थे. वहीं दूसरे मामले में ₹100000 छिनतई मामले में भी यह शामिल था.

# अखिल भारतीय किसान संघ का चौथा सम्मेलन आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट मुख्यालय के पास स्थित खेल स्टेडियम गोड़ारी में अखिल भारतीय किसान संघ के चौथा प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का अध्यक्षता किसान संघ के सचिव राजेंद्र सिंह ने किया। सम्मेलन में पर्यवेक्षक अनुग्रह नरायण सिंह थे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये रोहतास जिला कमेटी सदस्य कामता यादव ने कहा कि आजादी के 75 वें वर्षों के बाद भी किसानों की हालत दयनीय है। केंद्र की भाजपा सरकार हर चीज पर टैक्स बांध कर महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया, जनता कराह रही है। डीजल-पेट्रोल के दामों में निरंतर वृद्धि से महंगाई आसमान छू रही है। मोदी सरकार जनता से किये वादा को पूरा नहीं किया। किसान सभा काराकाट प्रखंड सचिव राजेन्द्र सिंह ने मांग किया कि कदवन जलाशय योजना, किसानों के हर फसल पर एमएसपी लागू किया जाये, किसानों को खेती के लिए फ्री बिजली मुहैया कराये, दाखिल खारिज में किसानों व भूमि



मालिको को परेशान किया जा रहा उसे जल्द निष्पादन किया जाये करने की मांग किया। किसान महासंघ सम्मेलन में प्रखंड सचिव भैयाराम पासवान, विधायक प्रतिनिधि अवधेश सिंह,सूर्यदेव राम,मिथलेश राम तथा सीपीएम के राज्य कमेटी सदस्य जगन्नाथ प्रसाद किसानों की समस्याओं का समाधान केंद्र व राज्य सरकार से किया। अखिल भारतीय किसान महासभा में नई प्रखंड कमिटि का गठन किया गया। 21सदस्यीय कमिटि का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र सिंह,सचिव राजेंद्र सिंह, सुनील प्रजापति,गोपाल पांडेय, नंद कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष शिव नरायण सिंह, बैजनाथ राम,उपाध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह तथा सदस्य गया सिंह,गुप्तेश्वर सिंह, असरफ अली, चंद्रमा सिंह, सुदामा गिरी,संजय सिंह, महेंद्र राम सहित 21 सदस्यों का कमिटि गठित की गई।

# नौ सूत्री मांग को ले वार्ड सदस्यों ने दिया धरना

*नीतीश सरकार के विरुद्ध वोट का चोट देनें का किया ऐलान*

*सर्टिफिकेट वापस लेने का सरकार से किया अनुरोध.*

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

अपनी मांग की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए वार्ड सदस्यों ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में बैठ प्रखंड अध्यक्ष रवि रंजन सिंह के नेतृत्व में नौ सूत्री मांग को ले धरना प्रदर्शन किया। जानकारी प्रदान करते हुए वार्ड संघ के मीडिया प्रभारी संतोष पांडेय ने बताया कि सरकार ने वार्ड सदस्यों के प्रति उपेक्षा की नीति अपना रखी है।आज मंच से हमलोगों ने भी सरकार के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति अपनाये जाने की कसम उठाई हैं।अगामी लोकसभा चुनाव में हम वार्ड सदस्य जाति धर्म की राजनीति से उपर उठ विकास के खातिर नीतीश सरकार के विरुद्ध वोट की चोट करेंगे। सरकार हमसे अपना सर्टिफिकेट वापस ले लें. धरना को संबोधित करते हुए नथुनी प्रसाद ने कहां की सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारी खुद का दलाल रखे हुए हैं। खुद दलाली करा रहे हैं और जनता का काम ले प्रखंड कार्यालय जाने पर वार्ड सदस्यों पर दलाली का आरोप लगाते हैं। मो. हदीश अंसारी ने कहा कि सरकार ने कागज में स्कूल,स्वच्छता मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना,गरीबों को राशन कार्ड,गांव के विकास,आंगनवाड़ी समेत जनहित के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का अध्यक्ष वार्ड सदस्य में बैठ मिटिंग करते हैं। आँख नाक डूबाकर मलाई खाते हैं,और वार्ड सदस्य को पांच सौ की मानदेय भी समय पर नहीं दी जाती। साइकिल से चलने की हमारी औकात नहीं है।रोटी पर नमक तेल डाल अपने बच्चों को नहीं खिला पाते है.पुरी जवानी बीत गई फाइव स्टार होटल देखना भी



को बना रखा है। लेकिन अब किसी भी विभाग को हमारी आवश्यकता नहीं पड़ती। दलाल धडल्ले से फर्जी हस्ताक्षर से आम सभा की बैठक कर जनहित के योजनाओं का लाभ पैसा लेकर बेच रहे हैं। मो. रऊफ ने कहा कि जब हमारा कोई काम नहीं था,तो वार्ड सदस्य पद का चुनाव कराने का क्या औचित्य बन रहा था ? विकास के मुद्दों पर हम जनता को जवाब नहीं दे पा रहे है। संजय पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद लाखों की तनख्वाह लेते हैं।हवाई जहाज की सैर करते हैं.सेवेन स्टार हयात होटल नसीब नहीं हुआ। सरोज कुमार ने कहा कि गुंगे बहरे को सुनाने के लिए तेज अवाज में चिल्लाना पड़ता है। हमारी मांग को सरकार नहीं सुन पा रही है.जिससे हम वार्ड सदस्य धरना करने को मजबूर हैं। मौके पर मिना देवी,मालती देवी,पिंकी देवी,उर्मिला देवी,सविता देवी,सुषमा देवी,राहुल कुमार,महेंद्र शर्मा,संतोष कुमार यादव,आलोक कुमार,अजीत कुमार,अरविंद कुमार,नजीमुद्दीन अंसारी,रीना देवी,जितेंद्र राम,प्रमिला देवी समेत सभी वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलौथू में प्रारंभ किया गया एमडीए व आईडीए चक्र

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलौथू द्वारा बुधवार को एमडीए व आईडीए चक्र प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत दो साल से ऊपर के सभी बच्चों एवं व्यक्तियों को फलेरिया का दवा खिलाया जाएगा। बीएचएम अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 20 सितम्बर 2023 से 17 दिन तक चलेगा। इस कार्यक्रम में पहले 3 दिन सरकारी विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र या किसी सरकारी भवन पर आशा कार्यकताओं द्वारा सभी लोगों को दवा खिलाया जाएगा। तीन दिन के बाद आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर सभी लोगों को दवा खिलाएंगे। इस चक्र में तीन तरह का दवा खिलाया जाएगा। जो दो से पांच साल तक के बच्चों को एक एल्बेंडाजोल गोली व एक डीईसी की गोली, 6 से 14 साल के बच्चों को एक एल्बेंडाजोल की गोली एवं दो



डीईसी की गोली दी जाएगी । वहीं 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को एक एल्बेंडाजोल की गोली एवं तीन डीईसी की गोली दी जाएगी।साथ ही साथ जिन बच्चों या व्यक्तियों का हाइट 90 से 120 सेंटीमीटर है उनको एक इवरमेक्टिन का टेबलेट एवं जिनके हाइट 120 से 140 सेंटीमीटर है उनको दो इवरमेक्टिन का टेबलेट तथा जिस व्यक्ति के हाइट 140 से 160 सेंटीमीटर के हैं उनको तीन इवरमेक्टिन का टेबलेट एवं जो बच्चे एवं व्यक्ति 160 सेंटीमीटर से ज्यादा हाइट के हैं उनको चार इवरमेक्टिन का टैबलेट खिलाया जाएगा। इसके साथ 21 सितंबर 2023 को फैमिली प्लानिंग पखवाड़ा के मेले का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है। जिसमें सभी योग्य दंपत्ति को माला एन कंडोम व अन्य गर्भनिरोधक उपाय का साधन वितरित किया जाएगा।

# अमर शहीद जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस संपन्न

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम रोहतास**

जिला मुख्यालय सासाराम में कुशवाहा सभा भवन समिति द्वारा आयोजित अमर शहीद जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस समारोह सभा भवन के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह के अध्यक्षता एवं ट्रस्टी संरक्षक सत्यनारायण स्वामी के संचालन में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके सासाराम नगर निगम के मेयर काजल कुमारी एवं डिप्टी मेयर सत्यवंती देवी के द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीद जगदेव प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित किया। अमर शहीद जगदेव प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समारोह के मुख्य वक्ता विधायक फतेहबहादुर सिंह ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद शोषित और पीड़ित, दलितों के हक-हुकूक के लिए अपनी कुबार्नी देकर सदा के लिए अमर हो गए,उनकी कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सत्यनारायण स्वामी ने बताया कि बाबू जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 को भारत के बिहार प्रांत में जन्मे एक क्रांतिकारी राजनेता थे। जगदेव प्रसाद को बिहार लेनिन के नाम से जाना जाता है जिन्होंने एक अच्छे समाज को गढ़ने में जी-




जान लगा दिया। जगदेव प्रसाद का सिद्धांत संदेश उपदेश सारी मानवता के लिए था, उनके संदेश उपदेश पर चलकर मानवता को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में एसके जवी, सुग्रीव प्रसाद सिंह, जदयू के जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह कुशवाहा, विश्राम सिंह कुशवाहा, मथुरा सिंह, टेगर पासवान, कमलेश कुमार, अरुण कुमार कौशल, निर्भय कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, राम अवतार मौर्य, सुरेश सिंह, भंते राहुल, भंते धर्म पाल, रामानंद साधु, जय राम बौद्ध, इंजीनियर रामविलास सिंह, रामप्रवेश सिंह, सियाराम सिंह, राजेश्वर सिंह, नथुनी सिंह, रामचंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, पिंटू सिंह, अनिल सिंह, बाबूराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, चंदेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, कामेश्वर सिंह, सतनारायण सोनकर, मिथिलेश कुमार सिंह, शिव मुनि सिंह, मृत्युंजय सिंह, श्री भगवान सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# सीनियर सिटीजन एसोसिएशन का बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना के प्रांगण में बुधवार को स्थानीय सीनियर सिटीजन सेल का एक बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर ईश्वर चंद्र पाल ने किया व संचालन रामायण पांडे ने किया। बैठक के लिए पूर्व से थाना अध्यक्ष को एक लिखित पत्र दिया गया था। बैठक का मुख्य कुछ सेल के सदस्य की मृत्यु होने के उपरांत उनके ऊपर चर्चा भी की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि साल में एक बार थाना परिसर में बैठक आयोजित किया जाएगा। जिससे सीनियर सिटीजन को भी अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। सेल के सदस्यों ने अनुरोध किया है कि पुलिस के स्तर से तिथि निर्धारित कर बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित शिवप्रसाद ईश्वर चंद्र प्रसाद बिहारी लाल पाल अयोध्या प्रजापति संतन सिंह राजेंद्र सिंह आदि सदस्य गण मौजूद थे।

# पीएचसी में मिशन परिवार विकास अभियान के तहत मेला का हुआ आयोजन

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की हुई शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर पीएचसी परिसर में बुधवार को परिवार विकास अभियान कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। मेला के दौरान सरकार द्वारा परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी मेला में आये लोगों को दी गई। मेला में आये लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी ने कहा कि जनसंख्या के बढते दबाव के कारण समिति श्रोतों पर दबाव कम करना है। कम कीमत पर अथवा मुफ्त में गर्भनिरोधक उपायों तक सभी की पहुंच प्रदान करना। माता एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, किशोर या युवा माताओं की संख्या को कम करना हीं मिशन परिवार विकास अभियान का उद्देश्य है।पीएससी मैनेजर संदीप कुमार ने बताया कि मेला में आए योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि मालाडी,छाया कॉपर्टी सेमत कई अन्य गर्भनिरोधक



उपाय सरकारी अस्पताल में फ्री में मौजूद है। किसी भी दंपति को जरूरत हो वे इसे अपनाकर समाज व सरकार का सहयोग करें और एक खुशहाल परिवार को इंजॉय करें। मेला के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने खुद दवाई खाकर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत की। जानकारी प्रदान करते हुए बीसीएम मुकेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया के उन्मूलन हेतु आज से आशा के माध्यम से एलबेंडाजोल,डीईसी व आईभरएम दवाई आशा के माध्यम से डोर टू डोर खिलाई जायेगी। कार्य की जांच के लिए फैसीलेटर व मेडिकल टीम प्रतिनियुक्त है। ये अभियान 14 दिनों तक संचालित होगा। मौके पर डा सुशिल कुमार, डा राकेश कुमार,बीसीएम मुकेश कुमार,अकाउंटेंट विनोद द्विवेदी,कर्मी नवीन गौतम,जीएनएम रीमा कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# नगर परिषद में स्कूल व मस्जिद के बगल में होता है कुडा डंपिंग बच्चे परेशान

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नगर परिषद नोखा के पश्चिम पट्टी नुरी मस्जिद के पास ठीक बगल में कुडा का उठाव ना होने से स्कूली बच्चे परेशान है व गंद से मुहल्ले वाशी भी परिशान कुडा से उठने वाले दुर्गंध के कारण बच्चे को स्कूल में रहना मुश्किल हो जाता है। बच्चे कचरा पर खेलने भी चले जाते हैं। जो की गंदगी से और दुर्गंध से परेशान होते हैं। वहीं बगल में मस्जिद भी है जो की दुर्गंध उठती है। नोखा नगर परिषद द्वारा साफ सफाई के लिए एनजीओ को तो टेंडर दिया गया। पहले वाले एनजीओ को हटा कर दूसरा एनजीओ को दिया गया। लेकिन सफाई उससे भी खराब



हो रही है। रात, दिन दोनों समय सफाई होती है। लेकिन सफाई की हालत है कि स्कूल के बगल में कुडा पड़ा रहता है। जिससे स्कूली बच्चे परेशान है। नाली की सफाई नही होती। इसके अलावा नगर परिषद में एसबीआई के पीछे नाली की सफाई नही होती है। जबकि स्कूल में साफ सफाई को लेकर कई निर्देश दिए गए हैं। लेकिन यह सिर्फ कागज में होकर रह गया है। नगर पंचायत से नगर परिषद बना और टेंडर 32 लाख प्रति माह तक पहुंच गया। लेकिन सफाई के देखरेख करने वाले एनजीओ व वार्ड पार्षद की मनमानी के कारण बच्चे कूड़े के उठाते हुए दुर्गंध से परेशान है।

# जिलाधिकारी ने नीव ईंट फाउंडेशन के तहत स्वाभिमान फैलो को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

बुधवार को नीव की ईंट फाउन्डेशन के स्वाभिमान फैलो जय प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, विध्यांचल कुमारी एवं शिवमुनि कुमार को डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। नीव की ईंट फाउंडेशन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रोजेक्ट स्वाभिमान के तहत प्रथम चरण में (अक्टूबर 2022 से जून 2023) जिले के सासाराम प्रखंड तथा तिलौथू प्रखंड के 12 ईंट भट्टों में कार्य कर रहे मजदूरों एवं उनके बच्चो को अक्षर लर्निंग सेंटर के द्वारा बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं केन्द्र सरकार,राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। द्वितीय चरण में 100 अतिरिक्त ईंट भट्टो मे काम करने वाले मजदूरों को जोड़ने की योजना है। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 1380 मजदूर तथा उनके 411 बच्चे इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए है। नीव की ईंट फाउंडेशन द्वारा ईंट भट्टो में काम करने वाले लागो का एक सर्वे कराया गया था, जिसमें यह बात उभर कर सामने आई कि



कामगारों के बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित है क्योंकि मजदूर 7-8 माह भठ्ठो में काम करने हेतु परिवार सहित पलायन कर जाते है तथा बरसात के मौसम में अपने गृह स्थान पर आ जाते है। स्थाई आवासन न होने के कारण उनके बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित रह जाते है तथा श्रमिक लोग केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते है। विभिन्न योजनओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने हेतु नीव की ईंट फाउन्डेशन द्वारा जिला प्रशासन रोहतास के सहयोग से समत्व कैम्प लगवाए गये, जिसमे कामगारो को श्रमकार्ड, आयुष्मान कार्ड,बैंक खाता खोले गये एवं स्वास्थ्य की जाँच कराया गया तथा BOCW (भवन एवं अन्य सन्निर्माण) की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रोहतास,अपर समाहर्त्ता रोहतास, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# नवसुत्री मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय परिसर में वार्ड संघो ने किया धरना प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड मुख्यालय परिसर मे बुधवार के दिन सरकार द्वारा वार्ड के अधिकारो में किए गए कटौती एवं अपनी नवसुत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया । जिस कार्यक्रम का आयोजन वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक सिंह के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। वार्ड संघ के अध्यक्ष रामसेवक सिंह ने कहा कि जो पहले हम लोगों को कार्य करने का अधिकार मिला था, वह कार्य को



सरकार के द्वारा हस्तक्षेप कर वार्ड सदस्यों को कार्य मुक्त कर दिया गया है ,जिसको लेकर हम सभी ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। अगर सरकारी हमारी 9 सूत्री मांगो को पूरी नहीं करती है तो आगे भी हम शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। मौके पर विकास दुबे, सुरेंद्र बैठा, रविंद्र राम ,मोहन कुमार सिंह, पिंटू कुमार शर्मा ,अक्षय लाल राम, हरि नारायण सिंह, प्रकाश सिंह, धीरेंद्र सिंह सहित अन्य वार्ड उपस्थित थे।

# अज्ञात पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार दंपति हुए घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत कोचस थाना क्षेत्र के सरेया गांव के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। घायल पति-पत्नी की पहचान कैमूर रामगढ़ सिझुआ निवासी नंदलाल शाह तथा उनकी पत्नी रीना देवी के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि किसी कार्य हेतु बाइक सवार पति-पत्नी सरेया गांव की तरफ आए थे जिसमें लौट के दौरान गांव के समीप सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने थाने को दी जिसमें थाने की पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनों घायलों को कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक डॉक्टर केपी सिंह ने प्राथमिक उपचार कर नंदलाल शाह की पैर टूटने की बात कह व उनकी पत्नी को गंभीर चोटे आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजि

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम रोहतास**

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गरीब कल्याण सेवा कार्यक्रम को लेकर भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा भाव के रूप में रोहतास जिले के अमरा तालाब व पूर्व प्रमुख सासाराम राम कुमारी देवी के आवास पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गरीबों को डॉक्टर्स की टीम द्वारा जांच कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने किया तथा संचालन जिला महामंत्री विजय सिंह ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधान पार्षद निवेदिता सिंह व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने किया। पूर्व प्रमुख राम कुमारी देवी ने सभी अतिथियों और आगंतुको को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री जी गरीबों के मसीहा है और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रधानमंत्री बने है। इसलिए इनके जन्मदिन को सभी भाजपा कार्यकर्ता सेवा के रूप में कार्य करके उनके दीघार्यु होने की कामना करते है। वहीं विधानपार्षद निवेदिता सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाने वाले और महिलाओं के उत्थान में और उनके सुख दुख में साथ देने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर सेवा भाव से कार्य करके उनके लंबी उम्र की कामना करते है। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने सेवा पखवाड़ा के आगामी सेवा कार्य पर चलने वाले कार्यक्रम पर चर्चा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह, पंकज सिंह, सत्येंद्र सिंह, नगर दक्षिणी अध्यक्ष बृजनंदन कुशवाहा, जिला मंत्री रेखा चंद्रवंशी, संजीव मोहन,विजय शर्मा, सनी चंद्रवंशी, सनी चौरसिया, अरुण गुप्ता, कमलेश सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लोहिया स्वच्छता मिशन कर्मियों ने स्कूल की सफाई कर लगाया वृक्ष

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

स्वच्छ भारत मिशन व लोहिया स्वच्छता मिशन अन्तर्गत गांव में चलाये जा रहे सफाई अभियान के तहत बुधवार को बरना पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक बिनोद कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के पकड़ी मध्य विद्यालय की साफ सफाई कर परिसर में वृक्षारोपण कराया गया.जानकारी देते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक ने बताया कि स्कूल के परिसर में स्वच्छता कर्मियों के सहयोग से आम के पांच पौधे लगाये गये.पंचायत के



सभी गांवों के स्कूल,सरकारी व गैर सरकारी भीड़ वाले जगह अथवा धार्मिक स्थलों,गली नाली की साफ सफाई स्वच्छता कर्मी अच्छे से कर रहे हैं.मौके पर समाजसेवी अंजय ब्रहमचारी, लालबाबु तिवारी नेताजी,मुखिया प्रतिनिधि संतोष उर्फ बदे तिवारी,दुखी साह,सुखु राम, गया राम समेत अन्य मौजूद रहे।

# शराब साथ दो कारोबारी गिरफ्तार ,भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले काराकाट थाने की पुलिस ने देशी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस आशय की जानकारी देते हुए काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम वेनसागर के 4 लीटर देसी शराब के साथ दीपक कुमार पिता नेपाली सिंह तथा जितेन्द्र साह पिता स्व.सत्यनारायण साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए उक्त दोनों कारोबारी को जेल भेज दिया।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक की मौत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले में दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा मोहनियां नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गयी। घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के तेनुआठ गांव के समीप आरा मोहनियां मुख्य मार्ग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेनुआठ गांव के समीप आरा मोहनियां नेशनल हाइवे 319 पर मंगलवार को देर शाम अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक तेनुआठ गांव निवासी बुद्धू सिंह के 35 वर्षीय पुत्र गया सिंह बताया जाता है। युवक सरना गांव से तेनुआठ पैदल जा रहा था तभी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने जख्मी युवक को स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया,जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।समाचार लिखे जाने तक थाना से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में मृतक के परिजनों द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है।

# शराब की नशे में पुलिस ने दो सराबी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

शराब सेवन तथा शराब कारोबारी के प्रति प्रशासन सख्त हो गई है, जहां सेवन करते लोगो को तथा शराब कारोबारीयों को पुलिस गिरफ्तार कर जल भेजने में जुट गई है। वही कोचस थाना के सहायक ओपी परसथुआ ओपी की पुलिस ने गस्त के दौरान बाजार से नशे की हालत में दो शराबियो को गिरफ्तार की है जिनके पास से दो पीस देसी शराब भी बरामद की गई है ।इसकी जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस दिन में गस्त पर थी की पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति शराब पीकर



गाली गलौज कर रहे हैं, तभी ओपी पुलिस ने बाजार से अरविंद कुमार उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय रामाशीष सिंह ग्राम व थाना परसथुआ तथा अजीत कुमार उम्र 25 वर्ष पिता राजवंश सिंह ग्राम डंगरी थाना कुदरा कैमुर को शराब के नशे के साथ उनके पास से दो पीस ब्लू लाइन देसी मसाला शराब को बरामद किया है। वही पुलिस दोनों शराबियों को अपने हिरासत मे ले कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रखंड प्रमुख ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिक्रमगंज में प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने हेतु प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली स्वयं फाइलेरिया का दवा खाकर शुभारंभ किया। प्रखंड प्रमुख के द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया की दवा सभी लोगों को निश्चित रूप से खाना चाहिए, ताकि हमारे प्रखंड राज्य और देश फाइलेरिया रोग से मुक्त हो सके। प्र-



खंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि फाइलेरिया घातक बीमारी है, इसे सिर्फ दवा खाकर फाइलेरिया रोग से मुक्ति मिल सकता है। उन्होंने यह कहा कि 20 सितंबर 2023 से लेकर 6 अक्टूबर 2023 तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलेगा। अगर आपके द्वारा फलेरिया दवा के सेवन नहीं करने पर हाथी पांव होने का खतरा बना रहता है। इस मौके पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार, रंजन कुमार, डॉ अमरेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, अनीश नारायण बीसीएम , फाइलेरिया कोऑर्डिनेटर सतीश कुमार, डी पी एच ओ कुश कुमार,फाइलेरिया पर्यवेक्षक मोहम्मद रिजवान,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता कुमारी उपस्थित थे। पीएचसी स्वास्थ्य प्रबंधक ने कहा कि आज से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू हुआ है।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह नोखा, रोहतास**

जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को नोखा थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सासाराम आरा मुख पथ पर जख्मी पुल के समीप एसआई वसंत कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहनों के कागजात जांच की गई। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां बाइक चालकों से हेलमेट जूता व कागजात ड्राइवर लाइसेंस और चार पहिया वाहनों की डिक्की की जांच, सीट बेल्ट व ड्राइवर लाइसेंस जांच की गई। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार कहां कि समय पर वाहन जांच चेकिंग करने का निर्देश एसपी साहब के प्राप्त हुआ है। इस आलोक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया की दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर चलने का निर्देश दिए गए। वही वाहनों की जांच नियमित की जाएगी।

# चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर 83 लाख रुपये के सोने के साथ दो गिरफ्तार

विनोद कश्यप, प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चंडीगढ़ , सितम्बरः शहीद भगतसिंह हवाईअड्डा, चण्डीगढ़ पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सिगरेट के पैकेट में 83 लाख रुपये के सोने की तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने बुधवार को कहा कि आरोपियों को प्रोफाइलिंग के आधार पर पकड़ा गया। दोनों आरोपी दुबई से चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचे थे।




अधिकारी ने कहा, हमने उनके सामान की जॉंच की, जिसमें कुल 1,400 ग्राम वजन वाले सोने के 12 बिस्कुट मिले, जिनकी कीमत 83 लाख रुपये है। वे सिगरेट के पैकेट में इसकी तस्करी कर रहे थे।

बरामद सोने को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया और यात्रियों को बाद में सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

# हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी दस्ता ने रिश्वतखोरी मामले में सिंचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को किया गिरफ्तार

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, हरियाणा के हिसार के एक भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते ने सिंचाई विभाग के अभियन्ता, क्लर्क और अकाउंटेंट को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इन्होंने बिल पास कराने की एवज में गाँव बधावड़ के ठेकेदार से 45000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। मामले में बरवाला के गांव बधावड़ के रहने वाले जितेंद्र ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की थी।

शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसने वर्ष 2022 में गॉंव में एक ड्रेन खोदने का कार्य ठेके पर लिया था। कार्य के पूरा होने पर विभाग से 22 लाख रुपए की पेमेंट नहीं मिल पा रही थी, तो सिंचाई विभाग के क्लर्क ने रुपए की मांग की थी। पहले 23500 लेकर 10 लाख का बिल पास करवाया था।

### दोबारा बिल पास के लिए मांगी रिश्वत

इसके बाद दोबारा से 12 लाख रुपए के बिल को पास करवाने के लिए इन्होंने 45000 रुपए की मांग की। बाद में 35000 रुपए में सौदा तय हो गया। इसके बाद जितेंद्र ने विजिलेंस टीम को शिकायत दे दी। ठेकेदार जितेंद्र द्वारा शिकायत देने पर इंस्पेक्टर अजीत सिंह गिल ने टीम तैयार की। ठेकेदार जितेंद्र को रुपए देकर भेजा। ठेकेदार ने जैसे ही सुखविंदर को 35000 दिए। भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते के इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### भ्रस्टाचार विरोधी दस्ते ने पहले दी रिश्वत की रकम की बरामद

सुखविंदर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद सच्चाई विभाग में लेखा लिपिक जगदीश चंद्र को भी टीम ने हिसार के ग्लोबल स्पेस से काबू किया। वहीं, एक्सियन को नहर कॉलोनी हिसार से काबू किया। इंस्पेक्टर अजीत सिंह गिल ने बताया कि शिकायतकर्ता ने कुछ दिन पहले आरोपियों को 23500 दिए थे, जिन्हें बरामद कर लिया गया है।

आरोपी लेखा लिपिक जगदीश चंद्र से 5500 रुपए और 18000 रुपए बरामद कर लिए गए हैं। इस भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की टीम में इंस्पेक्टर अजीत सिंह, ए.एस.आई. विजेंद्र, इ.एच.सी.प्रमोद, इ.एच.सी. इंद्रपाल, ई.एस .आई चरण पाल, सिपाही राजेश टीम में मौजूद रहे।

# रोहतक शहर मे हर ऑटो पर लगेगा 4 अंक का विशेष नम्बर- हिमांशु गर्ग

चण्डीगढ़, सितम्बरः रोहतक स्थित पुलिस लाइन मे विशेष कैम्प लगाकर सभी स्थानीय ऑटो का डाटा एकत्रित किया जायेगा। यह बात पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने आज लघु सचिवालय परिसर में कही।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नगर में जितने भी ऑटो वर्तमान में चल रहे हैं,उनके मालिकों को अपने- अपने वाहनों के पूरे कागजात लेकर उनकी प्रतियाँ निर्धारित तिथि पर उनके कार्यालय में जमा कराते हुए पावती भी लेकर जाना होगा।उन्होंने कहा जब तक वाहन

वो सभी वाहनों पर 4 अंक का नंबर जारी नहीं होता तब तक ऐसे ऑटो नगर सीमा क्षेत्र में चलाना अवैध माना जायेगा। ऑटो वालों को नंबर डायल 112 ऐप के साथ पूरा डाटा शेयर किया जायेगा ।

श्री गर्ग ने कहा कि यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है कि बहुत से ऑटो वाले विभिन्न प्रकार की घटनाओं को करने के तुरंत के बाद मौका मिलते ही फरार हो रहे हैं। राहगीरों से जब ऑटो के विशेष नम्बर से पता लगेगा तो ऑटो चालक का पूरा विवरण अपने आप पटल पर मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक श्री हिमांशु गर्ग ने लघु सचिवालय में इस उद्देश्य के लिए ऑटो यूनियनों के पदाधिकारियो के साथ बैठक की जिसमें ऑटो चालकों को विस्तार से बताया गया है।

इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेधा भूषण, उप पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र सिंह, आरटीए आईएफएस अधिकारी डॉ. सुनिल कुमार, प्रभारी थाना ट्रैफिक निरीक्षक शमशेर, निरीक्षक विरेन्द्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि रोहतक शहर मे बड़ी संख्या में ऑटो चलते है। महिलाएं/लडकियों ऑटो में सवारी करते समय विशेषकर रात्री के समय असुरक्षित महसूस करती हैं। कई बार ऑटो में छोटी-मोटी घटनाएं हो जाती है लेकिन सवारियों को ऑटो नम्बर याद नहीं रहता या ऑटो नम्बर ऐसी जगह पर होती है जो सवारी को दिखाई नहीं देता। इसके लिये जिला पुलिस व आरटीए द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर प्रत्येक ऑटो पर विशेष स्टीकर लगाए जाएंगे।

# पंजाब में आम आदमी पार्टी का पलड़ा भारी

## भाजपा के पूर्व विधायक ने छोड़कर आम आदमी पार्टी की ली सदस्यता

विनोद कश्यप प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण पंजाब,
हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः पंजाब में आम आदमी पार्टी के खेमे में एक नए नेता की एंट्री हुई है। दरअसल, अबोहर से पूर्व बीजेपी विधायक अरुण नारंग ने आप का दामन थाम लिया है। वह सीएम भगवंत मान की उपस्थिती में आप में शामिल हुए। भगवंत मान ने पार्टी का पटका पहना नारंग का स्वागत किया।

वहीं अरुण नारंग के शामिल होने पर आम आदमी पार्टी ने ट्वीट करते हुए कहा कि, पंजाब में आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। मान सरकार की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर अबोहर से पूर्व भाजपा विधायक अरुण नारंग आप में शामिल हुए हैं।



बताया जा रहा है कि, सुनील जाखड़ को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से अरुण नारंग बीजेपी से नाराज चल रहे थे। साथ ही यह ज्ञात रहे कि, तीन कृषि कानूनों के विरोध में चले किसान आंदोलन के दौरान अरुण नारंग को जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था और उनके कपड़े फाड़ दिए गए थे।

### 'महिला आरक्षण राजनीतिक मुद्दा नहीं', लोकसभा में विपक्ष को गृहमंत्री अमित शाह ने दिया जवाब

नई दिल्ली. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि महिलाओं के लिए आ-रक्षण 'भाजपा के लिए राजनीतिक



मुद्दा नहीं बल्कि मान्यता का मामला है.' विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ह्यकुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तिकरण एक राजनीतिक मुद्दा हो सकता है. उनके लिए यह चुनाव जीतने का एक राजनीतिक एजेंडा और हथकंडा हो सकता है, लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है.

संसद के विशेष पांच दिवसीय सत्र के तीसरे दिन लोकसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के शपथ लेने के बाद से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, समान भागीदारी, सरकार की जीवन शक्ति रही है... उन्होंने जी20 में महिलाओं के नेतृत्व वाली प्रगति का दृष्टिकोण भी प्रस्तुत किया.

#### महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की गारंटी देने वाला महिला आरक्षण विधेयक

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आ-रक्षण की गारंटी देने वाला महिला आरक्षण विधेयक को विशेष सत्र के बीच लोकसभा में पेश किया गया था. केंद्र सरकार ने इसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व नाम दिया है. इस बिल के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 15 साल के लिए मिलेगा. यानी 15 साल बाद महिलाओं को आरक्षण देने के लिए फिर से बिल लाना होगा.

# विधायक भव्य बिश्नोई ने आदमपुर हलके के विभिन्न गांव में विकास कार्यो का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई के निर्देश पर आज स्थानीय बीडीपीओ ब्लॉक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जन सुविधा कैंप लगाया गया, जिसमें हलक-ावासियों की फैमली आईडी, बुढ़ापा पैंशन, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की विसंगतियों को दूर किया गया। विधायक ने कैंप में पहुंचकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कैंप में आए ज्यादातर लोगों की आज ही समस्याएं दूर होनी चाहिए और जिन लोगों की परेशानी रह गई है, उनकी एक सप्ताह के अंदर-अंदर दूर होनी चाहिए और एक सप्ताह के बाद वे अधिकारियों से इस बारे में रिपोर्ट लेंगे। इस दौरान विधायक ने स्वयं लोगों की समस्याएं सुनी मौके पर ही और संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूर करने के निर्देश दिए। विधायक ने इसके उपरांत हलके के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसी



कड़ी में आदमपुर ग्रीन बैल्ट में पौधारोपण, जवाहर नगर में गली का उद्घाटन, गांव मोठसरा में खाल के मोगे बिछाने का कार्य, डोभी में गली निर्माण, असरावा में लाइब्रेरी तथा आदमपुर में नवनिर्मित गौशाला शैड का उद्घाटन किया। भव्य ने कहा कि हलके में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। हर गांव में जोर-शोर से विकास कार्य चल रहे हैं। बिजली, पानी, खाल, सडक, पेयजल सप्लाई लाईन सहित बड़े स्तर पर किास कार्य चल रहे हैं। आने वाले समय में विकास कार्यों में और ज्यादा तेजी लाने का उनका प्रयास है। उन्होंने कहा कि विकास पुरूष मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी के आशीर्वाद और चौ. कुलदीप बिश्नोई एवं हम सबके सांझा प्रयासों से आदमपुर विकास की इबारत लिख रहा है।

इस दौरान जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, मुनीष ऐलावादी, सुशील भादू, ओमप्रकाश मील, घनश्याम शर्मा, पवन जैन, सुकरम तेलनवाली, सुभाष मोडाखेडा, विक्रम काकड़, पवन सांवत, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ओल्ड गुरुग्राम से साइबर सिटी तक 27 किमी का बिछाया जाएगा मैट्रो जाल

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण
हरियाणा/पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के गुरुग्रामवासियों की सुविधा के लिए एक बड़ी एक बड़ी योजना को अमलीजामा पहनाने की जोरदार चर्चा चल रही है। इस चर्चा में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विसेज ने वाटिका चौक से लेकर मानेसर तक मेट्रो का ड्राफ्ट प्लान तैयार कर लिया है। जिसके चलते 15 सितंबर को गरुग्राम स्थित हरियाणा मास रेपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के गुरुग्राम ऑफिस में बैठक बुलाई गई थी।

इस बैठक का मुख उद्देश्य ड्राफ्ट प्लान को देखने के बाद सभी अधिकारियों के मेट्रो रूट को लेकर सुझाव लेना था। विदित हो कि एचएमआरटीसी ने राइट्स को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे स्थित वाटिका चौक से लेकर दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर मानेसर तक मेट्रो की डीपीआर तैयार करने का कार्य सौंपा था। जिसे लेकर राइट्स ने ड्राफ्ट अलाइनमेंट तैयार कर ली है।



एचएमआरटीसी की तरफ से फरीदाबाद से गुरुग्राम के वाटिका चौक तक मेट्रो का प्लान बनाया गया है। हालाँकि अभी तक इस पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है। डीपीआर तैयार हो चुकी है।

इसके साथ ही अब वाटिका चौक से मानेसर तक मेट्रो की डीपीआर अब तैयार की जा रही है। बता दें कि इन दोनों रूट के अमल में आने से गुड़गांव के मानेसर और फरीदाबाद का इंडस्ट्रियल एरिया आपस में कनेक्ट हो जाएगा।

एचएमआरटीसी का प्लान है ओल्ड गुरुग्राम में मेट्रो का जाल बिछाना। जिसके तहत करीब 27 किलोमीटर लंबी मेट्रो रूट की डीपीआर तैयार की है। ये मेट्रो मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से शुरू होगी, जो हीरो होंडा चौक से कई सेक्टर में होते हुए साइबर सिटी से कनेक्ट होगी।

# हरियाणा सरकार ने तैयार की नई नीति

## एक लाख से अधिक आय वाले लाभार्थियों पर कसी लगाम, राशन बटुआ स्कीम के तहत उन्हें अब नहीं मिलेगा सरसों का तेल

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा सरकार ने राशन बटुआ स्कीम में पर पुनः विचार करते हुए इसके तहत दी जा रही कुछ सहूलियतों पर लगाम लगा दी हैं। नीति में इस परिवर्तन से जनकल्याण संगठनों और लाभार्थियों के बीच महत्वपूर्ण चचाओं और चिंताओं का दौर उत्पन्न हो गया है। राज्य सरकार ने वाणिज्यिकियकरण प्रक्रिया को संरचित करने के उद्देश्य से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी ) प्रणाली की शुरूआत की है। इस प्रणाली के माध्यम से परिवारों को उनकी वार्षिक आय के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें योग्यता प्राप्त होती है कि वे कितने मात्रा में आवश्यक वस्त्रादि वस्तुएं प्राप्त करें।

नई नीति के अनुसार, जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक है, उन्हें अब राशन बटुआ से सरसों का तेल नहीं मिलेगा। यह निर्णय बहुत से लाभार्थियों में उत्सुकता और चिंता का कारण बन गया है, जो इस श्रेणी में आते हैं। उन्होंने यह तर्क दिया है कि इस नीति का अनुसरण करने से उनके मासिक व्ययों पर भारी असर पड़ेगा, क्योंकि सरसों तेल उनके घरों में महत्वपूर्ण अंश है।

### उच्च आय वालों को नहीं मिलेगा सरसों का तेल

उच्च आय वाले परिवारों को सरसों तेल नहीं मिलने की यह नई नीति विभिन्न प्रतिक्रियाओं का कारण बनी है। कुछ लोग इसे उन परिवारों के लिए कदम उठाने की दिशा में मानते हैं, जिन्होंने अर्थवाणिज्यिक संकटों का सामना किया है और उन्हें विशेष आर्थिक समर्थन की आवश्यकता है। उन्हें यह मानना है कि संसाधनों को उन परिवारों के पक्ष पर उन्मुख करने के लिए यह कदम उचित है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने बताया है कि इस निर्णय का उद्देश्य संसाधनों का सर्वोत्तम विनियमन करना है और सरसों के तेल का उपयोग उन लोगों तक पहुंचाना है जिन्हें यह सबसे ज्यादा आवश्यकता है। उन्होंने यह मानने की बात की है।

# रोहतक रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने भिवानी में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम आपराधिक मामलों के निपटान के लिए ली बैठक

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः बुधवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक रेंज, रोहतक श्री के के राव आईपीएस विशेष रूप से पुलिस लाईन भिवानी पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री के के राव का पुलिस लाईन पहुंचने पर पुलिस के जवानों द्वारा सम्मान स्वरूप सलामी दी गई। पुलिस लाईन भिवानी में उन्होंने जिला भिवानी के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध, कानून एवं व्यवस्था व अन्य मुद्दों से संबंधित तुलनात्मक आंकड़ों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर बैठक में श्री के के राव आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक रेंज रोहतक की मुख्य मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला भा०पु०से०, सहायक पुलिस अधीक्षक, सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व जिला के सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे है।

मीटिंग में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला आईपीएस के द्वारा जिला की भौगोलिक परिस्थितियों, थाना व चौकियों तथा मुख्य मार्गों के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय को विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया गया। मीटिंग के दौरान अनेक विषयों तथा आपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। जिनमें तुलनात्मक आपराधिक आंकड़ों के साथ-साथ स्थानीय एवं विशेष प्रावधानों के तहत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करना, लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा, उदघोषित अपराधी, बेल जंपर, मोस्ट वांटेड तथा आपराधिक गिरोह में शामिल दोषियों की धरपकड़ के लिए की गई कार्यवाही,



मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दोषियों की संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई, शस्त्र लाइसेंसों का विश्लेषण, पासपोर्ट एवं शस्त्र लाइसेंस वेरिफिकेशन की कार्यवाही, दर्ज आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल की कार्यवाही, चिन्हित अपराधों की रोकथाम के लिए निगरानी, मादक एवं नशीले पदार्थों, जुआ सट्टा, अवैध शराब की तस्करी तथा अवैध असलाह को पकड़ने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई कार्यवाही की समीक्षा, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था के हालात की समीक्षा, अपराध की दृष्टि से संवेदनशील एरिया में पुलिस की मौजूदगी एवं निगरानी इत्यादि विषयों की समीक्षा करते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

एडीजीपी श्री के के राव ने बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि संगीन किस्म के अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच करके त्वरित कार्रवाई की जाए।



इसके अलावा नशा तस्करी के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने व नशाखोरी का अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में जाए।

उन्होंने जिला के मोस्टवांटेड, उद्घघोषित अपराधियों, बेल जम्परों व पैरोल जम्पर अपराधियों को पकड़ने के लिए गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपराधों की रोकथाम, शांति एवं कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी व थाना प्रबन्धक अपने-अपने क्षेत्र में मोजिज व्यक्तियों से संपर्क, प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी व सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि कानून व्यवस्था एवं शांति बनी रहे।

# जल्द होंगे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव,

## 30 सितंबर तक नए वोट बनवाने का समय

ैनिक समाज जागरण हरियाणा

पानीपत.हरियाणा के गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त न्यायमूर्ति एचएस भल्ला ने राज्य सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ कर दी है.पूरे प्रदेश में एक सितंबर से 30 सितंबर तक नए वोट बवाने का समय निर्धारित किया गया है. इस अवधि में कोई भी नया मतदाता स्वयं को एचएसजीपीसी के मतदाता के रूप में पंजीकृत करवा सकता है. हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के वार्डों का परिसीमन राज्य सरकार द्वारा किया जा चुका है.28 जुलाई को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित सूचना के मुताबिक पूरे प्रदेश को 40 वार्डों में विभाजित किया गया है.

इसके बाद से हरियाणा में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों को लेकर सरगर्मियां बढ़ गई हैं. हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के होने वाले चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने को लेकर बुधवार को हाई कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश एचएस भल्ला कमीश्नर हरियाणा गुरूद्वारा इलेक्शन ने नोडल अधिकारी और एस-ाडीएम मनदीप सिंह से जिला सचिवालय में उनके कार्यालय में मुलाकात कर वोटो की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली.एसडीएम मनदीप सिंह ने कार्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत किया

### एचएसजीपीसी चुनावों की तैयारी




नोडल अधिकारी मनदीप सिंह ने कहा कि चुनाव को लेकर वोट बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है.सिख समुदाय के मतदाताओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.अब तक 2185 मतदाताओं के वोट बनाने का कार्य पूरा हो चुका है.उन्होंने बताया कि सिख समुदाय में वही व्यक्ति बनवा सकता है जो 18 वर्ष का है व केशधारी है. इन्हीं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव में वोट देने का अधिकार है.

### पंजाबी भाषा में तैयार किया सॉफ्टवेयर

सेवानिवृत न्यायाधीश एचएस भल्ला कमीश्नर हरियाणा गुरूद्वारा इलेक्शन ने ये भी बताया कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव निष्पक्ष कराने को लेकर कमीशन पूरी तरह से तैयार है. पंजाबी भाषा में सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है जिसका लिंक शीघ्र जारी किया जाएगा.जो वोट बनाने में सहायक होगा.

### सिख समुदाय के लोगों से अपील

उन्होंने बताया कि जैसे ही वोट बनाने का काम पूरा हो जाएगा उसके बाद चुनाव की घोषणा की जाएगी.उन्होंने सिख समुदाय के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट बनवाने की अपील भी की. इस दौरान मौके पर तहसीलदार वीरेन्द्र, रजिस्ट्रार भूपेन्द्र सिंह, लॉ ऑफिसर सन्नी ढुल मौजूद थे।

## आर्थिक हल युवाओं को बल" के अंतर्गत संचालित योजनाओं का जिला प्रशासन की टीम ने कॉमर्स कॉलेज आकर बच्चों को किया जागरूक

**मधेपुरा।** जिला पदाधिकारी मधेपुरा के आदेशानुसार चयनित स्थल भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा के वर्ग कक्ष में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को 'आर्थिक हल युवाओं को बल" के अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट योजना , स्वयं सहायता भत्ता योजना एवम कुशल योजना प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी मधेपुरा के ज्ञापांक 275 दिनांक 11 सितंबर के आलोक में महाविद्यालय आई टीम में जफर इकबाल ए एम एस डी आर सी सी मधेपुरा, कुंदन कुमार झा, सुमित कुमार सत्येंद्र कुमार एस डब्ल्यू ओ, संजीत कुमार एवम कमलेश कुमार सिंह एम पी ए डी आर सी सी मधेपुरा आए थे। इस आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार ने बताया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मधेपुरा द्वारा संचालित तीनों योजना यथा बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम के मासिक रैंकिंग प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान यह ज्ञात हुआ हैं कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना में जिले की स्थिति आशा अनुरूप नहीं है। इन योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के स्थिति में सुधार हेतु व्यापक एवं सघन प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। उक्त के आलोक में +2 विद्यालय, महाविद्यालय, मदरसा, संस्कृत महाविद्यालय, पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले काउंसिलिंग कार्यक्रम में उस पंचायत के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य, विकास मित्र, टोला



सेवक, आंगनवारी सेविका / सहायिका के अतिरित उस पंचायत में निवास करने वाले न्यूनतम 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 15 से 30 आयु (कुशल युवा कार्यक्रम में सामान्य वर्ग-28, पिछड़ी जाति वर्ग 31 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग-33, बिहार स्टुडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना के लिए सभी वर्ग के लिए 25 वर्ष स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के लिए एवं 30 वर्ष स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए तथा स्वयं सहायता भत्ता में वर्ग - 20 से 25 वर्ष) के सभी व्यक्ति / छात्र / युवा भाग लेंगे। पंचायत स्तर पर कार्यरत आंगनवाड़ी सेविका / सहायिका / विकास मित्र / टोला सेवक एवं जीविका कर्मियों आदि के द्वारा गाँव-गाँव प्रचार-प्रसार किया जायेगा एवं वे स्वयं भी प्रखंड स्तर / पंचायत स्तरीय काउंसिलिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे। काउंसिलिंग कार्यक्रम में डी०आर०सी०सी० स्तर पर गठित दल द्वारा संबंधति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं उपस्थित व्यक्तियों का फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा। +2 विद्यालय, महाविद्यालय, मदरसा, संस्कृत महाविद्यालय, पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय काउंसिलिंग कार्यक्रम हेतु इस पत्र के साथ माइक्रोप्लान संलग्न कर दी जा रही है जिसका अनुपालन निर्धारित तिथि के अनुसार संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा किया जाना अनिवार्य है। पंचायत स्तर पर काउंसिलिंग कार्यक्रम हेतु निम्न प्रकार से 02 दल का गठन किया जाता है जिसके द्वारा निर्धारित तिथि को ससमय काउंसिलिंग कार्यक्रम किया जायेगा। साथ ही इन दलों के प्रभारी पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे काउंसिलिंग के एक दिन पूर्व सभी संबंधित मुखिया एवं अन्य जन प्रतिनिधियों, संबंधित सरकारी सेवकों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को अधिक-से-अधिक सफल बनाऐगें तथा प्राप्त ऑफलाईन आवेदनों की विस्तृत प्रतिवेदन प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र को उपलब्ध कराएंगें। प्रत्येक कॉउंसिलिंग कार्यक्रम में अधिक से अधिक स्वयं सहायता भत्ता एवं बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना का ऑफलाईन प्राप्त आवेदन करते हुए इसका प्रतिवेदन प्रबंधक डी०आर०सी०सी० को उपलब्ध कराऐंगे। प्रबंधक, डी०आर०सी०सी० को निदेश दिया गया कि प्रत्येक दल के उपलब्धि का अनुश्रवण करेंगे तथा प्राप्त ऑफलाईन आवेदनों का सत्यापन करवाना सुनिश्चित करेंगे। इसी कड़ी में इस टीम का महाविद्यालय आकर बच्चों के बीच जानकारी दी गई। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. कमलेश कुमार, डा. सत्येंद्र कुमार, बर्सर डा. निजामुद्दीन, डा. प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

## डकैती कांड का उद्भेदन 06 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही लुटा गया समान बरामद

**रानीगंज ।** 17 सितंबर की रात्रि करीब 12.30 बजे रानीगंज थाना अंतर्गत रिंकू नायक, पिता स्व० श्यामदेव - नायक, सा०- काला बलुआ के घर में 10-12 नकाबपोश अपराधकर्मियों द्वारा गृह डकैती की घटना को अंजाम गया और वादी के घर से 5500 रूपए, सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, मोबाईल, अटैची आदि सामान को लूट लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में रानीगंज थाना अंतर्गत कांड संख्या-367/23, दिनांक - 17/0923, धारा -395 भा० द० वि० अंतर्गत दर्ज किया गया था। प्रतिवेदित कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसन्धान एवं आसूचना संकलन



के आधार पर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही लुटा गया रूपया 3000.0हजार, 03 मोबाइल, चांदी के जेवरात - 02 चैन, 01 अंगूठी, 02 जोड़ी पायल, बर्तन, कपड़े कागजात आदि एवम घटना में प्रयुक्त 01 नकाब खंती को भी गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बरामद कर लिया गया है। अन्य अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। उपर्युक्त संबंध में रानीगंज थाना अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 01- मो० जाकिर पिता मो0 आलम, सा०- -कालाबलूवा 02- प्रकाश ऋषिदेव, पिता- बसदेव ऋषिदेव, सा०- परिहारी 03- मनोज साह, पिता शनिचर साह, सा०छित्तयोना तीनों थाना- -रानीगंज 04- सुमन पासवान, पिता रमेश पासवान, सा०- बरमोत्रा, थाना- भरगामा 05- मो० सईम पिता मो० यूसुफ, सा०- ढोलबज्जा 06- गोपाल मंडल, पिता स्व० रामजी मंडल, सा०- -खमकोला, दोनों थाना- फारबिसगंज, सभी जिला - अररिया का है।

## कुलपति का सम्मान समारोह आयोजित

### *वक्ताओं ने कहा कि कुलपति प्रो. डा.रमण का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा*

**मधेपुरा।** बीएनएमयू के कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण के स्वर्णिम कार्यकाल पूरा होने पर विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. रमण ने कहा कि मधेपुरा ही उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि दोनों है। उन्होंने यहीं से शिक्षा प्राप्त की और यहीं लंबे समय तक शिक्षक भी रहे। उनका यह सौभाग्य है कि उन्हें कुलपति के रूप में अपनी जन्मभूमि की सेवा का अवसर मिला। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रो. रमण का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा। इनके कार्यकाल में लगातार दो दीक्षांत



समारोह आयोजित हुआ। सरकार द्वारा स्नातकोत्तर के अठारह ने विषयों की मान्यता मिली। सभी स्नातकोत्तर विभागों में एक, दो, चार के अनुपात में शिक्षकों का पद सृजन करने में सफलता मिली। प्रो. रमण के कार्यकाल में नार्थ कैंपस में 15 स्मार्ट क्लास रूम, वीसी, प्रोवीसी, नार्थ कैम्पस में काफी निर्माण कार्य किया गया। वहां भव्य अतिथिशाला, डाटा कलेक्शन सेंटर, चारदीवारी एवं गेट निर्माण हुआ। स्नातक स्तर पर सीबीसीएस पाठ्यक्रम को लागू किया गया। स्नातक का सत्र भी लगभग नियमित हो गया। ओल्ड कैंपस में पुलिस चौकी का निर्माण हुआ। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. भूपेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. अशोक कुमार, शंभू नारायण यादव, डॉ. राजेश्वर राय आदि उपस्थित थे।

## जीविका रानीगंज ने किया रोजगार मेला का आयोजन

**रानीगंज।** जीविका रानीगंज द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत रानीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई रानीगंज अररिया की ओर से रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन 20 सितंबर 2023 दिन बुधवार को किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रीतम कुमार चौहान, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री चेतन कुमार, प्रबंधक संचार-सह-प्रबंधक रोजगार श्री नारायण कुमार, प्रबंधक रोजगार कटिहार श्री अमित सागर और सीएलएफ की लीडर्स ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रीतम कुमार चौहान ने कहा कि युवाओं के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका है। बेरोजगारी के इस दौर में रोजगार मेला बहुत बड़ा सहारा है। इस मेला में भाग



लेकर रोजगार प्राप्त करें। वहीं जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार ने भी युवाओं से इस मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए यह संगठित क्षेत्रो में रोजगार पाने का बहुत ही अच्छा अवसर है। अधिक से अधिक संख्या में युवा इसका लाभ उठाएं। इस मेले में नवभारत फर्टिलाइजर्स, होप केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन टास्क इंडस्ट्रीज, एलएनटी क्विस कॉर्प, एसबीआई लाइफ, केपीआर मिल्स, डीबीटेक सोसाइटी, हिंदुस्तान लेटेक्स, इंफोबेली, मनरेगा, आरसेती आदि कंपनियों और एजेंसियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इस मेले में 1252 युवाओं ने अपना निबंध करवाया साथ ही 218 युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर भी दिया गया। साथ ही में स्वरोजगार हेतु 352 युवाओं ने बंधन करवाया एवं डीडीयू- जीकेवाई के तहत प्रशिक्षण हेतु 241 युवक-युवतियों ने अपना निबंध करवाया। इस रोजगार मेले में ऐसजेवाई वाइपी सौरभ रंजन, प्रशिक्षण अधिकारी श्री प्रमोद कुमार दत्ता, कार्यालय सहायक श्री सुरेंद्र मोहन मिश्रा समेत प्रखंड जीविका कार्यालय से प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री चेतन कुमार क्षेत्रीय समन्वयक चंदन कुमार एवं राहुल कुमार, लेखपाल सतेंद्र कुमार, कार्यालय सहायक मुकेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक रुकिया अंसारी अमृता, राखा, पवन, अनिलेश, निरंजन, वीरेंद्र, जेआरपी राजीव लोचन के अलावा सभी प्रकार के कैडर्स ने हिस्सा लिया।

## डीएम के निर्देश पर जन संवाद कार्यक्रम के आयोजन में दी गईआम लोगों को महत्त्वपूर्ण जानकारी

**फारबिसगंज ।** जिला पदाधिकारी, अररिया के दिशा निर्देश के आलोक में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा जन समस्याओं की जमीनी जानकारी एवं निदान के लिए पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज फारबिसगंज प्रखंड अन्तर्गत हरिपुर, पंचायत सरकार भवन में जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह एवं उपस्थित माननीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधी सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित कर जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागतगान से किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि यह जन संवाद कार्यक्रम समस्या और समाधान, आम जनता तथा प्रशासन के बीच सेतु का काम कर रहा है। जनसंवाद का मकसद योजनाओं की जानकारी उसके क्रियान्वयन और आम आदमी तक इसका लाभ पहुंचाना है। कई योजनाओं की जानकारी बेहद जरूरी है। इसे कैसे लागू किया जाए यह जानना भी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी के साथ संवाद स्थापित करना, सुझाव प्राप्त करना, समस्याओं का समाधान करना ही इसका मुख्य मकसद है। उन्होंने कहा कि हर योजनाओं की जानकारी हर लोगों को नहीं है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा लोगों से संवाद भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा साईबर क्राईम तथा महिला हेल्पलाइन की विस्तृत जानकारी से आम जनों को अवगत



कराया। वहीं कार्यक्रम को उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार, अपर समाहर्ता श्री राजमोहन झा, अनुमंडल पदाधिकारी, फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया सहित माननीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी गण ने भी संबोधित किया। जन संवाद कार्यक्रम में सिविल सर्जन अररिया द्वारा उपस्थिति लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुमण्डल अस्पतालों और जिला अस्पताल में सभी प्रकार आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध है। सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा विभिन्न पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) अन्तर्गत मोट्राईज्ड ट्राईसाईकिल का लाभ प्राप्त करने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रकार जिला प्रबंधक डीआरसीसी द्वारा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवाओं को आवेदन की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। जिला अल्पसंख्य कल्याण पदाधिकारी द्वारा मौलवी एवं फौकानिया के प्रथम श्रेणी के मुस्लिम छात्र/छात्राओं को एकमुश्त दी जा रही प्रोत्साहन राशि तथा महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा सहायता योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानाकारी दी। इसी प्रकार जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपाकल अभियंता पीएचईडी, विद्युत, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, डीपीएम जीविका, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आम जनों को योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे जानकारी देते हुए योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किय। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में मत्स्य पालन की योजनाओं से लाभान्वित श्री विरेन्द्र कुमार, मत्स्य पालक ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभवानाएं हैं, जिसका लाभ लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) अन्तर्गत मोट्राईज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त लाभुक श्री गौतम कुमार मेहता ने कहा कि मोट्राईज्ड ट्राईसाईकिल मिलने से उन्हें अब किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ता है। इसी प्रकार पशुपालन विभाग से संचालित योजना से लाभान्वित गुलाम मुस्तफा, किसान क्रेडिट कार्ड योजना से लाभान्वित मो0 जावेद, कुशल युवा कार्यक्रम से लाभान्वित अंशु कुमारी आदि ने अपने अनुभव को साझा किया। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता अररिया एवं फारबिसगंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी फारबिसगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज, अंचलाधिकारी फारबिसगंज सहित संबंधित पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में हरिपुर पंचायत के आमजन उपस्थित थे।

## बिहार सरकार के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने दिया धरना, अधिकार वापस करने के लिए दिखाए एकजूटता

### *नौ सूत्री मांगों के समर्थन में सिकटी प्रखंड मुख्यालय में उप मुखिया, वार्ड सदस्यों ने किया आक्रोश मार्च व धरना का आयोजन*

**अररिया/सिकटी।** अधिकार कटौती व नौ सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को अररिया जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय परिसर में उप मुखिया- वार्ड सदस्य संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय आक्रोश मार्च व धरना का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्रखंड मुख्यालयों में उपमुखिया वार्ड सदस्य संघ के प्रतिनिधि व पदाधिकारी व उपमुखिया व वार्ड सदस्य उपस्थित होकर एकजूटता दिखाते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाया। साथ ही अधिकार हनन को लेकर बिहार सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश जाहिर किया। सदर प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष तंजूर रहमान, रानीगंज में नीरज झा, भरगामा में यदुनंदन मेहता, सिकटी में मतीउर रहमान, कुसाकाँटा में संजय कुमार मंडल, जोकीहाट में याकूब आलम आदि के अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं



अररिया, सिकटी कुसाकांटा प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने सरकार के विरुद्ध हुंकार भरा। जिला अध्यक्ष सहित शिष्ट मंडल ने बीडीओ को नौ सूत्री ज्ञापन सौंपा। मुख्य रूप से पूर्व की तरह वार्ड एवं क्रियान्वयन प्रबंधन समिति को अधिकार वापस करने, पूर्व की तरह ऑफलाइन चेक काटने, मानदेय को पांच सौ से बढ़ाकर दस हजार करने, मनरेगा योजना में स्वीकृत एवं भुगतान का अधिकार देने सहित मांगों के विरुद्ध संघ ने एकजुट दिखाई। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने बताया कि बिहार प्रदेश के आह्वान पर आगामी तीन अक्टूबर को जिला मुख्यालय में वार्ड सदस्यों का विशाल प्रदर्शन, आक्रोश मार्च व धरना का आयोजन किया जाएगा। बिहार सरकार के विरुद्ध जमकर प्रहार करते हुए जल्द अधिकार वापस करने की मांग की। मौके पर उपाध्यक्ष नरेश झा, मीडिया प्रभारी सरफराज आलम, वीरेंद्र कुमार चौधरी, अनवर आलम, गंगाधर साह, वीरेंद्र मंडल, नूर बेला बेगम, गौतम सिंह, मनोज मांझी, घनश्याम महथा, रुद्रदेव झा, आनंद झा, वीणा देवी, देवानंद मंडल, अररिया सदर में जिला उपाध्यक्ष हाजी तौहीद, प्रखंड उपाध्यक्ष सफीक आलम, प्रखंड को कोषाध्यक्ष नीलम देवी, जिला उपाध्यक्ष हाजी तौहीद, अफरोज, मनोज कुमार सिंह, अनवार, रिंकी देवी, जानकी देवी, वारिश, तस्लीम सहित बड़ी संख्या में उप मुखिया व वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## बारुदह के सरदार टोला और सीमा टोला में एस एस बी ने चलाया निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर

**सिकटी।** महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में बाहरी सीमा चौकी बरुदाह के सरदार टोला वार्ड नं - 3 और सीमा टोला वार्ड नं - 1 में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गयो जिसमें डॉ० शांतनु कुमार, टी भी ओ (अररिया) द्वारा पशुओं की बिमारियों का इलाज किया गया व पशु पालकों को पशुओं में होने वाली बिमारियों तथा इससे बचाव के उपाय भी बताये गऐ पशु चिकित्सा शिविर के दौरान कुल



121 पशुओं का इलाज किया गया

व विभिन्न किस्म की दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया।इसी क्रम में गृह मंत्रालय की निदेर्शानुसार बल कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत अभियान, मोटे अनाज से होने वाले फायदे तथा भारत के वीर पोर्टल की जानकारी व उसमें अंशदान करने हेतु प्रेरित किया गयो साथ ही ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर फल एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन हेतु भी प्रोत्साहित किया गया ताकि जवानों को ताजे फल और सब्जी मिल सके एसएसबी द्वारा समय-समय पर सीमावर्ती गांवों में ऐसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जिनका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता है इस कार्यक्रम की स्थानीय लोगों के द्वारा काफी सराहना की गई।इस अवसर पर नि० उत्तम विश्वाश, मु०आ०(पशु चिकित्सा) अनिल कुमार व आ० महेन्द्र बोरो 52वीं वाहिनीं के साथ अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे।

## जिले में डेंगू नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में जुटा स्वास्थ्य विभाग

***अब तक जिले में मिले डेंगू के 10 मरीज, फिलहाल 01 एक्टिव केस डेंगू मरीजों के लिये पीएचसी स्तर पर विशेष वार्ड, मरीजों के लिये कुल 25 बेड आरक्षित***

**अररिया ।** जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग इस पर प्रभावी नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में जुटा है। जिले में डेंगू नियंत्रण संबंधी पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। हर दिन डेंगू संबंधी मामलों की समीक्षा की जा रही है। अगस्त माह से अब तक जिले में डेंगू रोग के सत्यापन के लिये कुल 431 संदेहास्पद मरीजों का एलीजा टेस्ट किया गया है। इसमें अब तक डेंगू के 10 मामले सामने आये हैं। इसमें अधिकांश मरीज डेंगू की चुनौती को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल जिले में डेंगू का महज





एक एक्टिव केस है। गौरतलब है कि अब तक मिले के अधिकांश डेंगू मरीज पटना, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब जैसे शहरों से रोगग्रस्त होकर घर लौटे हैं। विभागीय स्तर से मरीजों की सेहत की समुचित निगरानी की जा रही है। इधर डेंगू के संभावित खतरों से निपटने व मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में विभिन्न स्तरों पर जरूरी पहल की गयी है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिये विभाग पूरी तरह तैयार है। इसके लिये सदर अस्पताल में 10, अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में 06 बेड सहित सभी पीएचसी में दो बेड़ क्षमता वाला विशेष डेंगू वार्ड संचालित किया जा रहा है। सभी पीएचसी में डेंगू जांच किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सदर अस्पताल अररिया व अनुमंडल अस्पताल फारिसगंज में डेंगू मरीजों के लिये प्लेटलेट्स जांच की सुविधा उपलब्ध है। डेंगू के संभावित खतरों से निपटने के लिये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जरूरी पहल की जा रही है। डेंगू के वैसे मरीज जिन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत हो उन्हें पूर्णिया मेडिकल कॉलेज या भागलपुर मेडिकल कॉलेज भेजने के लिये निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध है।

## विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं सभी संकायाध्यक्षों ने की आवश्यक बैठक

**मधेपुरा।** ि कुलपति की अध्यक्षता में 21 सितंबर, 2023 (गुरूवार) को अपराह्न 12:30 बजे से केन्द्रीय पुस्तकालय सभागार में निर्धारित है। कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने सभी संबंधितों से अनुरोध किया है कि ससमय बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए।

## प्रभार ग्रहण आज

**मधेपुरा।** पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव 21 सितंबर (गुरुवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने दी।

## महिला आरक्षण बिल को पेश करना प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक कदम

**अररिया ।** ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को पेश करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार. यह बातें जिला भाजपा की मंत्री डा.सुस्मिता ठाकुर ने कही. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र व मजबूत होगा. यह विधेयक लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार करने का है. चाहे नीति हो या नेतृत्व, भारत की नारी शक्ति ने साबित किया है कि वे किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं. देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाली मोदी सरकार का यह निर्णय, आने वाले समय में एक विकसित व समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा.



## 23 सितंबर तक अतिक्रमण हटा लें दुकानदार वरना, काखाई के साथ जुर्माना भी होगी वसुली:- कार्यपालक पदाधिकारी

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंजः अनुमंडल पदाधिकारी जयचंद्र यादव के निर्देष पर नगर पंचायत पालीगंज के कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार ने बुधवार को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी किया है। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि नो वेंडर जोन यानि बिहटा मोड़ से लेकर चंढोस मोड़ तक 23 सितंबर तक दुकानदार एवं फुटपाथी दुकानदार अपने अपने दुकानों को स्वेच्छा पूर्वक हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करें नही तो नगर प्रषासन अतिक्रमण हटायेगा और साथ ही अतिक्रमण कारियों से जूर्माना भी वसूल करने की जाएगी। साथ ही पालीगंज थानाध्यक्ष से नोटिस बितरण करने वाले कर्मी को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी किया है। जो नोटिस नहीं लेगें उन्हें चिन्हित करने का निर्देष भी दिया है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी के इस कारवाई से नगर बाजार में अतिक्रमणकारियों में दहशत का महौल है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी जयचंद्र यादव ने पालीगंज अंचलाधिकारी को सड़क की जमीन को नापी कर दो दिनों में सीमांकन करने का निर्देष दिया है।

# सपा महिला सभा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। समाजवादी महिला सभा की जिला कार्यकारिणी कमेटी घोषित की गयी जिसकी मुख्य अतिथि समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा सिर्फ समाजवादी पार्टी ही कर सकती है। भाजपा सरकार ने महिलाओं का अपमान किया है। महिला सुरक्षित नहीं है। आये दिन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार, हत्या जैसी घटना आम हो गयी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहित में कोई काम नहीं कर रही है। वह सत्ता में बने रहने के लिए पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं को ही लागू कर रही है। भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के कामों को विज्ञापन जारी कर अपना बताने में लगी है। अध्यक्षता करते हुये निवर्तमान जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल ने कहा कि महिलाएं अब जाग गई हैं। भाजपाई खेल तमाशों से बहकने और भटकने वाली नहीं है। वह सन् 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को उसके झूठे वादों की याद न केवल दिलाएगी, बल्कि झूठे वादे करने वाली भाजपा सरकार को भी हटायेगी। वहीं महिला सभा की जिलाध्यक्ष शर्मिला यादव ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, सुमन यादव, मालती निषाद, आरती यादव, तारा त्रिपाठी, सीमा, संगीता, उजमा खान, सोनी यादव, सोनी सेठ, सीमा यादव, पूनम दूबे, आरती श्रीवास्तव, सुशीला गौतम, सबीना, अनन्ता नाविक, शकुन्तला, पूजा, राजकुमारी, राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, इरशाद मंसूरी, अनिल दूबे सहित तमाम सपाजन उपस्थित रहे।



# पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर किया धरना—प्रदर्शन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद में बड़ी संख्या में पेंशनर्स कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना/प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह की अध्यक्षता में प्रदर्शन किये। प्रदर्शन स्थल पर छाया के लिए लगाये गये टेण्ट को लेकर जिला प्रशासन से नोक–झोंक भी हुई। इसके बाद धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने जिला प्रशासन के इस अमानवीय व्यवहार पर रोश व्यक्त किया। साथ ही पेंशनर्स की मुख्य रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान में कार्यालयाध्यक्ष स्तर से होने वाले बिलम्ब से चिकित्सा प्रभावित होने की समस्या के शीघ्र निस्तारण न होने पर सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के विरोध में सांगठनिक कार्यवाही की चेतावनी दिये। धरना/प्रदर्शन को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह, जिला मंत्री राजबली यादव सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये सिटी मजिस्ट्रेट जलराजन चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर केके त्रिपाठी, कंचन सिंह, शेषनाथ सिंह, रामकेश यादव, अशोक मौर्य, मिठाई लाल, पारसनाथ, ओंकार मिश्रा, चन्द्रशेखर सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, नन्दलाल सरोज, हीरा लाल आजाद, राम अवध लाल, हीरा लाल पाण्डेय, इ० बेचन मिश्र, राजपति विश्वकर्मा, राम प्रताप यादव, उमानाथ सिंह, कृपाशंकर उपाध्याय, हुबलाल शुक्ल, मंजू रानी राय, मोराली सिंह, दिनेश सिंह, वीबी सिंह, महालक्ष्मी वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री राजबली यादव ने किया।



# गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे से गूंज उठा शाहगंज

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

शाहगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र में मंगलवार की सुबह इच्छापूर्ति श्री अष्टविनायक पूजा समिति संस्था बैनर तले डाकखाना तिराहा मेन रोड में धूमधाम से शुभ मुहूर्त 11 बजकर 29 मिनट पर विधि विधान से कलश स्थापना करके मूर्ति स्थापित कर पूजन पाठ प्रारंभ किया गया। गणपति वंदना, वेद के मंत्रोच्चारण, आरती पूजन, गणपति बप्पा मोरया के जयकारों एवं घंट–घड़ियाल की ध्वनि से सारा वातावरण मनमोहक भक्तिमय हो गया। 7 दिनों तक चलने वाले गणपति महोत्सव में प्रथम दिन आरती पूजन करने के पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरण संस्था द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलराम मोदनवाल, विकास सेठ, जितेंद्र अग्रहरि, मित्तू अग्रहरि, बॉबी बरनवाल ने प्रसाद वितरण किया। श्री काली चौरा गणेश पूजन उत्सव समिति द्वारा पक्का पोखरा शाहगंज स्थापित की गई। यह आयोजन शिवशंकर जायसवाल, दिनेश सेठ, संदीप मोदनवाल, जोखू चौरसिया, रवि यादव, महेश लालवानी, किशोरी जायसवाल, सत्यम, रवि, अप्पू, अमित, पंकज, पल्लू आदि ने किया।



# गांव में शिक्षा की अलख जलाने का मां का सपना हो रहा पूरा-शहंशाह आब्दी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

***फिज्जा ग्रुप ऑफ कॉलेज की संस्थापक की दूसरी पुण्यतिथि पर शोक सभा का आयोजन, दी गई श्रद्धांजली***

गाजीपुर जिले के ताजपुर डेहमा गांव में फिज्जा ग्रुप ऑफ कॉलेज की संस्थापक स्व.फिज्जा बेगम पत्नी स्व.आफताब अहमद आब्दी की दूसरी पुण्यतिथि कॉलेज परिसर में मनाई गई। इस मौके पर मौजूद फिज्जा ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक सैयद शहंशाह आब्दी ने कहा कि मेरी माता जी हमेशा गांव में स्कूल की स्थापना कर लोगों को शिक्षित बनाने का सपना देखा करती थीं जिसको आज हम लोग साकार करने की कोशिश एवं प्रयास कर रहे हैं। आज फिज्जा ग्रुप ऑफ कॉलेज के अंतर्गत एक ही छत के नीचे नर्सरी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री तक की शिक्षा देने का काम हम लोगों द्वारा जारी है। आगे बताते हैं कि माता जी का ये मानना था कि जब तक किसी भी धर्म, समुदाय, वर्ग में महिलाएं शिक्षित नही होंगी इस वर्ग, समुदाय या धर्म का समुचित विकास नहीं हो सकता। एक महिला अगर पढ़ी लिखी और शिक्षित है तो वो तीन पीढ़ियों को शिक्षित करती है और समाज में फैली बुराइयों को दूर करती है।उन्होंने कहा कि मां का ये सपना आज जो साकार हुआ है उसके लिए हमारे कॉलेज के प्रबंधक, प्राचार्य, अध्यापकगण व क्षेत्र की सम्मानित जनता का महत्वपूर्ण योगदान है जिनके सहयोग के दम पर एक छोटे से गांव में शिक्षा रूपी प्रकाश को फैलाने का काम किया जा रहा है। इससे पूर्व कॉलेज में मौजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अन्य लोगों ने माता जी की स्मृतियों को यादकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रधानाचार्य सैयद ताहिर आफताब शेरू, फिज्जा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लालजी यादव व फिज्जा महिला महाविद्यालय की प्राचार्य सीमा गुप्ता, अंजनी कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# आईडी मेमोरियल डिग्री कालेज का ऐलान, सामान्य, पिछड़े वर्ग विद्यार्थियों का आधे फीस व अनुसूचित जाति का जीरो बैंलेंस पर होगा बीएड में एडमिशन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। आईडी मेमोरियल डिग्री कालेज आनंद बिहार मुड़वल फतेउल्लाहपुर गाजीपुर के प्रबंध निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि बीएड में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। कालेज का कोड एसपी-2970 है। उन्होने बताया कि प्रबंध समिति ने यह निर्णय लिया है कि बीएड में प्रवेश लेने वाले सामान्य और पिछड़े वर्ग के छात्रों का प्रवेश आधी फीस पर किया जायेगा। इसी क्रम में अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र-छात्राओं का प्रवेश जीरो बैंलेस पर किया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद में सूखे की स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होने बताया कि बीएड कोर्स में कुशल शिक्षक के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध है। उन्होने बताया कि इच्छुक छात्र मोबाइल नम्बर 9415862312, 7905128998, 8318839077, 7007905512 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आनंद सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पीजी कालेज गोराबाजार चौराहा के बगल में स्थित आनंद भवन में काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है।



# बदलते मौसम का असर, बढ़ी बुखार के मरीजों की संख्या

अयोध्या। जिला चिकित्सालय में मौसमी बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। भर्ती होने वाले मरीजों में भी ज्यादातर मरीज बुखार के बताए जा रहे है। बीमारी का कारण लोग मौसम के बदलने व उससे जोड़कर देख रहे है।

जिला चिकित्सालय व मंडलीय चिकित्सालय की ओपीडी में भी जादातर मामले बुखार से संबंधित आ रहे है।

सीएमएस जिला चिकित्सालय ने बताया कि अंडे रोगों की अपेक्षा सबसे आधा मरीज बुखार के जिला चिकित्सालय में आ रहे। ओपीडी में देखने के दौरान मरीजों को बुखार का पता लगाने से लिए जांच की जाती है। जांच के बाद जिस प्रकार का बुखार निकल के आता हूं उस प्रकार का इलाज किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर इन मरीजों को भर्ती भी कर लिया जाता है। भर्ती मरीजों में भी बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा है।

# डीएम की अध्यक्षता उद्योग व व्यापार बन्धुओं की बैठक हुई सम्पन्न, समस्याऐं निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश।

**डीएम की पहल पर सभी उद्योग व व्यापार बन्धु आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के लिए "लर्निंग-खेल मेटेरियल किट" करायेंगे उपलब्ध।**

**समाज जागरण –बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्जवल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग व व्यापार बन्धुओं की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी बन्धुओं से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं को एक-एक कर गम्भीरतापूर्वक सुना और मौके पर ही उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सबसे पहले जनपद के उद्योग बन्धु संगठनों से उनकी एक-एक कर समस्याओं को गम्भीरता से सुना, जिसमें द एसोसिएशन आफ इण्डस्ट्रीज आनर्स के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड पर भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में गेंहू व चावल के भण्डारण से वर्षा ऋतु में गोदाम में रखे खाद्यानों में कीट हो जाने के कारण प्रतिवर्ष आसपास की उद्योग इकाईयों में कीट फैल जाते है, जिससे कर्मचारियों तथा निर्यात किए जाने वाले उत्पादों की पैकिंग के अन्दर प्रवेश कर जाने के कारण काफी कठिनाई होती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि वह मौके पर जाकर अपने निर्देशन में कीटनाशक दवा का छिडकाव कराऐं। उन्होने अपनी शिकायत में यह भी बताया गया कि ककरऊ कोठी से लेकर सिक्स लेन हाइवे के चैडीकरण की व्यवस्था, विद्युत पोलिंग की शिफटिंग, सड़क के दोनो ओर नालों तथा वहां पूर्व से लगीं स्ट्रीट लाइटें बन्द होने की जांच कराये जाने की मांग की है, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर उक्त कार्यों की जांच कराने के निर्देश दिए। बैठक में शिकोहाबाद उद्योग आस्थान के पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत में बताया कि आस्थान के रोड पर कुछ लोगों ने अनाधिकृत खोखे रखकर रात्रि के समय में शराब पिलाते है और चोरी की बिजली से डी फ्रीजर भी चलाते है जिससे वहां की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में रहती है, जिसको जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते एसडीएम व विद्युत एक्सईएन शिकोहाबाद को निर्देश दिए कि वह आज ही मौके पर पहुंचकर अनाधिकृत खोखे हटवाने की कार्यवाही करें।

बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग बन्धुओं को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना 17 सितम्बर से शुभारम्भ हुई है योजनान्र्तगत पारम्परिक शिल्पकारों व कारीगरों द्वारा जन सुविधा केन्द्रों से आवेदन किया जा सकता है। योजनान्र्तगत पारम्परिक कार्यों की 18 ट्रेडों को सम्मिलित किया गया है। इन ट्रेडों में उद्योग बन्धु अपने यहां कार्यरत मजदूर व कारीगर का आवेदन कराकर उन्हे लाभ दिलवा सकते है।

बैठक के दौरान व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने कहा कि जनपद में चलने वाली नवीन ई-बसों को राजा के ताल से चलने के स्थान पर टूण्डला से संचालित कराया जा सके ताकि आगरा से टूण्डला तक आने वाली इलैक्ट्रॉनिक बसों से कनैक्टिविटी हो सके और शहरवासी एसी बसों के द्वारा आगरा तक का सफर सुविधाजनक रूप से कर सके। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल शिकोहाबाद के अजय मित्तल ने बताया कि शिकोहाबाद नगर के बडे बाजार व कटरा बाजार की सड़कें टूट चुकी है और बाजार में पशुओं का विचरण अधिक है, जिससे लोगों को परेशानी होती है, जिस पर जिलाधिकारी ने ई ओ शिकोहाबाद को निर्देश दिए कि वह सडकों की मरम्मत प्राथमिकता पर कराए और पशुओं को पकडवाए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उद्योग व व्यापार बन्धुओं से आग्रह किया कि वह अपने सीएसआर फण्ड से कुछ समाज सेवा के कार्य करते हुए आंगनबाडी केन्द्रों पर पड़ने वालों बच्चों के लिए ह्यह्यलर्निंग-खेल मेटेरियल किटह्यह्य एक केन्द्र पर एक किट अपने स्तर से उपलब्ध कराए ताकि गरीब बच्चों को अच्छे से सीखने व खेलने के अवसर प्रदान हो सके, जिस पर सभी उद्योग व व्यापार बन्धुओं के संगठनों ने सहहर्ष सहमति व्यक्त करते हुए जल्द उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, उपायुक्त उद्योग, डिप्टी कमिशनर वाणिज्य, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, सीएफओ, सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं, राजकुमार मित्तल, बिन्नी मित्तल, उ0प्र0 व्यापार मण्डल के प्रान्तीय अध्यक्ष वी एस गुप्ता व उद्योग व व्यापार मण्डल के संगठनों के सभी पदाधिकारी आदि उपस्थित रहें।



# जसराना आगमन पर नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष का भाजपाईयों ने किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष के जसराना पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। कहा कि जनपद में 2024 में एक बार फिर कमल खिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी ने ब्रज क्षेत्र में मंत्री रहे उदय प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जसराना आने पर जहा ब्लाकप प्रमुख संध्या राजपूत ने अपने आवास पर स्वागत किया वहीं जसराना नगर पंचायत सभागार में विधानसभा स्तरीय स्वागत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष का कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने शॉल, दुपट्टा, चांदी का मुकुट एवं तलवार भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान जिसाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने कहा पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसे अपने कार्यकताओं के दम पर आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। कहा कि कार्यकर्ता के मान एवं सम्मान के लिए हर समय तैयार रहेंगे। कहा कि जनपद के प्रत्येक कार्यकर्ता का एक ही लक्ष्य है कि फिरोजाबाद से भाजपा का सांसद एक बार विजयी होकर केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक रामगोपाल पप्पू लोधी ने की एवं संचालन विकास राजपूत ने किया। जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर राजीव राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, डा उम्मेद सिंह राजपूत, नीलकमल यादव, पूरन सिंह, त्रिलोकीनाथ शर्मा, मुनेंद्र चौहान, वीरेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह, अमलेंद्र लोधी, ऋषि सिसोदिया, प्रदीप आदि भाजपाई मौजूद रहे।



# चलाया गया व्यापक एण्टी रोमियो अभियान

***एण्टी रोमियो दल द्वारा 23 शोहदों पर की गई कार्रवाई***

अयोध्या। जिले में चलाया गया व्यापक एण्टी रोमियो अभियान, एण्टी रोमियो दल द्वारा महिलाओं बालिकाओं को किया जा रहा जागरुक, स्कूल/कालेज के खुलने व बन्द होने के समय की जा रही सघन चेकिंग, स्कूल के आस पास संदिग्धो को दी जा रही कड़ी चेतवानी, छींटाकाशी करने वाले शोहदों पर की गयी कार्यवाही।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या राजकरन नय्यर के निर्देशन मे जनपद अयोध्या के सभी थानों द्वारा गठित एण्टी रोमियो पुलिस बल द्वारा स्कूल/कालेज के खुलने व बन्द होने के समय चलाया गया व्यापक एण्टी रोमियों अभियान, सभी थानों के एण्टी रोमियो पुलिस बल द्वारा बालिकाओं/छात्राओं पर छींटाकाशी व भद्दी हरकतें करने वाले शोहदों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को थाना खण्डासा द्वारा तीन व्यक्तियों को तथा थाना इनायतनगर द्वारा सात व्यक्तियों को, थाना तारुन द्वारा चार व्यक्तियों को, थाना पटरंगा द्वारा चार व्यक्तियों को, थाना मवई द्वारा पांच व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। तथा महिला पुलिस दल व नारी सुरक्षा दल द्वारा अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने हेतु शासन द्वारा जारी महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन 1090, यूपी-112,181,1076 आदि नंबर युक्त पैंपलेट वितरित कर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें ।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत

## चपेट में आई पुत्री भी गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

अयोध्या। मौसम के करवट बदलते ही तूफान के बीच गरज चमक के साथ हो रही बारिश के दौरान जिले के बीकापुर तहसील क्षेत्र के थाना तारून अंतर्गत हरिनाथपुर गांव में मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे के आसपास आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत हो गई तथा चपेट में आई एक पुत्री गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिनाथपुर गांव निवासी रामचन्द्र कोरी पुत्र बुधिराम की आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंस की तत्काल मौत हो गई, जिसमें से एक भैंस गर्भित थी तथा दूसरी दूधमुंही बच्चा को छोड़ कर आकाशीय बिजली के करंट की चपेट आने से मौत के आगोश में आ गई।

भैंस के साथ साथ आकाशीय बिजली की करंट की चपेट में आई पीड़ित रामचंद्र कोरी की 17 वर्षीय पुत्री कोमल गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई, जिसे स्थानीय रामपुर भगन के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था।उपचार के दौरान हालत में सुधार होने के बाद चिकित्सकों ने घर वापस भेज दिया।

घटना की सूचना पाकर लेखपाल सूर्यभान वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना कर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी से अवगत करा दिया है।



# उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के लिए इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन अनिवार्य:- बीएसए

**समाज जागरण – रिपोर्टर आकाश कुमार**

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की एक कार्यशाला बीआरसी सिविल लाइन दबरई, फिरोजाबाद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय एवं नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बीएसए आशीष कुमार पाण्डेय ने कार्यशाला में उपस्थित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि वे अपने विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के 05 विद्यार्थियों के नामांकन अनिवार्य रूप से करा दें। यह भारत सरकार की बच्चों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को सभी सूचनाएं समय से भेजने के लिए भी प्रेरित किया।

इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। यदि खाता बच्चे का नहीं है, तो खाता माता पिता के संयुक्त खाते में बच्चे का जुड़वा कर उसे फर्स्ट होल्डर बना दें। विचार में अधिकतम 150 शब्दों की सिनॉप्सिस होनी चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2023 है। उन्होंने बताया कि साइट के साथ साथ विद्यालय इन्सपायर एवार्ड मानक एप डाउनलोड करके उससे भी नामांकन कर सकते हैं। कार्यशाला का संचालन अश्वनी कुमार जैन एवं समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश अकेला ने किया। कार्यशाला में जिला व्यायाम शिक्षक चेतेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शिवकांत पलिया, श्रवण कुमार, आनन्द बाबू, विनोद कुमार, श्रीमती राजवंती जैन, नीलम, भारती चौहान, गुंजन दीक्षित, मंजू सक्सेना, सोमेश यादव आदि जनपद के सभी ब्लॉकों के लगभग एक सैकड़ा प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।




# विकासखंड पर हुआ अन्नप्राशन का कार्यक्रम, निकाली गयी रैली

बीकापुर। प्रधानमंत्री पोषण माह के अंतर्गत बाल विकास परियोजना विभाग बीकापुर द्वारा मंगलवार को विकासखंड पर अन्नप्राशन सहित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुपोषण मुक्त भारत के क्रम में छठे राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023 के अंतर्गत ब्लॉक बीकापुर में विविध कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुपोषण से मुक्त हुए 10 कुपोषित बच्चों को ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया। कुपोषण मुक्त अभियान में सराहनीय कार्य करने वाली ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कर्मियों को सम्मानित करके उनका उत्साह वर्धन किया गया। 6 माह की आयु पूरी कर चुके पांच बच्चों को अन्नप्राशन तथा 5 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मोटे अनाज से बनाए गए पकवानों का स्टाल भी लगाया गया था। अधिकारियों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा ब्लाक परिसर में पोषण के प्रति जागरूकता रैली भी निकल गई। खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा, सीडीपीओ राजेश गुप्ता, बाल पुष्टाहार विभाग की संतोष वर्मा, आरती रावत, उर्मिला पांडे, मीनू चौधरी समेत जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद मुस्लिम शेख, लवकुश यादव, सुनील राजपूत आदि मौजूद रहे।



# लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण–पत्र बनवाने अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य

**रायसेन, 20 सितम्बर 2023**

लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे. वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

# खनन कर निकली गई मिट्टी के गड्ढों में डूब कर हुई मौतों से भी नही चेता प्रसाशन

## ओमैक्स गर्व बिल्टेक के द्वारा किए जा रहे खनन का राजस्व टीम ने किया मुआयना

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ**
ओमैक्स गर्व बिल्टेक रायबरेली रोड कल्ली में मैट्रो सिटी का विस्तार तेजी से कर रहा है।ओमैक्स गर्व बिल्टेक पर अब तक किसानों और स्थानीय निवासियों ने अनगिनत आरोपों
के बावजूद प्रसाशनिक अधिकारियों की उदासीनता शिकायत कताओं को मायूस कर रही हैं।सोमवार को ओमैक्स गर्व बिल्टेक द्वारा करवाए जा रहे मिट्टी खनन को लेकर एक बार फिर माहौल गर्म हो गया।
ग्रामीणों का कहना है कि खनन के बाद छोड़े गए खुले गड्ढों में पानी भर जाता है,अब तक इन्हीं गड्ढों की वजह से कई हादसे हो चुके हैं।कुछ वर्ष पूर्व ओमैक्स में बच्चे की गड्ढे में डूब कर मौत हो गई थी और अभी हाल में भी गांधी ग्राम में बच्चे की डूबने से मौत हो गई,जानवरों के डूबने का खतरा भी बना रहता है।खनन कर्ताधताओं के खिलाफ अनगिनत शिकायतों का अधिकारियों पर अबतक कोई असर नहीं पड़ा है जिससे उनके हौसले और भी बुलंद हो गए हैं।मौजूदा पार्षद द्रौपदी रावत के प्रतिनिधि रामेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि ओमैक्स गर्व बिल्टेक बगैर स्वीकृति सरकारी जमीन पर खनन करवा



रहा है।माहौल बिगड़ता देख बुधवार को सरोजनी नगर तहसील की राजस्व टीम मौके पर पहुंची और स्थलीय निरीक्षण करने के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की।उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर पीड़ित ने लगाई न्याय की फरियाद

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा सलेमपुर डिहुवा निवासी राम भवन पासवान पुत्र स्वर्गीय सुंदर पासवान ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 8 सितंबर सन 2023 को समय लगभग 7:45 मिनट में पीएम में पीड़ित के मोबाइल नंबर 9984371779 पर ग्राम प्रधान सुल्तान खान अपने मोबाइल नंबर 6386859036 से अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगा तथा जान से मारने की धमकी दिया गांव आने पर हाथ पैर तोड़ देने वह अपमान करते हुए जाति सूचक शब्दों के साथ गालियां दी



पीड़ित ने बताया कि उसे दिन प्रार्थी रोजी-रोटी के सिलसिले से गांव से बाहर सूरत शहर में था प्रार्थी ने ग्राम प्रधान की अपशब्द जाति सूचक शब्दों भरी बातों को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया है वहीं उन्होंने बताया कि 13 सितंबर सन 2023 को समय लगभग 3:00 बजे दिन सूरत शहर से अपने गांव पहुंचा जैसे ही प्रार्थी पार्सल के कब्रिस्तान के पास पहुंचा कि पहले से घात लगाए बैठे सुल्तान खान व इमरान खान सलमान खान तथा मुतुर्जा पीड़ित को जाति सूचक गालियां देते हुए कहने वालों की बहुत नेता गिरी करते हो यदि तुमने अपने नेतागिरी नहीं छोड़ी तो तुम्हें जान से मार देंगे जिस घटना से पीड़ित डरा हुआ है वहीं पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की फरियाद लगाई

# पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करे-जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर स्थायी/अस्थयी गौ-आश्रय स्थलो में संरक्षित गौवंशो के भरण पोषण के अनुश्रवण सम्बन्धी बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने गौआश्रय स्थलो में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण(हरा चारा, दाना, चुनी, चोकर, भूषा आदि) की और गौवंशो के भरण पोषण हेतु डीबीटी प्रक्रिया की अद्यतन स्थित को जाना और कहा कि गौवंशो के भरण पोषण की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखे। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड की आवश्यकता है उसको चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शेड बनवाया जाय, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा निराश्रित गौवंशो को संरक्षित किया जाय। गौशालाओं में हरे चारे की बुआई हेतु जो जमीन सम्बद्ध है, में हरा चारा की बुवाई नहीं हुई है वहा बुआई कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। जनपद में 07 अस्थयी निमार्णाधीन गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए साथ ही रिपोर्ट से अवगत भी कराएं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिन प्रभारी पशु चिकित्साधिकारियो के क्षेत्र में कृत्रिम गभार्धान की स्थित ठीक नही है, से स्पष्टीकरण लेने के साथ ही कृत्रिम गभार्धान को बढ़ाने के निर्देश दिए। गौशालाओं में वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार हो गई है उनका बिक्री कराई जाय और स्वयं सहायता समूह की महिलाओ का भुगतान समय से किया जाय। एलएसडी व अन्य टीकाकरण जो पूरे नही हुए है, को पूरा करा लिया जाय। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को दुधारू गाय दी जाय और निगरानी भी बनाए रखे। जनपद में जनपद में पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओ के लिए जो 08 मेडिकल वैन क्रियाशील है



उन पर परस्पर निगरानी बनाए रखे साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करे।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री शेषमणि सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 नवल किशोर सचान, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पानी संस्थान द्वारा ब्लॉक भिटौरा के 10 ग्राम पंचायत में किया गया परियोजना का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर आज भिटौरा ब्लाक के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायत में पानी संस्थान द्वारा परियोजना के अंतर्गत परियोजना उद्घाटन समारोह कार्यक्रम ब्लॉक सभागार भिटौरा फतेहपुर में किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन दिनेश कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने दीप प्रज्वलन कर ब्लॉक इस्त्री सेवा उत्तर एवं 10 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव तथा पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के संचालन आशुतोष यादव परियोजना समन्वयक द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंतर्गत आशुतोष यादव परियोजना समन्वयक द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत पुष्प कुछ



देकर किया गया पानी संस्थान एवं परियोजना के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायत में निर्माण दिन 20 जल मीनार एवं 22 सामुदायिक स्नानागार निर्माण तथा अन्य प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई एवं सभी क्षेत्र का परिचय कराया गया कार्यक्रम के अगले सत्र में आलोक द्वारा परियोजना उद्घाटन समारोह के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि परियोजना के दो मुख्य उद्देश्य हैं सभी चिन्हित परिवारों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना महिला एवं किशोरियों को स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं संसाधन उपलब्ध कराना कार्यक्रम में पानी संस्थान के क्षेत्र समन्वयक रजनीश सुरेश शिवम शिव भक्ति शैलेश एवं दिलीप तथा ब्लॉक के समस्त कर्मचारी उपलब्ध रहे

# स्कूल में औंला तोड़ते समय छात्र के सिर में लगा पत्थर, छात्र हुआ घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर। जिले के मलवा थाना क्षेत्र के दमापुर गाँव मे स्थित चंद्र भान सिंह इण्टर कालेज में रोज की भांति आज भी छात्र स्कूल में लंच के समय फील्ड में खेल रहे थे। और कुछ छात्र स्कूल के ग्राउंड में लगे औले के पेड़ से पत्थर से औले तोड़ रहे थे। तभी छात्रों द्वारा औला तोड़ने के लिए फेका गया पत्थर एक छात्र के सिर में आकर लग गया। जिससे छात्र का सिर फट गया और वह खून से लतपत हो गया। तुरन्त अध्यपको ने को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाकर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के काका बैरी गाँव निवासी रामू का 12 वर्षीय पुत्र उदय भान दमापुर गाँव मे स्थित चंद्र भान सिंह इण्टर कालेज में कक्षा 8 का छात्र है। रोज की भांति आज भी वह स्कूल पढ़ने गया था स्कूल में लंच के समय सभी छात्र फील्ड में खेल रहे थे। और कुछ छात्र स्कूल के ग्राउंड में लगे औले के पेड़ से पत्थर से औले तोड़ रहे थे तभी एक पत्थर छात्र उदय भान के सिर में आकर लगा जिससे छात्र का सिर फट गया और वह खून से लतपत हो गया। तुरन्त अध्यपको ने छात्र उदय भान को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाकर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पिता रामू और माँ सरोज देवी दोनों स्वास्थ केंद्र पहुंच गए। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे है।

# पीड़ित परिवार ने पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार

## *दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आरोपी की अभी तक नहीं हो पा रही गिरफ्तारी*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर बालराज पुत्र स्व. अयोध्या निवासी बनकटा, थाना-गाजीपुर, जिला-फतेहपुर ने पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज (उ.प्र.) को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विगत 02 अगस्त 2023 को माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फतेहपुर के आदेश पर एफ.आई.आर. नम्बर 0158 वर्ष-2023, भा.दं.सं. 1860 498-ए, भा.दं.सं. 1860 304-बी, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 4 के तहत मलवॉ थाने में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न किये जाने के कारण वहीं अपनी पुत्री सुनैना की शादी नीरज पासवान पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम चक्की, थाना-मलवॉ, जिला-फतेहपुर के साथ 03 मई 2023 को बड़े ही धूमधाम के साथ की थी व अपनी हैसियत अनुसार दान-दहेज भी दिया था। उन्होंने बताया कि सुनैना के ससुरालीजन दहेज लोभी प्रवृत्ति के थे और आये दिन अतिरिक्त दहेज की और मॉग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित किया करते थे। वही पुत्री को सिर्फ उसका पति नीरज ही नही अतिरिक्त दहेज (अपाचे मोटर साइकिल) की मांग को लेकर प्रताड़ित करता



था, बल्कि ससुर विजय बहादुर, सास सोमवती, अंकित देवर, मुनिस देवर, प्रियंका ननद, संदीप मौसिया ससुर, सुनीता मौसिया सास आदि भी आये दिन उलाहना एवं मारपीट किया करते थे। शादी के बाद जब प्रार्थी अपनी पुत्री को उसकी ससुराल से लिवाकर वापस घर आया तो उसकी पुत्री ने सारी बातें उसको बताई, जिस पर प्रार्थी ने अपनी पुत्री को समझाया-बुझाया एवं उसके ससुरालीजनों से भी बात कर मामले को सुलझाने का प्रयास किय उसके बाद प्रार्थी ने पुत्री के ससुरालीजनों से बातचीत की और कुछ दिन बाद अपाचे मोटर साइकिल देने का वायदा कर दिया जिस पर मामला समाप्त हो गया। उसके कुछ दिन बाद ससुरालीजन पुत्री को विदा कराने आये तो प्रार्थी ने भेज दिया। विगत 09 जून 2023 को सुनैना के ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री को बुरी तरह मारा-पीटा जिससे प्रार्थी की पुत्री सुनैना को गंभीर चोटें आयीं। प्रार्थी की पुत्री के ससुराल वाले मारपीट से घायल सुनैना को लेकर जिला अस्पताल फतेहपुर ले गये जहॉ डाक्टरों ने सुनैना को गंभीर रूप से घायल देख भर्ती करने से मना कर दिया। जिस पर उपरोक्त ससुरालीजनों द्वारा प्रार्थी की पुत्री को जिला अस्पताल के बाहर छोड़कर भाग गये। सूचना मिलने पर प्रार्थी अस्पताल गया और वहॉ से अपनी पुत्री सुनैना को एक प्राईवेट नर्सिंग होम ले गया और इलाज कराता रहा। इसी दौरान प्रार्थी ने सम्बन्धित सौंरा चौकी प्रभारी व मलवॉ थानाध्यक्ष को लिखित सूचना देकर पुत्री के ससुरालीजनों के विरूद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई थी, किन्तु पुलिस ने उसकी फरियाद नही सुनीं। उधर हालत गंभीर होने पर पहले कानपुर नगर के एक प्राईवेट नर्सिंग होम व बाद में कानपुर जनपद स्थित हैलट मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहॉ दिनांक 21 जून 2023 को प्रार्थी की पुत्री सुनैना की मृत्यु हो गयी। प्रार्थी पुत्री के शव को लेकर फतेहपुर आया एवं पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने प्रार्थी की पुत्री का पोस्टमार्टम कराया, परन्तु प्रथम सूचना रिपोर्ट नही लिखी। तब प्रार्थी ने दिनांक 26 जून 2023 को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर को जरिये पंजीकृत डाक सूचना दिया, परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई। उसके बाद प्रार्थी कोर्ट की शरण में पहुँचा और न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फतेहपुर के आदेश पर मलवॉ थाने में विगत 02 अगस्त 2023 को पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस पुत्री के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नही कर रही है, जिसकी वजह से उन लोगो के हौसले बुलन्द हैं और सुलह-समझौता को लेकर दबाव बना रहे है। निवेदन है कि पीड़ित की मृतक पुत्री सुनैना के साथ न्याय करते हुए हत्यारोपी नामजद ससुरालीजनों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार करने का आदेश मलवॉ थाना पुलिस को देने की की मांग की है

# एन०जी०टी० से सम्बन्धित कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी गयी एवं विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ काप रेज्ड्यू योजनानतर्गत फसल अवशेष प्रवन्धन के लिए जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यकम/कृषक गोष्ठी एवं किसान दिवस का आयोजन विकास भवन फतेहपुर में अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें पराली पराली / गन्ने की पत्ती एवं फसलों के अन्य अवशेष जलाये जाने के सम्बन्ध में एन०जी०टी० से सम्बन्धित कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी गयी एवं विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी।
उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी अतिथिगण, अधिकारीगण एवं कृषक वन्धुओं का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि जनपद फतेहपुर में अधिकतर धान की पुआल में आग लगायी जाती है इसके सड़ाने-गलाने हेतु वेस्ट डीकम्पोजर का प्रयोग करें जो जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर निःशुल्क हेतु उपलब्ध करा दिया जायेगा तथा फसल अवशेष प्रवन्धन हेतु एन०जी०टी० से सम्बन्धित यंत्रों यथा वेलर, मल्चर, सीडड्रिल, सुपर सीडर आदि यंत्रों के कय हेतु विकास खण्डवार विभागीय पोर्टल पर व्यवस्था है, जिसके माध्यम से कृषक यंत्रों हेतु टोकन युक करने एवं यंत्र कय करने के उपरान्त अनुदान हेतु विल बाउचर



कृषि भवन फतेहपुर में उपलब्ध कराना होगा। इसके अतिरिक्त उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि धान की कटाई के बाद पराली जलाने की घटनायें न हो सकें इसके लिए जिला और तहसील स्तर पर टीम गठित की गयी है। साथ ही ब्लाक स्तर पर सचल दस्ते बनाए गए हैं। कहीं भी पराली जलाने की घटनायें होने पर सेटेलाइट द्वारा जानकारी प्राप्त हो जाती है। अवगत कराया गया कि पराली जलाने से प्रदूषण बढता है इसे रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टीम में मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में टीम गठित की गयी है। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी और सी०ओ० का नेतृत्व करेंगे। ब्लाक स्तर पर बने सचल दस्ते में बीडीओ और नायब तहसीलदार को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। ब्लाक स्तर पर सभी लेखपाल और प्रधानों का एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जायेगा, कहीं भी घटना होने पर इसकी सूचना ग्रुप पर दी जायेगी। सचल दस्ते की जिम्मेदारी होगी कि प्रतिदिन की रिपोर्ट जिला स्तरीय टीम को दी जायेगी। पराली / फसल अवशेष जलाने पर 2 एकड से कम भूमि वाले किसानों से रू0 2500/- का जुमार्ना प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ भूमि वाले किसानों से रू0 5000/- का जुमार्ना प्रति घटना एवं 5 एकड से अधिक भूमि वाले किसानों से रू0 15000/- का जुमार्ना प्रति घटना / दण्ड का प्राविधान है। इनके द्वारा यह भी बताया गया कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर भी दिनाँक 19-09-2023 से 23-09-2023 तक फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु कृषक जागरूकता कार्यकम आयोजित कराये जा रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र थरियाँव से उपस्थित डा० जितेन्द्र सिंह वैज्ञानिक द्वारा वर्तमान में धान की फसल की सामयिक जानकारी तथा माह अक्टूबर में बोयी जाने वाली तिलहनी फसलों की नवीनतम कृषि तकनीकी जानकारी दी गयी। उनके द्वारा फसल चक के आधार पर ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी और फसल अवशेष खेत में जलाने से खेत की भौतिक, रसायनिक व जैविक दशा खराब हो जाती है और खेत की मिट्टी में मिलाने से खेत की दशा अच्छी और उपाजाऊ होती है। उनके द्वारा बताया गया कि यदि किसान संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करेंगे तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति सही रहेगी। अन्य विभागों से उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी दी गयी और कृषकों से अपील की गयी कि फसलों के अवशेष न जलाकर उनको खेत में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढाने के लिए खाद तैयार करें तथा प्रदूषण को रोकने में सहायोग प्रदान करने हेतु जागरूक किया।
प्रगतिशील कृषक लोकनाथ पाण्डेय, नरसिंह पटेल, बजरंग सिंह आदि सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों की उपस्थिति रही। उप कृषि निदेशक फतेहपुर द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु जनपद स्तरीय जागरूकता कृषक गोष्ठी में उपस्थित अतिथियों, कृषक बन्धुओं एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यकम का समापन किया गया।

# अपूर्वा पाली क्लीनिक को मिला है भ्रूण हत्या का रजिस्ट्रेशन

## *अनट्रेंड स्टाप कर रहा मरीजों का इलाज*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर जनपद में शहर और कस्बों से लेकर गांव गलियारों तक फैले जगह जगह बिना पंजीयन और बिना डॉक्टर के चल रहे मानक विहीन हॉस्पिटल नर्सिंग होम पाली क्लीनिक और पैथो लॉजी की भरमार है जहां मारीजो के जिन्दगी से खिलवाड़ तो किया ही जा रहा है और साथ ही इलाज के नाम पर मरीजों की जेब भी खाली की जा रही है जगह जगह कुकुर मुत्ते की तरह खुले इन हॉस्पिटलों में क्या किसी जिम्मेदार की नजर नही पड़ती या फिर जानबूझ कर अनदेखा कर इनको बढ़ावा दिया जा रहा है और मरीजों के जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है जहा कई बार मरीजों को अपनी जान भी गवाना पड़ा है और इसकी जानकारी शासन प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ स्वास्थ विभाग के लोगों को भी भली भांति मालूम है? लेकिन फिर भी स्वास्थ विभाग इन मुन्ना भाइयों के ऊपर चुप्पी साधे हुए है और इनको बढ़ावा दे रहा है *ऐसा ही एक मामला कुछ दिनों पहले लोधी गंज स्थित मां हॉस्पिटल में देखने को मिला था जहा मां हॉस्पिटल की संचालिका अशोक कुमारी के द्वारा एक प्रसव कराने पर महिला की मौत हो गई और तीमारदारों ने हॉस्पिटल में जम कर हंगामा काटा तब प्रशासन और स्वास्थ विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर मां हॉस्पिटल को सीज कर दिया और अशोक कुमारी को पुलिस





कस्टडी में दे दिया गया लेकिन दो तीन माह बाद अशोक कुमारी ने लोधी गंज से अपना बोरिया बिस्तर बांध कर बिंदकी बस स्टॉप में फिर से हॉस्पिटल का नाम बदल कर काव्या नर्सिंग होम के नाम से खोल कर अपनी दुकान सजा दी और चोरी छिपे अवैध तरीके से मरीजों को बहला फुसलाकर उनकी जेब में डाका डालती रही जहा कुछ आशा बहुओं और दलालों के साठ गांठ से रोजाना लीगल और अनलिगल केसों का अंजाम दिया जाने लगा जब इसकी भनक कुछ मीडिया वालों के कानों तक पहुंची तो मीडिया वालों ने फिर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और स्वास्थ विभाग की टीम मौके पर पहुंच पुनः काव्या नर्सिंग होम को फिर सीज कर दिया अस्पताल सीज होने से अवैध कार्यों में लिप्त अशोक कुमारी के ऊपर मानो पहाड़ टूट पड़ा हो अशोक कुमारी एक बार फिर बौखला गई और अपना नर्सिंग होम खुलवाने के लिए इधर उधर और सीएमओ आफिस के चक्कर लगाने लगी और अपने मरीजों को इधर उधर के हॉस्पिटलों में भर्ती कर अपना हाथ साफ करती रहीं दो तीन माह के बाद स्वास्थ विभाग फिर अशोक कुमारी के ऊपर मेहरबान हो गया और चोरी के कागजों पर खाना पूर्ति कर न्यू रजिस्ट्रेशन नंबर जारी कर दिया गया और नर्सिंग होम का पुनः नाम बदल कर काव्या नर्सिंग होम की जगह अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया गया है जहां डॉक्टर तो दूर कोई ट्रेंड स्टॉप तक आपको मौके पर नही मिलेगा अनट्रेंड स्टाप मरीजों के जिन्दगी के साथ खिवाड़ करता है और रोजाना आयदिन भ्रूण हत्या जैसी घिनौनी हरकतों का इल्जाम दिया जाता है और भोली भाली महिलाओं की जेब में डाका डाला जाता है अब एक बात समझ में ये नही आता है कि सीएमओ साहब अपूर्वा पाली क्लीनिक को इलाज का रजिस्ट्रेशन नंबर जारी किया है या फिर भ्रूण हत्या का!??

# हापुड़ की घटना को लेकर बांसी के अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**
सिद्धार्थनगर। हापुड़ जिले की घटना से क्षुब्द जिले के बांसी में अधिवत्ताओ का धरना प्रदर्शन जारी है। जिसके कम्र में बीते बुधवार को अधिवक्ताओं ने मोटर साइकिल रैली निकाल कर धरना प्रदर्शन किया और अधिवक्ता प्रोटक्शन बिल की मांग करते हुए हापुड़ कांड के दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कारवाही की मांग किया है। बताते चलें कि अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय से उप जिलाधिकारी के कार्यलय तक किया। धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ जोर शोर से नारे लगाते रहे। बांसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी बल्केश्वर त्रिपाठी एवं




रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश धर द्विवेदी के नेतृत्व में निकल गया मोटरसाइकिल रैली। वहीं मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता गढ़ भी उपस्थित रहे जिसमें। श्री प्रकाश लाल श्रीवास्तव शिवकुमार लाल श्रीवास्तव रामकृपाल मौर्य राधे मोहन शर्मा बरखू प्रसाद रविंद्र श्रीवास्तव, सत्य नारायण लाल श्रीवास्तव, अशोक कुमार पाण्डेय प्रवीण कुमार सिंह गुलाब सिंह भृगु नारायण मिश्र ,अखिलेश श्रीवास्तव अमन श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव गंगा प्रसाद यादव ईमरान खान सिद्धेश्वर लाल श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा शेष दत्त पांडे नितेंद्र उपाध्याय, अमिताभ सिंह गौरव सिंह विनोद कुमार सिंह शंभू नाथ भट्ट अमरनाथ सिंह बदरे आलम आदि वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर बृद्ध की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर। जिले की खागा कोतवाली क्षेत्र के छीमी गाँव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के माझर खुर्द गाँव निवासी स्व. रघुनाथ का 60 वर्षीय पुत्र माधो लाल बीती शाम कोतवाली क्षेत्र के कोराई गांव अपनी बहन इंद्रा वती के घर पैदल जा रहा था। जब वह छीमी गाँव के समीप रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी उसी समय ट्रेन आ गई और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भतीजे गोरे लाल ने घटना की जानकारी दिया।

# सामुदायिक शौचालय बदहाल, जिम्मेदार उदासीन, ग्रामीण परेशान

## *सरकार के सपनों को तार तार कर रहे हैं जिम्मेदार*

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**
सिद्धार्थनगर। मोदी और योगी सरकार महिलाओं को खुले में शौचालय जाने की पीड़ा को देखकर प्रत्येक ग्राम सभा में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण लाखों रुपए खर्चकर बनवाती है। मगर जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार के आगे यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। ताजा मामला डुमरियागंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत परसा का है जहां पर महिलाए आज भी शौच के लिए खुले में जाने को मजबूर हैं। यहां पर पूर्व प्रधान के कार्यकाल में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया शौचालय बना मगर अपूर्ण है। क्योंकि शौचालय में पानी की



टंकी ही नदारद है। वहीं पानी भरने के लिए कोई नल तक नहीं है यहां तक कि शौचालय तक पहुंचने के लिए रास्ता भी नहीं है। गांव के लोगों ने कई बार आवाज उठाई मगर नतीजा शून्य ही रहा। आज भी महिलाएं खुले में शौचालय जाने की जलालत झेल रही हैं। मगर इस पर जिम्मेदार कब निगाह करेंगे पता नही, अहम सवाल यह है कि अपूर्ण शौचालय का पेमेंट कैसे हुआ। किसकी जिम्मेदारी है। सूत्रों के अनुसार लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों को अच्छी तरह से मालूम है कि योगी शासनकाल में लापरवाही उजागर होने पर गाज गिरनी तय हैं। इसके बावजूद भी लापरवाहियों की कानों में जूं तक ना रेंगना जन चर्चा बना हुआ है। सबसे अफसोस की बात यह है कि जब जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इसी तरह से शासन की मंशा के बाद भी लापरवाही करेंगे तो स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत मिशन का सपना कैसे साकार हो सकता है। इस सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी डुमारियागंज से वार्ता किया गया तो वे बात को घुमाते रहे और सटीक जानकारी देने की बजाय कतराने लगे। वहीं यह कहावत स्टीक बैठती है कि संईया भयें कोतवाल तो डर काहे का, खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज का यह उदासीन रवैया भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का अच्छा खासा प्रमाण है।

## पत्थलगडा प्रखण्ड में पांच दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड) 20 सितम्बर 2023:-जिले के पत्थलगड्डा प्रखण्ड के श्री सार्वजनिक गणपति पूजा समिति बरवाडीह, पूजा समिति नावाडीह, सिंघानी, नोनगांव व मनोरंजन क्लब तेतरिया के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिला व युवतीयों ने भाग लीया। कार्यक्रम का मुख्यअतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी व मुख्यालय डीएसपी केदार राम, बीडीओ मोनी कुमारी ने नावाडीह व बरवाडीह में कलश यात्रा का शुभारंभ किया। साथ ही कलश यात्रा में भक्तों के साथ झूम उठे। वही पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल का निर्माण कर



भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। महोत्सव 19 से 23 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान भगवान गणेश के दर्शन को लेकर भक्तों का दिन भर पंडाल में तांता लगा रहा। इस दौरान कई पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर, विहिप नेता आशीष दांगी, मुकेश दांगी, उप प्रमुख संगीता कुमारी, मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, पूर्व मुखिया सोनमती देवी, मेघन दांगी, पूर्व पंसस राजेश दांगी, समाजसेवी रामचन्द्र दांगी समेत कई शामिल थे।

## बेलगड़िया टाउनशिप में मासस नेत्री सीमा देवी के नेतृत्व में जेआरडीए और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन।

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बलियापुर,: खराब सड़के, बिजली, पानी, स्वास्थ की लचर व्यवस्था के खिलाफ बेलगड़िया टाउनशिप में मासस महिला नेत्री सीमा देवी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया। जेआरडीए और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी किया, महिला नेत्री सीमा देवी ने बताया कि कैसे बीसीसीएल और जेआरडीए ने हजारों लोगों को झूठा अस्वासन देकर यहां बसाया है और यहां पर न ही सही ढंग से बिजली पानी हमें मिलता है और न ही स्वास्थ और सड़क की अच्छी व्यवस्था है। प्रबंधन यदि हमें नजरंदाज करेगी तो आने वाले समय में बृहद आन्दोलन होगा और हम सड़क पर धरना में उतरने को बाध्य होंगे। अभी वर्तमान में गणेश चतुर्थी मनाया जा रहा है लोग दूर दूर से पूजा अर्चना करने यहां आ रहे हैं ऐसे में सड़क की दुर्दशा से लोग चोटिल हो रहे हैं



जिसमें लोगों को काफी आक्रोश है, कुछ दिन में ही दुर्गा पूजा तथा छठ पूजा होने वाली है सड़क की स्थिति काफी भयावक हो चुकी है और पूरे कॉलोनी में सिर्फ एक ही छठ तालाब मौजूद है जिसमें ना साफ सफाई है और ना पानी का व्यवस्था है ऐसे में जेआरडीए तथा बीसीसीएल प्रबंधन को ध्यान देना चाहिए ताकि लोग अपने त्योहार को अच्छा से मना सके। बेलगड़िया टाउनशिप तीनों फेज में लगभग दस हजार से ज्यादा लोग शिफ्ट हो चुके हैं, यहां न बिजली की सुविधा है और न ही पानी की पुलिस पेट्रोलिंग टीम भी रात्रि में गस्ति नहीं करती जिसके कारण चोर ट्रांसफर्मर को चोरी कर ले जाते है। लोगों की मांग है कि यहां एक स्थाई ओपी बने और स्वास्थ केंद्र में डाक्टर मुहैया कराएं। मौके परआमोद बाउरी,शांति देवी, गीता देवी ,शोभा देवी, मीना देवी, दीपक ,रूबी देवी ,गुड्डू ठाकुर, आफताब अंसारी ,रिजवान अंसारी, दुखी, राजू, राधा देवी, सरोज देवी, बजरंगी ठाकुर, अटरिया देवी तथा बेलगरिया के अनेक महिला एवं पुरुष मौजूद थे

## कबीर ज्ञान मंदिर में मां के ज्ञान जन्म दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन 505 यूनिट किया गया ब्लड संग्रह

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)20 सितंबर 2023 :- गिरिडीह के सिहोडीह सिरसिया स्थित कबीर ज्ञान मंदिर आश्रम में सद्गुरु मां का ज्ञान जन्म महोत्सव रक्तदान शिविर लगाकर मनाया गया , इस दौरान रक्तदान शिविर में डीसी नमन प्रियेस लकड़ा , और सदर विधायक सुदीप कुमार सोनू , मुकेश रंजन सिंह , कांग्रेस अध्यक्ष धनंजय सिंह , रेड क्रॉस के अध्यक्ष मदन विश्वकर्मा , पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार , माहुरी समाज महामंडल के सचिव उमाशंकर चरण पहाड़ी , डॉक्टर विकास कुमार माथुर , डॉ रितेश सिंह , और ब्लड बैंक के चिकित्सक डॉक्टर सोहेल अख्तर , भी मौजूद थे इस दौरान सबों ने पहले मां ज्ञान का आशीर्वाद लिया । और आश्रम परिसर में लगे रक्तदान शिविर की शुरूआत की आश्रम के स्वयंसेवक समेत काफी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया दोपहर 12:00 बजे से शुरू हुआ रक्तदान का दौर शाम 6:00 बजे तक जारी रहा , लिहाजा इतने बड़े पैमाने पर रक्त देवताओं के ब्लड जांच के लिए गिरिडीह ब्लड बैंक



समेत धनबाद और जालान हॉस्पिटल के टेक्नीशियन को भी रक्तदाताओं के ब्लड जांच के लिए बुलाना पड़ा , इस दिन एक दिन में ही पूरे गिरिडीह जिले में सबसे अधिक 505 यूनिट रक्तदान कर कबीर ज्ञान मंदिर अब तक पहले स्थान पर रही कबीर ज्ञान मंदिर के रक्तदाताओं का उत्साह देखा डीसी ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह इस जिले के लिए शुभ संकेत है इतने बड़े संख्या में रक्तदाताओं ने मां ज्ञान के जन्मदिवस पर रक्तदान किया है मौके पर मां ज्ञान ने कहा कि सनातन धर्म मनुष्य समाज का ऋणी होता है और नर सेवा को नारायण सेवा का दर्जा सनातन धर्म में पहले से हासिल है मानव सेवा से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है इस शिविर को सफल बनाने में आश्रम के स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

## नीमडीह स्टेशन पर सुबह 11 बजे तक रेल परिचालन सामान्य, रास्ते में ही रोके गए आंदोलनकारी

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 20 सितंबर 2023 : कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने और प्रकृति धर्म कोड लागू करने की मांग पर आदिवासी कुड़मी समाज अनिश्चितकालीन रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। आंदोलन के पहले दिन बुधवार को नीमडीह स्टेशन पर सुबह से आंदोलन का कोई असर नहीं देखा गया। ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन सामान्य है। स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। रेलवे पुलिस के अलावा जीआरपी, आरपीएफ व जिला पुलिस के जवान महिला बल के साथ मुश्तैद है। बुधवार को सुबह से हावड़ा-चक्रधरपुर, हटिया-टाटा, चक्रधरपुर-गोमो, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, टाटा-आरा एक्सप्रेस, झाडग्राम-पुरुलिया पैसेंजर, रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई अन्य यात्री और मलबहक ट्रेनों का आवागमन सामान्य रूप से हो चुका है। अनिश्चितकालीन रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन झारखंड के नीमडीह, घाघरा, मुरी व गोमो रेलवे स्टेशन पर आहूत की गई है। आंदोलन को लेकर कुड़मी समाज के लोग मंगलवार शाम से ही जुटने लगे थे। बुधवार सुबह से रूक-



रूककर हो रही बारिश ने आंदोलन में खलल डालने का काम किया। बारिश के कारण लोगों का जुटान अपेक्षाकृत कम देखा जा रहा है। वैसे रघुनाथपुर से नीमडीह स्टेशन और पटमदा की ओर से नीमडीह स्टेशन पहुंचने वाली सड़क पर कुड़मी समाज के आंदोलनकारियों को पुलिस रोककर रखी है। सड़क के दोनों छोर पर महिला व बच्चों के साथ हर उम्र के लोग जुटे है।

**दंडाधिकारी आंदोलन कारियों को समझाने का कर रहे हैं प्रयास**

दंडाधिकारी नीमडीह के सीओ सह बीडीओ संजय कुमार पांडे आंदोलन कारियों को ध्वनियंत्र के माध्यम से अनाउंस कर आंदोलन को स्थगित करने हेतु समझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन न करें। कानून का उल्लंघन करने पर मामला दर्ज किया जायेगा।

**जिद पर अड़े हैं आंदोलनकारी**

नीमडीह स्टेशन के सामने स्थित फाटक से दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क के दोनों ओर आंदोलनकारियों को पुलिस रोककर रखी है। पुलिस-प्रशासन सभी आंदोलनकारी को यह समझाने का प्रयास कर रही है कि नीमडीह स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू किया गया है। ऐसे में स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में मजमा लगना कानून का उल्लंघन करना है। वही आंदोलनकारी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रेल टेका डहर छेंका आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने की जिद पर अड़े हुए हैं। दिन के 11 बजे तक पुलिस आंदोलनकारियों को रेलवे स्टेशन और रेलवे ट्रैक के किनारे तक भी पहुंचने नहीं दी है।

## दुलमी गांव में रंगारंग गणेश पूजा के अवसर पर "Wiket गेम" का आयोजन

**शेखर सुमन, ईचागढ़, सराईकेला**

ईचागढ़ - कुकडू प्रखंड के ओड़िया पंचायत के दुलमी गांव में श्री गणेश पूजा के शुभ अवसर पर एक अद्वितीय और मनोरंजन से भरपूर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का नाम था "Wiket गेम," और इसका उद्घाटन कमिटी के अध्यक्ष, गौरंगो दत्ता ने सम्पन्न किया। इस अद्वितीय प्रतियोगिता में गौरंगो दत्ता सहित कई स्थानीय व्यक्तियां और समाजसेवी रोहित दे भी भाग लिये। गौरांगो दत्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता दुलमी गांव में पहले भी 10 साल पहले होती थी, और आज 10 साल के इंतजार के बाद फिर से हुई है। वे और समाजसेवी रोहित दे ने मिलकर बताया कि आने वाले साल में भी इस प्रतियोगिता को और भी बढ़िया तरीके से आयोजित किया जायेगा। यह प्रतियोगिता न केवल मनोरंजन प्रदान करती है, बल्कि यहां के क्रिकेटर बच्चों को भी खुशियों से भर देती है। इस अद्वितीय गणेश पूजा महोत्सव के तहत, "Wiket गेम" ने गांव के लोगों को साथ लाने और एक-दूसरे के साथ एक रंगारंग मनोरंजन का आनंद लेने का मौका प्रदान किया।

यह प्रतियोगिता गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे एक अद्वितीय गणेश पूजा महोत्सव का हिस्सा बनाया। यह आयोजन नागरिकों के बीच आपसी समरसता और एकता की भावना को बढ़ावा देता है, और दुलमी गांव के लोग इसे आने वाले सालों में और भी अच्छे तरीके से मनाएंगे।

## समर्पण एक नेक पहल संस्था के बोकारो ज़िला अध्यक्ष बिनोद चौहान के पहल पर गंभीर मरीज को तत्काल रक्त उपलब्ध कराई गई '

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर रक्त की अत्यंत कमी से गुजर रही 48 वर्षीय महिला को तत्काल एक यूनिट ए.बी पोजिटिव(AB□) रक्त उपलब्ध कराई गई, दिनाँक 18/09/2023 दिन सोमवार को संस्था को सूचना प्राप्त हुई बोकारो के.एम मेमोरियल अस्पताल में भर्ती 48 वर्षीय मरीज सरस्वती देवी जी को तत्काल एक यूनिट ए.बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं कृपया इनकी मदद करें सूचना प्राप्त होते ही संस्था के बोकारो जिला अध्यक्ष बिनोद चौहान ने बिना समय गंवाए के.एम मेमोरियल ब्लड बैंक प्रबंधक बोकारो से बात कर मरीज सरस्वती देवी के लिए तत्काल ए.बी पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह किया और इसके कुछ ही देर के बाद ब्लड बैंक द्वारा मरीज को रक्त प्रदान कर दी गई, बिनोद चौहान ने समाज के प्रति अपनी निस्वार्थ सेवा भाव का परिचय देते हुए अब तक हजारो हजार लोगों का जीवन बचाने का कार्य किया हैं और जन कल्याण के ऐसे कई कार्य हैं जो इनके द्वारा प्रत्येक दिन किए जा रहे हैं '

## निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में अनिश्चितकाल धरना शुरू

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद और झरिया शहरी क्षेत्र के बैठायीगय सहिया साथी को काम में योगदान सहिया का कोविड -19 का भुगतान एवं अन्य मांगों को लेकर सहिया,सहिया साथी प्रशिक्षक संघ के बैनर तले सहिया और सहिया साथी सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ की जिसका नेतृत्व निरसा क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी कर रहे है। साथ ही नेतृत्व कर रही रेखा भट्ट और सुनीता देवी ने बताई की 6 साल पहले वर्ष 17 में शहरी क्षेत्र का हवाला देकर इन लोगों को बैठा दिया गया इसके बाद काफी संघर्ष करने के बाद शहरी सहिया साथी को वापस लेने का पत्र आया पूर्व विधायक अरुप चटर्जी के नेतृत्व में लड़ाई के बाद 4 महीने से लेटर आया हुआ है धनबाद के विभागीय लोग इसको दबा कर रख दिए है यहां के कुछ कतिपय अधिकारी रांची का



हवाला देकर जॉइनिंग नहीं करने दे रहे हैं पूर्व विधायक अरुप चटर्जी की वार्ता सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन से वार्ता हुई लेकिन बात नहीं बनी सिविल सर्जन ने भी मना की यहां के कुछ अधिकारी के कारण यह मामला फंस गया है हम गुरुवार को रांची जाएंगे और इस मामले पर बात करेंगे इसके अलावा सहिया का कोविड-19 का पैसा जो बकाया है उसका भी भुगतान नहीं हो रहा है उसे जल्द से जल्द भुगतान करने की बात कही गई नहीं तो आंदोलन करने का चेतावनी दी गई। मौके पर रूपा सिंहा ,मधुमति सिंह ,कविता देवी, राखी देवी, बबीता देवी, किरण देवी ,यमुना मेहता, ममता मंजरी, आदि

## झारखंड पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से मिले प्रतिनिधि

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 2023 :- झारखंड पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से मिल कर बिष्णुगढ़ प्रखण्ड के प्रतिनिधिमण्डल में प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अन्सारी विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो ,बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल सोरेन , ने पांचायत में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ प्रखण्ड में चार कोल्ड स्टोर बनाने की मांग किया! मुखिया उत्तम महतो ने पांचायत सुदृढीकरण कि राशी खर्च की जानकारी लिया मैडम ने साफ शब्दों में कही की मुखिया इस राशि



को खर्च करने के लिए स्वतंत्र हैं सिर्फ वित्तीय नियम का पालन करना है । आगे मैम ने कही पंचायत के प्रतिनिधि अपना अधिकार का प्रयोग स्वतंत्रा पूर्वक करें। त्रीस्तरिय पंचायति राज व्यवस्था में सभी का अपना अपना क्षेत्राधिकार है पंचायत को सक्रीय बनाने पर विभाग प्रयासरत है मुखिया मासिक प्रतिवेदन गूगल फार्मेट में प्रत्येक महीना दें । प्रतिनिधिओं ने निदेश्क को किसानों के हित में कोल्ड स्टोर निर्माण कराने के लिए मांग पत्र सौंपा।

## सरिया में भाइयों के आपसी विवाद पर एक भाई ने दूसरे को पेट्रोल छिड़क कर लगाया आग हालत गंभीर

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड )20 सितंबर 2023 :- सरिया थाना क्षेत्र के कोईरीडिह गांव में पुराने विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई को पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया । आग लगने से जख्मी विजय राम की हालत गंभीर बनी हुई है घायल का इलाज धनबाद के प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है घटना की सूचना मिलने पर सरिया थाना प्रभारी अनीष पांडे भी घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं फिलहाल घटना का कारण सामने नहीं आया है थाना प्रभारी की माने तो जख्मी




विजय राम के परिवार वालों की ओर से अब तक कोई आवेदन नहीं आया है ।जानकारी के अनुसार पुराने विवाद को लेकर सरिया के कोईरीडिह गांव में अजय राम का अपने सगे भाई विजय राम के साथ विवाद हुआ है इसके बाद गुस्साआए अजय राम ने विजय राम पर पेट्रोल छिड़क कर माचिस मार दिया , जिससे विजय राम पुरी तरह से झुलस गया घटना के बाद उसे सुबह में ही परिजन बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले गए जहां विजय राम की हालत गंभीर बनी हुई है।

## आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा आहूत रेल टेका झ्र डहर छेंका आंदोलन के दौरान पुलिस ने किया लाठी चार्ज तो आंदोलनकारियों ने चलाया पत्थर

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलः तीन सूत्री मांगों को लेकर आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा आहूत रेल टेका झ्र डहर छेंका आंदोलन के दौरान बुधवार को नीमडीह स्टेशन के समीप भगदड़ मच गई. पुलिस आंदोलनकारियों को रेलवे ट्रैक पर जाने नहीं दे रही थी. दूसरी ओर आंदोलनकारी ट्रैक पर जाने के लिए अड़ गए. वे पुलिस का घेरा तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे. आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया. इससे वहां भगदड़ मच गई. पुलिस की लाठी चार्ज करने के विरोध में आंदोलनकारियों ने भी पथराव शुरू कर दिया. इससे दोनों ओर से लोग घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए रघुनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह भेज दिया गया है. फिलहाल स्थिति सामान्य है और रघुनाथपुर-सामानपुर सड़क पर नीमडीह स्टेशन के दोनों छोर पर आंदोलनकारी काफी संख्या में जमे हुए हैं।



**नीमडीह के ग्राम प्रधान व एक इंस्पेक्टर घायल**

लाठी चार्ज की घटना में नीमडीह के ग्राम प्रधान श्यामल महतो के पैर पर चोट लगी है। लहूलुहान होने के बाद भी श्यामल महतो अपना इलाज कराने के बाद आंदोलन में डटे हुए हैं. वहीं दूसरी ओर पत्थरबाजी की घटना में आरपीएफ के एक इंस्पेक्टर को पेट में चोट लगी है. लाठी चार्ज और पत्थरबाजी होने के कुछ देर पहले ही चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह आंदोलन स्थल पर पहुंचे थे. वहीं लाठी चार्ज होने की सूचना मिलते ही चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा भी घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए आंदोलनकारियों को बताया कि पूरे क्षेत्र में घारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है. फिलहाल आंदोलनकारी पीछे हटकर एकत्रित हुए हैं।

## आशुतोश मिस्रा पर भ्रष्टाचार का आरोप बेबुनियाद और मनगढंत: ट्रक मालिक

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 20 सितंबर 2023:- जिले के टंडवा में विस्थापित प्रभावित वाहन संघ से जूडे ट्रक मालिकों की एक आपात बैठक बुधवार को बिगलात के मंदिर परिसर में हुई।जिसकी अध्यक्षता बबन कुमार ने किया। बैठक में संघ के निवर्तमान संयोजक आशुतोष मिस्रा और संघ के पदाधिकारियों पर कथित भ्रष्टाचार और दलाली के आरोपों को आमरपाली से जूडे ट्रक मालिकों ने एक सीरे से खारिज करते हुए इसे बेबुनियाद करार दिया है। 18सितम्बर को हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुजीत ने बताया कि वाहन संघ को मजबूत और सुदृढ़ बनाने के लिए संघ को भंग किया गया है। बैठक मे भ्रष्टाचार वसूली और दलाली से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस बैठक में इजहार, सुरज उरांव,अमलेश दास, अरविंद कुमार,राहुल रोहित,बिजय साहू, आशीष चौधरी, कैलाश ,जूगल यादव,हुलाश समेत सौ से अधिक ट्रक मालिकों के हस्ताक्षर हैं।

## निपानिया में ए के राय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

बलियापुर : बलियापुर प्रखंड के निपानिया काशीटाड़ मैदान में दो दिवसीय कामरेड ए क राय मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख आशा देवी ने गेंद को कीक मार कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से भी



परिचय प्राप्त किया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में शिव शक्ति क्लब निपानिया, रघुनाथपुर, रघुनाथपुर, राजा बस्ती, बांधटाड़, मुकुंदा, चलधोवा,सुरूंगा, खिलकनाली, धोबाटाड़, रेहड़ाघुटू, पिपराटाड़, ढांगी, चिरूडीह, पांडेडीह, कुसमाटाड़ सहित कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान उप प्रमुख आशा देवी ने कमिटी की सराहना की और कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण विधा है। इससे हमारे तन मन सबल होती है। आज पढ़ाई के साथ खेल से भी बच्चे अपना कैरियर बना सकते है। मौके पर राजकुमार महतो, रवि महतो, स्वपन कुमार महतो, काशी नाथ मंडल, उत्तम, गौतम, काली, रोहित, धोनी, अमरदीप, संजय, परेश प्रमाणिक, जितेन मंडल, गोपाल महतो, विजय आदि उपस्थित रहे।

## अटका बैंक ऑफ इंडिया शाखा के द्वारा जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक व्यक्ति को लाभ दिया गया

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह(झारखंड)20 सितंबर 2023:- दिनांक 19 सितम्बर को बैंक आफ इंडिया अटका शाखा मे प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक दुलाल मण्डल ग्राम कुदर पोस्ट धरगुल्ली निवासी मृतक उनके




पत्नी लीपा मण्डल को 2 लाख का चेक प्रदान किया गया ।जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित अटका पूर्वी पंचायत के मुखिया श्री संतोष प्रसाद, शाखा प्रबंधक श्री अशोक कुमार, रोहित साव, राजेश कुमार एवं बैंक मित्र से जुड़े रंजीत कुमार पाण्डेय, मनीष कुमार जीतेन्दर ठाकुर के अलावे सैकड़ों खाताधारक मौजूद रहे इस योजना का लाभ मिलने पर परिवार को खुशी ब्यक्त हुवी और शाखा प्रबंधक नें यह भी बताया की 50 साल से कम उम्र वाले सभी यह बीमा करवायें ताकि बिकट परिस्थिति मे अनहोनी की घटना होने पर प्रधान मंत्री बीमा योजना का लाभ मिल सके।

## 40 गोवंश लदे कंटेनर को बगोदर पुलिस ने किया जप्त

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह(झारखंड) 20 सितंबर 2023 :- चालीस गोवंश कंटेनर में पशु तस्करी के लिए ले जा रहे थे। बगोदर थाने की पुलिस ने तस्करों से मुक्त कराने में सफल रहे । बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर थाना पुलिस को यह सफलता हाथ लगी है



जानकारी के अनुसार गोवंश लोड कंटेनर बिहार की ओर से आ रहि थी और बगोदर थाना होते हुए गुजर रही थी इसी दौरान एस पी के निर्देश पर बगोदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने गोवंश लॉर्ड कंटेनर को जीटी रोड के समीप जप्त करने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस गाड़ी देखते ही कंटेनर फरार होने का प्रयास किया, पुलिस के दबीस के बाद जीटी रोड के समीप गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया । हालांकि कंटेनर चालक भागने में सफल रहा बगोदर थाना पुलिस के निर्देश पर 40 गोवंश लोड कंटेनर को पचंबा गौशाला में भेज दिया गया

## कुड़मी आंदोलनकारियों ने आखिर तिल्ला फाटक के पास रेल चक्का किया जाम

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 20 सितंबर 2023 : कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने और प्रकृति धर्म कोड लागू करने की मांग पर आदिवासी कुड़मी समाज अनिश्चितकालीन रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। आंदोलन के पहले दिन बुधवार को सुबह से सरायकेला खरसावां व पूर्वी सिंहभूम जिला के विभिन्न क्षेत्रों से नीमडीह स्टेशन पर आंदोलनकारी जमा होने लगा। स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। रेलवे पुलिस के अलावा जीआरपी, आरपीएफ व जिला पुलिस के जवान महिला बल के साथ मुश्तैद है। बुधवार को सुबह से हावड़ा-चक्रधरपुर, हटिया-टाटा, चक्रधरपुर-गोमो, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, टाटा-आरा एक्सप्रेस, झाडग्राम-पुरुलिया पैसेंजर, रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई अन्य यात्री और मलबहक ट्रेनों का आवागमन सामान्य रूप से हो चुका है। लगभग दोपहर एक बजे आंदोलनकारी का हुजूम रेलवे ट्रैक की ओर जबरन जाने लगा। इस दौरान पुलिस ने आंदोलनकारीयों के उपर लाठीचार्ज कर दिया। आंदोलनकारीयों द्वारा भी जबाव में पत्थरबाजी किया गया। इस झड़प में दोनों तरफ के कई लोग घायल हो गए। जिसमें आर पी एफ के एक एस आई व आंदोलनकारी नीमडीह के ग्राम प्रधान गंभीर रूप से घायल हुए। एस आई को पेट में पत्थर से चोट लगी वहीं पुलिस के लाठी से श्यामल महतो लहूलुहान हो गया।



वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह में इलाज कराया।

**दंडाधिकारी आंदोलन कारियों को समझाने किया प्रयास**

दंडाधिकारी नीमडीह के सीओ सह बीडीओ संजय कुमार पांडे आंदोलन कारियों को ध्वनियंत्र के माध्यम से अनाउंस कर आंदोलन को स्थगित करने हेतु समझाने का प्रयास किया। उन्होंने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन न करें। कानून का उल्लंघन करने पर मामला दर्ज किया जायेगा। लेकिन आंदोलनकारी नहीं माने।

**दोपहर तीन बजे से तिल्ला फाटक के पास रेल ट्रैक किया जाम**

हजारों की संख्या में पहुंचे महिला, पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग आंदोलनकारियों ने निषेधाज्ञा क्षेत्र के बाहर नीमडीह रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूर दोपहर तीन बजे से तिल्ला फाटक के पास रेल ट्रैक जाम किया। इस दौरान रेल ट्रैक के बीच झूमर नाच शुरू किया। आंदोलनकारी झारखंड सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।

